




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 130
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 21 फरवरी, 2024


## मोदी ने जम्मू में एम्स-आईआईएम का उद्घाटन किया, बोले

# पहले जम्मू-कश्मीर से आतंक-अलगाव की खबरें आती थीं, अब विकास हो रहा

- जम्मू कश्मीर के विकास में बड़ी दीवार थी अनुच्छेद 370
- कभी बंदूक, अपहरण, अलगाव से जुड़ी खबरें जम्मू कश्मीर से आती थी
- परिवारवाद के चंगुल से आजाद हुआ जम्मू कश्मीर- पीएम मोदी
- जम्मू-कश्मीर की देश में जय-जयकार होने वाली है- मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू दौरे पर थे। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और कॉमन यूजर फैसिलिटी पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है।

### जम्मू-कश्मीर में दो एम्स बन रहे

- प्रधानमंत्री बोले- 370 जाने के बाद आज मैंने हिम्मत के साथ देशवासियों को कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा को 370 दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दीजिए। सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। यहां जो लोग दशकों तक अभाव में जी रहे थे, उन्हें भी आज सरकार के होने के एहसास हुआ है। आज देखिए, गांव-गांव एक नई राजनीति की लहर चल पड़ी है। भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण के खिलाफ नौजवानों ने बिगुल फूंक दिया है। हर नौजवान अपना भविष्य खुद लिखने के लिए निकल पड़ा है। जहां पर बंद और हड़ताल का सन्नाटा रहता था, वहां जिंदगी की चहल-पहल दिख रही है। पहले की सरकारों ने यहां रहने वाले हमारे फौजी भाइयों तक का सम्मान नहीं किया।
- पहले की सरकारी वन रैंक-वन पेंशन भाजपा ने लागू किया। जम्मू के ही पूर्व सैनिकों को 1600 करोड़ से ज्यादा मिला। जब सरकार संवेदनशील और आपकी भावनाएं समझने वाली हो तो ऐसी ही तेज गति से काम करती है। जम्मू-कश्मीर के सामान्य जन को भरोसा मिला है। मोदी ने कहा कि आज हम एक नया जम्मू-कश्मीर बनते हुए देख रहे हैं। प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार 370 की थी। आर्टिकल 370 को भाजपा की सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू-कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है। मैंने सुना है कि इसी हफ्ते ये 370 को लेकर कोई फिल्म आने वाली है। मुझे लगता है कि देश में आपकी जय-जयकार होने वाली है।
- मोदी ने कहा कि एक टाइम था, स्कूल जलाए जाते थे, एक आज का वक्त है स्कूल सजाए जाते हैं। आज जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। 2014 से पहले मेडिकल कॉलेज की संख्या सिर्फ 4 थी, आज मेडिकल कॉलेज 12 हो गई है। 2014 में एमबीबीएस की 500 सीटों के मुकाबले 1300 से ज्यादा सीटें हैं। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। इसमें से एक का उद्घाटन करने का मुझे मौका मिला है।




### कश्मीर के लोग जल्द ही ट्रेन से पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे: मोदी

मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है। कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे। जम्मू-कश्मीर को आज पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मिली है। जब देश में वंदे भारत आधुनिक ट्रेन शुरू हुई, इसके शुरुआती रूट में जम्मू-कश्मीर को चुना। माता वैष्णो देवी तक पहुंचना आसान बना दिया। गांव की सड़कें हो या नेशनल हाईवे, चौतरफा काम चल रहा है। ये काम जब पूरा होगा, तब किसानों और टूरिज्म को लाभ होगा। मोदी ने कहा कि आप लोगों ने नमो ड्रोन दीदी के बारे में सुना होगा। मोदी की गारंटी है कि महिलाओं को ड्रोन पायलट बनाया जाएगा। एक महिला को सुन रहा था, कह रही थीं कि साइकिल चलाना नहीं आता था और आज ट्रेनिंग के बाद ड्रोन पायलट बनकर जा रही हूं। इन ड्रोन से खेती-बागवानी में मदद होगी। हजारों स्वसहायता समूहों को लाखों रुपए के ड्रोन दिए जाएंगे।

### मोदी ने वर्चुअली इनका भी उद्घाटन किया...

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के देवप्रयाग (उत्तराखंड) और अगरतला (त्रिपुरा) के 2 कैंपस शामिल हैं।
- केंद्रीय विद्यालयों के 20 नए भवन और 13 नए नवोदय विद्यालय भवनों का भी उद्घाटन किया।
- पांच केंद्रीय विद्यालय परिसर, एक नवोदय विद्यालय परिसर और नवोदय विद्यालयों के लिए पांच बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास भी किया।

### जम्मू-कश्मीर में अब 50 नए डिग्री कॉलेज

मोदी ने कहा कि 10 साल पहले तक शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में इस स्तर पर सोचना भी मुश्किल था, लेकिन ये नया भारत है। ये भारत अपनी पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा खर्च करता है। 10 साल में देश में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी निर्माण हुआ है। जम्मू-कश्मीर में ही करीब 50 नए डिग्री कॉलेज बनाए जा चुके हैं। ऐसे 45 हजार से ज्यादा बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है। ये वो बच्चे हैं, जो पहले स्कूल नहीं जाते थे। मुझे खुशी है कि इन स्कूलों का सबसे ज्यादा फायदा हमारी बेटियों का हुआ है।

### हमारी सरकार शिक्षा, विकास के लिए काम कर रही: मोदी

पीएम ने कहा कि कुछ समय पहले तक यहां उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था। आज जम्मू-कश्मीर शिक्षा और कौशल विकास का बहुत बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। बीते 10 वर्षों में शिक्षा को आधुनिक बनाने का जो मिशन हमारी सरकार ने चलाया है, उसका यहां और विस्तार हो रहा है। 2013 के दिसंबर में जब मैं भाजपा की ललकार रैली में आया था तो इसी मैदान में आपको कुछ गारंटी देकर गया था। पूछा था- जम्मू में आईआईटी और आईआईएम क्यों नहीं बन सकते हैं। अब आईआईटी भी है और आईआईएम भी है। इसलिए लोग कहते हैं कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरा होने की गारंटी।

### युवाओं को परिवारवाद का नुकसान उठाना पड़ता है: मोदी

मोदी ने कहा कि आज यहां सैकड़ों नौजवानों को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उन्हें भी बधाई देता हूं। जम्मू-कश्मीर बहुत दशकों तक परिवारवाद की राजनीति का शिकार रहा है। ऐसा करने वालों ने हमेशा सिर्फ अपना स्वार्थ देखा है, आपके हितों की चिंता नहीं की है। परिवारवाद की राजनीति का सबसे ज्यादा अगर कोई नुकसान उठाता है तो हमारे युवा उठाते हैं। जो सरकारें सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने में जुटी रहती हैं,वो सरकारें अपने राज्य के दूसरे युवाओं का भविष्य ताक पर रख देती हैं। ऐसी परिवारवादी सरकारें युवाओं के लिए योजनाएं बनाने को भी प्राथमिकता नहीं देतीं।



## राज्यों में यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: सीएम

### 8 साल में यूपी की दिशा-दशा बदल गई: पीयूष गोयल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दूसरे दिन एफडीआई कॉन्क्लेव में सीएम योगी ने कहा- यूपी राज्यों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। पिछले 6 से 7 साल में प्रदेश में काफी बदलाव आए हैं। योगी ने कहा, ÷यह एक नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, या कहें विकसित भारत का एक विकसित प्रदेश है। बीमारू राज्य की सीढ़ी से उतरकर यूपी ने अनलिमिटेड पोटेंशियल के रूप में अपने को स्थापित किया है।÷ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी पहुंचे।

### यूपी पहला राज्य है जहां अनुमति 6 महीने में मिली

विनको ग्रुप के महेश पांडेय ने कहा, आज के समय में देश 95 बिलियन डॉलर का कच्चा तेल निर्यात करता है। आने वाले दिनों में देश उर्जा आयात की जगह निर्यात करेगा। दूसरे राज्यों में अनुमति लेने में करीब दो से ढाई साल लग जाते थे लेकिन यूपी पहला राज्य है जहां पहली अनुमति हमें 6 महीने में मिली है। हम 2026 से 70 हजार करोड़ रुपए इन्वेस्ट करेंगे।

### योगी जी के नेतृत्व में मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर शिक्षा मिल रही

पीयूष गोयल ने कहा, कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी चिंता ट्रस्ट की होती है। लेकिन निवेशक तभी आता है जब उसे विश्वास हो नेतृत्व पर, व्यवस्था पर और भविष्य पर। सीएम योगी ने 8 साल में यूपी की दिशा और दशा बदल दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 2017 से पहले यूपी में किस प्रकार की कानून व्यवस्था थी हम सभी जानते हैं। अर्थव्यवस्था कमजोर थी। नया निवेश नहीं के बराबर था। किसानों की हालत बहुत कमजोर हो गई थी। इंफ्रास्ट्रक्चर ठप पड़े थे। यहां से लोग बड़े स्तर पर लोग पलायन कर रहे थे। 2017 के बाद जब योगी आदित्यनाथ के हाथ में कमान आई। फिर मोदी जी और योगी जी ने तेजी से विकास किया। योगी जी के नेतृत्व में मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर शिक्षा मिल रही है। आज यूपी के 6 एक्सप्रेस वे देश के कोने-कोने को कनेक्ट करतीं हैं।

### भारत के विकास में सबसे आगे रहेगा यूपी

केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत अगले 30 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होता रहेगा। भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 30 ट्रिलियन डॉलर और जुड़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। उत्तर प्रदेश आज सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे और स्मार्ट औद्योगिक नीतियों में से एक प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश ने 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेश के मामले में मील का पत्थर पार किया है। वास्तव में ये उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो उत्तर प्रदेश का भी प्रतिनिधित्व करते हैं।

## माघ माह की एकादशी पर ब्रज में उमड़ी भीड़

**जन एक्सप्रेस। मथुरा**



मथुरा में माघ माह की एकादशी पर मंगलवार को कान्हा के ब्रज में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह भक्तों ने बांके बिहारी के साथ होली भी खेली। भक्तों ने परिक्रमा भी लगाई। वृंदावन की गलियां राधे-राधे के जयकारों से गूंजती रहीं। मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में सुबह आराध्य के दर्शन के लिए भक्त पहुंचे। यहां ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। प्राचीन केशवदेव मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुरजी के श्रीविग्रह का अभिषेक किया गया। गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग पर भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रुके। परिक्रमा मार्ग दिनभर ठाकुरजी के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। तीर्थनगरी के अन्य मंदिरों में भी भीड़ रही। दिल्ली-हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आए हैं। इससे प्रेम मंदिर तिराहा, विद्यापीठ चौराहा, सौ फुटा रोड एंट्री प्वाइंट और अटल्ला समेत कई मार्ग पर जाम के हालात रहे। इधर, गिरिराजजी के जयकारों से तलहटी गूंज उठी। हजारों भक्तों ने परिक्रमा लगाई। आधी रात से ही भक्तों ने दानघाटी मंदिर में गिरिराजजी का दुग्धाभिषेक कर परिक्रमा लगाना शुरू कर दिया। दिन में भीड़ और बढ़ गई। भक्तों की भीड़ से गिरिराज तलहटी भक्ति के सागर में डूब गई। भीड़ के आगे प्रशासन की व्यवस्थाएं ध्वस्थ रहीं। परिक्रमा मार्ग पर वाहनों के प्रवेश से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## स्वामी प्रसाद ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और एमएलसी पद से दिया इस्तीफा, बोले, अपनी पार्टी के लिए काम करूंगा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



सपा से नाराज चल रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही विधान परिषद सदस्य के पद से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में कहा कि 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहा हूं। स्वामी प्रसाद ने विधान परिषद के सभापित को पत्र में लिखा कि मैं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में विधानसभा, उत्तर प्रदेश निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य, विधान परिषद उत्तर प्रदेश निर्वाचित हुआ हूं। चूंकि मैंने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है इसलिए नैतिकता के आधार पर विधान परिषद उत्तर प्रदेश की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहा हूं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में स्वामी प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव रास्ते से भटक गए हैं। वो खुद को सेकुलर कहते हैं पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। हमारा उनसे मतभेद है, मनभेद नहीं है। जब भी वह सही रास्ते पर आएंगे। मैं उनका स्वागत करूंगा। मैंने कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ऐसे सेकुलर हैं कि पार्टी कार्यालय में पूजा करवा रहे हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया। सपा वाले पार्टी कार्यालय में पूजा कर रहे है। उन्होंने प्रोफेसर राम गोपाल यादव पर हमलावर होते हुए कहा कि सपा की खटिया खड़ी करने के लिए घर में ही लोग मौजूद हैं। दूसरों की क्या जरूरत है। उनकी भाषा देखिए क्या ये एक राजनीतिक व्यक्ति की भाषा है। उन्होंने कहा कि अब वह खुद की पार्टी का एलान करेंगे और समाज के दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के लिए काम करेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर कहा कि जैसे भी होगा गठबंधन को मजबूत बनाने पर काम करूंगा।


**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** भाजपा 25 फरवरी से देशभर में 'लाभार्थी संपर्क अभियान' शुरू करने जा रही है

# 35 करोड़ लोगों तक पहुंचेगा 'मोदी का प्रणाम'

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

- अभियान के दौरान भाजपा के 30 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता देश के उन 6 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी परिवारों से जुड़े 35 करोड़ से ज्यादा लोगों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करेंगे
- इस अभियान के दौरान पार्टी का खास फोकस उत्तर प्रदेश पर रहेगा



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव की कमान संभाल ली है। रैली और रोड शो से इतर भाजपा काडर को सक्रिय कर दिया है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि %मोदी के प्रणाम% को देश के 35 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंचाएं। इसके लिए भाजपा 25 फरवरी से देशभर में लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। पीएम मोदी के रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक में दिए निर्देशों को धरातल पर कैसे उतारा जाए, इसकी रणनीति तैयार करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने सभी राज्यों के प्रदेश संगठन महासचिवों के साथ बैठक की, जिसमें अगले 100 दिनों का एक्शन प्लान तैयार किया गया। भाजपा 25 फरवरी से देशभर में लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के दौरान भाजपा के 30 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता देश के उन 6 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी परिवारों से जुड़े 35 करोड़ से ज्यादा लोगों के साथ सीधा संपर्क स्थापित कर, उन तक पीएम मोदी के प्रणाम को पहुंचाएंगे और साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री का पत्र भी देंगे। इस अभियान के दौरान पार्टी का खास फोकस उत्तर प्रदेश पर रहेगा। इस अभियान से पहले भी यूपी में पार्टी ने योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया था।

### 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' पर रहेगा विशेष ध्यान

सोमवार की बैठक में फर्स्ट टाइम वोटर्स तक पहुंच कर उन्हें नमो एप से जोड़ने और अपना बूथ, सबसे मजबूत अभियान के साथ-साथ लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जाने वाले तमाम अभियानों के रोड मैप पर भी चर्चा हुई। संगठन में हर स्तर पर बेहतर तालमेल स्थापित कर इन अभियानों को कामयाब बनाने के साथ ही इस बात पर भी चर्चा हुई कि जिन-जिन राज्यों में भाजपा या एनडीए गठबंधन की सरकार है, उन राज्यों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाकर लाभार्थी संपर्क और फर्स्ट टाइम वोटर्स संपर्क सहित सभी अभियानों को शत-प्रतिशत सफल बनाया जाए।

### 100 दिनों तक अपने लिए नए लक्ष्य बनाने और उन्हें प्राप्त करने के लिए जुट जाने का निर्देश

पीएम मोदी ने रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक में समापन भाषण देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से आने वाले 100 दिनों तक अपने लिए नए लक्ष्य बनाने और उन्हें प्राप्त करने के लिए जुट जाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बीते वर्षों में भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ करोड़ों लाभार्थियों को मिला है और पार्टी को हर लाभार्थी तक पहुंचना है। बड़ी बात यह है कि भाजपा की कोशिश है कि लाभार्थियों के साथ-साथ फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ भी संवाद स्थापित किया जाए और लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन इन सभी मतदाताओं को बूथ पर लाकर भाजपा या सहयोगी दलों के चुनाव चिन्ह पर वोट करवाया जाए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पेरोल खत्म होने बाद भी नहीं हाजिर हुये 4 कैदी

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। जेल से पैरोल पर छूटे कैदियों के समय अवधि समाप्त होने के बाद वापस नहीं पहुंचने से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि कोरोना काल में 72 कैदियों को पैरोल पर छोड़ा गया था। जिनमें दो कैदियों की मौत हो गई और 66 कैदी वापस आ गये। जबकि 4 कैदी अभी तक नहीं पहुंचे हैं। पुलिस उन कैदियों की तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार जेल में बंद 72 कैदियों को कोर्ट के आदेश पर सन 2020-21 में पैरोल देकर छोड़ा गया था। बताया जा रहा है कि 72 कैदियों में से दो कैदियों की मौत हो गयी। जबकि 66 कैदी समय अवधि समाप्त होने पर वापस जेल लौट आये है। जबकि 4 कैदियों के वापस न लौटने से जेल प्रशासन में हड़कंप मचा है। जेल प्रशासन ने सबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इसके लिए जानकारी भी मांगी है लेकिन पुलिस को उन चार कैदियों की कोई जानकारी नहीं मिली। बताया जा रहा है कि कैदियों में कानपुर नगर का लाल कुरील जिसे हत्या के प्रयास में तीन साल की सजा मिली थी। वहीं दूसरा कैदी बिहार के किशनगंज थाने का है जिसे जिसे हत्या प्रयास के केस में सात साल की कैद हुई थी। तीसरा कैदी लालू है जो कि बागपत का रहने वाला है जिसे चोरी के मामले में सात साल की कैद हुई थी। इसके साथ ही चैथा कैदी चंद्रपाल है जो कि बांदा का रहने वाला है। जिसको हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। जेल अधीक्षक अकरम खान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित कैदियों के जनपद के एसपी को पत्र लिखकर जानकारी दिया गया। जिसके जवाब में कहा गया है कि चारो कैदी अपने घरों से फरार हैं पुलिस उनकी धड़पकड़ कर रही है।

### गैस लीकेज होने से घर मे लगी आग



जन एक्सप्रेस/फतेहपुर/खागा। नगर पंचायत धाता के देवरी गांव में रमेश पाल पुत्र राम कुमार पाल की पत्नी ऊषा देवी शाम को अपने मायके देवी जी की पूजा के लिए चली गयी। लड़की सोनी पाल घर आई हुई थी। जो रात में अपने बच्चे को दवा पिलाने के लिए पानी गर्म करने गई। उसने जैसे ही गैस आन करके आग लगाई गैस पहले से लिकेज होने की वजह से आग तेजी से जली सोनी झुलस गई। वह बाहर की तरफ भागी लेकिन बगल में लकड़ी रखी होने के कारण आग लकड़ी में पकड़ लिया। जब तक वह शोर मचाते आग भयंकर रूप ले चुकी थी। शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हुए बाल्टी डिब्बा में पानी लेकर भागे समरसेबल भी चलाए गये। सूचना पर फायर की गाड़ी पहुंची तो गांव के लोगों ने आग पर काबू पा लिया था लेकिन रमेश पाल के घर का सारा सामान लकड़ी, बर्तन, कपड़ा चारपाई जल कर खाक हो गया। घर में बधीं चार बकरिया भी जल कर मर गई। रमेश पाल ने बताया कि घर का सारा सामान जल गया।

### पूर्व मंत्री व दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक के निधन पर दिव्यांगों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। विकास भवन के समीप स्थित शिव मंदिर प्रांगण में दिव्यांगों ने शोकसभा का आयोजन कर जहां श्रद्धांजलि दिया। दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोइदुर्रहमान शीबू ने किया। बड़ी संख्या में उपस्थित दिव्यांगजनों ने पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक को श्रद्धांजलि दिया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. जनसेवक ने दिव्यांगों के हित में तमाम कार्य किया। संगठन का निर्माण करके उनकी समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास किया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होने जनहित के कई कार्य भी किये। उनके द्वारा किये गये कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि इस दुख की घड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार के साथ संगठन हमेशा खड़ा रहेगा। इस मौके पर मो. सईद, छेदीलाल, चुन्नीलाल, राजकुमारी, सूरजबली, हनुमान, अंसार अली, धीरज सिंह, राजू, ज्ञानचंद्र, आदि मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/बांदा। पत्नी से विवाद होने के बाद युवक ने कमर के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
अतर्रा थाना क्षेत्र के सदलपुरवा निवासी राकेश (35) पुत्र सियाराम वर्मा ने सोमवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। देर शाम तक जव वह कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनो ने आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नही मिला। पीछे के दरवाजे से झांक कर देखा तो राकेश का शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही परिजनो में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई संतोष ने बताया राकेश पंजाब में रह कर मजदूरी करता था। उसके दो पुत्र दो पुत्रिया है। एक सप्ताह पहले राकेश अपनी पत्नी और दो बेटियो के साथ गांव आया था। किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

### इलाज के दौरान महिला की हुई मौत, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस/बांदा। कोर्ट से सुलह समझौता के बाद ससुराल पहुंची युवती की अचानक बीमार हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने जहर खिलाने का आरोप लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी सरोज (32) पत्नी नीरज कई दिनो से बीमार थी। सोमवार को उसकी अचानक हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मृतका के पति नीरज ने बताया कि तीन साल पहले सरोज ने उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका मामला कोर्ट में चलता रहा। करीब दो माह पहले कोर्ट में समझौता हो गया। सरोज ससुराल में आकर रहने लगी। नीरज का कहना है कि वह छह रोग से गृसित थी। उसका इलाज करवाया गया। लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। उसकी मौत हो गई। वही मृतका के पिता शिवबात निवासी महोखर ने बताया कि ससुराली जनो ने उसकी बेटी का सही ढग से इलाज नही करवाया। आरोप लगाया कि जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### नाली के विवाद में दो पक्षो में मारपीट, चार घायल

जन एक्सप्रेस/बांदा। नाली में गदंगी बहाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षो में लाठी चढक गई। इसमें दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बबेरू कोतवाली के दूल थोक निवासी राजेद्र सोनी पुत्र रामगोपाल सोनी नाली से गंदगी बहाता है। उसके चाचा राजकुमार ने मना किया। इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया। कि दोनो पक्षो में लाठी चटक गई। इसमें एक पक्ष के राजेद्र सोनी (55) इसकी पत्नी हेमलता (50) और दूसरे पक्ष के राजकुमार (60) शिवम (25) घायल हो गए। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

### युवक ने फांसी लगाई, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बुढौली गांव निवासी अम्बिका प्रसाद (17) पुत्र कमलेश मंगलवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खाटूश्याम की यात्रा निकालकर किया गया भंडारा

जन एक्सप्रेस/बांदा। मंगलवार को हनुमान मंदिर अवंती बाई कालु कुआं चैराहे राजपूत समाज द्वारा जलपान और पप्पू शिवहरे द्वारा सेंट मैरी स्कूल के पास चाय नाश्ता और अन्य जगहों पर हुआ स्वागत और जलपान तिन्दवारी रोड स्थित मां पीतांबरा माई मंदिर बांदा में स्थापित खाटू श्यामजी का विशाल मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद समाजसेवी रत्नेश गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया बढ़-चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया। बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल हर माह एकादशी निशान यात्रा जो इस सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु श्याम प्रेमी शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान की व्यवस्था की गई। उसमें उपस्थित खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष मोंटू गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ केके गुप्ता उपाध्यक्ष अमित गुप्ता महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता अध्यक्ष जीतू गुप्ता मंदिर संरक्षण पप्पू शिवहरे सुधीर तिवारी राकेश गुप्ता, मनोज वर्मा, सोहन कुशवाहा, रत्नेश गुप्ता, सचिन गुप्ता आदि रहे। खाटू श्याम सेवा मंडल की महिला अध्यक्ष विमल यादव, महामंत्री शैल गुप्ता, मंत्री रुबी गुप्ता, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष नंदिनी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। तिंदवारी से अमन गुप्ता और उनकी टीम भी उपस्थित रही।

# शान्तिपूर्ण व नकल विहीन सम्पन्न कराएं बोर्ड परीक्षाएं : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं वाहय केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि जनपद में गत वर्षों में भी आप लोगों द्वारा बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न कराई गई हैं। बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षाएं प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से 5:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। जनपद में कुल 42 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल में 14177 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट में 9948 परीक्षार्थी, कुल 24125 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें पांच सचल दल का गठन किया गया है। इसके अलावा केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वॉड भी लगाए गए हैं। साथ ही जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में की गई है, जिसके प्रभारी अधिकारी अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को बनाया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर- 9838593195 है। जिलाधिकारी ने सभी जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों, वाहय केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की टॉप टेन पर यह बोर्ड परीक्षा है। बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराना सभी का दायित्व है। सभी केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट आज की बैठक में प्रतिभाग किए हैं, आप लोगों ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी एवं पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में सकुशल संपन्न कराई है। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर समय से पहुंचकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएंगे। अगर कोई समस्या है तो एक दिन पूर्व ही अवगत कराएंगे। साथ ही परीक्षा के दौरान मुख्यालय पर ही रहे। प्रत्येक दशा में जनपद में बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन, सुचितापूर्ण संपन्न कराना है। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे, डीवीआर सही तरह से चले इसका विशेष ध्यान दें। इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, बैठने की समुचित व्यवस्था कराया जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पूर्व में ही सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण अवश्य कर ले। उन्होंने उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर के अंतर्गत फोटोकॉपी मशीन संचालन भी प्रतिबंधित है। परीक्षा केन्द्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित रहे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है, कहीं पर कोई समस्या नहीं होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि विद्यालयों पर जो चैकीदार नियुक्त है, उनका नाम, मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन केन्द्र व परीक्षा केन्द्रों पर लाने के लिए भी पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने क्षेत्र के थानाध्यक्षों से भी मुख्य प्रश्न पत्र की जिस दिन परीक्षा हो उसको सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल के लिए भी वार्ता करें।

सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज बोर्ड पर्यवेक्षक चित्रकूट बलिराज राम ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों, वाहय केन्द्र व्यवस्थापकों एवं बोर्ड परीक्षा में लगे अधिकारियों से कहा कि जो बोर्ड द्वारा परीक्षा को संपन्न कराने के लिए निर्देशिका दी गई है, उसका अच्छी तरह से अध्ययन अवश्य करें ताकि परीक्षा के दौरान कोई समस्या न हो।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मानिकपुर राम जन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को मानिकपुर के तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं।

## जिला कारागार में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर मंगलवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों को विधिक जानकारियां दी गयी। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने बंदियों की समस्याएं सुनी। उनके खानपान के सम्बन्ध में जानकारी लेने के बाद उन्होंने गरीबों, महिलाओं, अनुसूचित जाति के लोगों एवं किशोरों को मिलने वाली निशुल्क कानूनी मदद के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में बैठने के लिए यहां बंद छात्रों के विषय में आवश्यक पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कारागार में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उप कारापाल रजनीश कुमार सिंह, बृजकिशोरी व डॉ विकास सिंह मौजूद रहे।

## योजना संचालन के बाद से नहीं टलती हैं गरीब परिवार की बेटियों की शादी : अशोक जाटव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को ब्लाक रामनगर के सीपी गौतम डिग्री कॉलिज देऊधा में हुआ। जिसमें 91 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों की शादियां भी धूमधाम से हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना का संचालन शुरू होने के बाद अब गरीब परिवार की बेटियों की शादी धन की कमी के कारण नहीं टलती है। खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह में 98 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। जिसमें 91 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में रामनगर ब्लॉक के 27 जोड़े, मऊ के 35 जोड़े, मानिकपुर ब्लाक के 25 जोड़े तथा मानिकपुर नगर पंचायत के चार जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। वैवाहिक कार्यक्रम को गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी की टीम ने सम्पन्न कराया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन प्रसाद शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, थाना प्रभारी रैपुरा शैलेन्द्र पान्डेय, एडीओ आईएसबी देवकुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### सीआईसी विस्फोट के 2 नामजद आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा सीआईसी में हुये ब्लास्ट की घटना के सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में पंजीकृत विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के नामजद वांछित हर्ष कामदार निवासी राजावडी गार्डन गाट ओवर थाना तिलक नगर ईस्ट मुम्बई व पंकज जाट निवासी चैहरी पार्क मूसागढी थाना आजाद नगर इंदौर मध्य प्रदेश को विवेचना में पूछताछ एवं साक्ष्यों के क्रम में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक अंशुल कुमार, आरक्षी नीतू द्विवेदी, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने किया स्काई ग्लास ब्रिज का औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को तहसील मानिकपुर अंतर्गत तुलसी जलप्रपात में उत्तर प्रदेश का पहला स्काई ग्लास ब्रिज के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिए कि यहां पर गार्डेन का निर्माण कराया जाए। साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाए। इको टूरिज्म में इसके और कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। स्काई ग्लास ब्रिज का जो निर्माण कार्य अभी अधूरा है, उसको तत्काल सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से पूर्ण कराया जाए। पार्क की अच्छी तरह से साफ सफाई कराए तथा पेड़-पौधे भी लगवाए जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर राम जन्म यादव, रेंजर मोहम्मद नसीम आदि मौजूद रहे।

### प्रवेश पत्र के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

चित्रकूट। बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन पर प्रवेश पत्र के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। विद्यार्थियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पत्र सौंपकर इसकी शिकायत की है। कर्वी निवासी आर्यन पाण्डेय, देववृत्त यादव, हर्षवर्धन सिंह, राहुल निषाद, शिवम, हिमांशु द्विवेदी, संजू पाण्डेय आदि छात्रों ने बताया कि वह लोग अशोक पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। उन लोगों की बोर्ड परीक्षा आगामी 22 फरवरी से शुरू होने जा रही है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों को प्रवेश पत्र देने में परेशान किया जा रहा है। पूरे वर्षभर की फीस जमा होने के बावजूद विलम्ब शुल्क के नाम पर छात्रों से अवैध उगाही की जा रही है।

## चैपाल के जरिए आगामी चुनाव को ताकत देंगे युवा मोर्चा कार्यकर्ता : सुनील

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में आगामी कार्यक्रम युवा चैपाल के निमित्त जिला युवा मोर्चा की कार्यशाला जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। कार्यशाला में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा राजीव त्रिपाठी उपस्थित रहे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि प्रत्येक मंडल में 20-20 गांव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता चैपाल लगाकर आगामी आने वाले 2024 के चुनाव को ताकत देने का काम करेंगे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लोक कल्याणकारी योजनाओं का बूथ-बूथ पर जाकर प्रचार प्रसार करेंगे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो मोहित मिश्रा विकास ने किया। इस मौके पर सुरेश अनुरागी, कैलाश रलिहा, रवि गुप्ता, पुष्पेंद्र द्विवेदी, आदित्य, सुखेंद्र, शिवाकांत पांडेय, हर्ष मिश्रा, राहुल द्विवेदी, रामकिशोर प्रजापति, शैलेंद्र कुमार, लवकुश यादव, धर्मेंद्र त्रिपाठी, किशन अग्रहरी, आदित्य तिवारी, प्रकाश सिंह, नागेंद्र त्रिपाठी, नीलांशू दुबे, ऋषभ शुक्ला, भानु पांडेय, विश्वनाथ प्रताप सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश पांडेय, अंकित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में एडीएम व अपर एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। बांदा



मंगलवार को बबेरू तहसील पर मंगलवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवासी मिश्रा की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया। जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग गांव से कुल 97 लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिसमें ज्यादातर मामले जमीनी विवाद, अवैध कब्जा, पानी व बिजली की समस्या, सड़क की समस्या सहित पुलिस से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें कुल पांच प्रार्थना पत्र का मौके पर अधिकारियों के द्वारा निस्तारण कर दिया गया है। वहीं शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारी को सौंप कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। वहीं समाजसेवी पीसी पटेल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन भी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को सौंप कर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है। जिसमें बताया कि सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत गांव की सड़के खोदकर डाल दी गई हैं। जिससे आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग में वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन को लेकर लाभार्थी फॉर्म को डालते हैं। लेकिन उन फॉर्म का विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। और कई वर्ष बीत जाते हैं, लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर बबेरू उप जिलाधिकारी नमन मेहता ,तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, सहित तहसील स्तर से लेकर ब्लाक स्तर और जिले के सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का पीएम ने किया शुभारंभ, सभी ने देखा सजीव प्रसारण

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



उत्तर प्रदेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अंतर्गत प्रदेश में दस लाख करोड़ निवेश परियोजनाओं का धरातल पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ से रिमोट बटन दबाकर किया। जिसका जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना उद्यमी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में देखा व सुना गया। समस्त विधानसभाओं में भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित कराया गया। जिले की सांसद-केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात ग्रामोद्योग, श्रम, रेशम, बैंक, मत्स्य, स्वास्थ्य, कौशल विकास, हथकरघा, फर्टिलाइजर, अटल चूल्हा, आर्गेनिक उत्पाद, उद्यान, आजीविका मिशन, पालीटेक्निक आदि प्रदर्शनी में लगाये गए स्टालों का अवलोकन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आज से एक वर्ष पूर्व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ था। जिसमे जो धरातल पर उतरकर विकास और आर्थिक दर मजबूत हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं दे रही है जिससे निवेश बढ़ा है। उद्योग स्थापित करने के लिए भारत सरकार ने कौशल विकास मंत्रालय से ट्रेनिंग की सुविधा देकर रोजगार एवं उद्यमी बनने का अवसर दिया है। डबल इंजन की सरकार में जो रोजगार के लिए भटकते थे वह आज रोजगार देने वाले बन गये है। उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जनपद में 17 विभागों के माध्यम से 138 एमओयू प्राप्त हुये थे जिनमे निवेश की धनराशि 2842.93 करोड़ थी।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ । बुधवार । 21 फरवरी 2024


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है। लेकिन बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 21.0 (-1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.4 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# चोरी की गाड़ियां कटवाकर बेचने के मामले में यूपी में बदनाम है कानपुर



✻ पवन गुप्ता बिधूना वाले ने फिर से शुरू किया खेल

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

### पूरे यूपी में बदनाम है कानपुर का गड़रियन पुरवा

ज्ञातव्य हो कि कानपुर नगर के थाना फजलगंज क्षेत्र स्थित गड़रियन पुरवा में दर्जनों ऐसे कबाड़ी हैं जो कहने को तो कबाड़ी है लेकिन यह अरबपति हो चुके हैं, लेकिन उन्होंने यह पैसा बहुत मेहनत करके नहीं कमाया है, तो चोरी की गाड़ियों को काटकर कमाया है, अब इनमे से कुछ कबाड़ियों ने नया खेल चालू किया है कि अन्य जनपदों से लाई गई फाइनेंस पर ली गई इंश्योरेंस वाली गाड़ियां पहले यहां पर लाकर काट देते हैं और उसके गाड़ी मालिक चोरी का मुकदमा दर्ज करवा कर फाइनल रिपोर्ट लगवाने के बाद इंश्योरेंस कंपनी से पूरा पैसा वसूल लेता है। उत्तर प्रदेश में ट्रक और अन्य गाड़ियां चोरी किसी भी जनपद में हो लेकीन हर जनपद की पुलिस कानपुर नगर ही आती है, अब तो लोग यह कहने लगे हैं कि यूपी में गाड़ियां चोरी करने के मामले में कानपुर बदनाम हो चुका है।

### पवन गुप्ता कर रहा खुलेआम फाइनेंस वाली गाड़ियां काटकर अपराध

कुछ माह पहले जब अन्य जनपदों की पुलिस ने यहां के कबाड़ियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था तब तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड की सख्ती के कारण चोरी की गाड़ियां कटनी बंद हो गई थी लेकीन अब फिर से सबसे ज्यादा जोरों पर पवन गुप्ता विधुना वाले ने फाइनेंस वाली गाड़ियां काटने का काम शुरू कर दिया है, सूत्र बताते हैं की सुबह 4 बजे से ही गाड़ी कटाई चालू हो जाती है हाल ही पवन गुप्ता ने फाइनेंस वाली पूरी गाड़ी काटी है।

### एमपी की पुलिस ने दर्जनों व्यापारियों को उठाया था

आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं कानपुर नगर के गड़रियन पुरवा वाले कबाड़ी अगल बगल के प्रदेशों में भी चर्चित हैं, लगभग छह वर्ष पूर्व एमपी पुलिस ने कई कबाड़ियों को चोरी के ट्रक खरीदने के मामले में उठाया था और जेल भी भेजा था।

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी के सभी जनपदों के अधिकारियों के सख्त आदेश हैं कि किसी भी तरह से सभी जनपदों में अपराधों पर लगाम लगाने के साथ-साथ वाहन चोरों पर शिकंजा कसा जाए, लेकिन खाकी धारियों से सांठ गांठ कर वाहन चोरी होने से पहले कबाड़ियों के यहां फाइनेंस पर ली गई बड़ी गाड़ियां
जैसे ट्रक लक्जरी कारें आदि कटवा कर बेच दिए जाते हैं और उसके बाद चोरी का मुकदमा दर्ज करवारकर इंश्योरेंस कंपनी से पैसों की भी वसूली करने का खेल बदस्तूर जारी है, इस तरह के खेल को अंजाम सबसे ज्यादा कानपुर नगर के दर्जनों कबाड़ी गड़रियन पुरवा में दे रहे हैं।

### सिपाही करता है वसूली

सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है बीते चार माह पूर्व से गाड़ी कटाई का काम फिर से चालू हो गया है पवन गुप्ता बिधूना वाला सभी का लीडर है, फजलगंज थाने का एक पुराना कारखास सिपाही की पवन की गाड़ी में बैठकर भी घूमता है, सूत्रों की मानें तो यही वसूली करता है : *शेष जारी....*

# तीसरे नेत्र की शहर को शख्त आवश्यकता, सुरक्षित रहेगी जनता

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे



कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिलों में क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए चौराहा-चौराहा पर तीसरा नेत्र यानी सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। और यह दावा किया गया था कि सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद चोरी, के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था में भी यह तीसरे नेत्र कारगर साबित होंगे। लेकिन वर्तमान समय में प्रदेश सरकार की जो मंशा थी वह पूरी तरीके से धड़ाम होती हुई नजर आ रही है। बात करें कानपुर की तो यहां जितने भी चौराहे हैं उन पर लगे सीसीटीवी कैमरे पूरी तरीके से फेल हो चुके हैं। शायद ही कोई चौराहा ऐसा होगा जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे होंगे। यह कैमरे केवल आने जाने वाले यात्रियों को डराने का काम कर रहे हैं। कानपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए तीसरा नेत्र लगाकर इसकी स्मार्टनेस बढ़ाने का प्रयास किया गया था। लेकिन अब तो पूरी स्मार्टनेस धरी की धरी रह गई।

कानपुर ही नहीं कानपुर के अलावा देहात क्षेत्र में भी जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए देखे जा सकते हैं लेकिन शायद ही कोई कैमरा होगा जो काम करता हुआ नजर आएगा। ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी बिठूर को जाने वाले रास्ते पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। लेकिन अब वह सारे कैमरे बंद पड़े हैं। कहीं-कहीं तो यह भी देखने को मिला कि जो कैमरे संचालित भी है वह केवल कटिया के भरोसे चल रहे हैं। आपको बताते चलें जब मंडल आयुक्त डॉ राजशेखर ने कानपुर का पदभार संभाला था तब 5000 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे जिससे सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शहर के चौराहों की निगरानी के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस दौरान इंडस्ट्रियल एरिया में 1000 व्यापारिक प्रतिष्ठानों में 500 अस्पताल में 200 पेट्रोल पंपों में 141 होटल में 235 के अलावा पुलिस चौकी मेडिकल स्टोर बैंक एटीएम शराब की दुकानों के प्रवेश व निकास द्वार रोड साइड के अलावा पब्लिक एरिया में कैमरे लगाए गए थे। इनमें से अधिकतर कैमरे अब खराब हो चुके हैं।

# विश्वविद्यालय के जर्जर हो चुके पुराने भवनों के सुंदरीकरण के लिए मिला 20 करोड़ का अनुदान



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल कॉन्फ्रेंस के द्वारा रूसा के तृतीय चरण प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एकडमिक में मंगलवार को डिजिटल माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक नीलिमा कटियार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उच्च शिक्षा में शोध कार्य व नवाचार को बढ़वा देने के लिए लगातार प्रयत्न कर रहे हैं इसी क्रम में विश्वविद्यालय भी शैक्षिक उन्नयन के लिए सभी जरूरी कदम उठाते हुए शोध व नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों को एमईआरयू एवं जीएसयू मद में अनुदान मिला था। जिसमें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय को भी शोध की गुणवत्ता बढ़ाने, जर्जर हो चुके पुराने भवनों के सुंदरीकरण कराने के 20 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, विभिन्न संकाय के प्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त होकर खेत में गिरा संदिग्ध ड्रोन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित सिकठिया और नौगवां गौतम गांवों के बीच खेत में एक एफ फ्लाइंग ऑब्जेक्ट उड़ते समय अचानक गिर गया। गिरने के बाद वह गई टुकड़ों में बंट गया। जहां पर यह मशीन गिरी वहां पर खेतों में फसल खड़ी हुई थी और आसपास जंगल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी पुरवामीर अमित यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो यह एक बड़े आकार का ड्रोन था। लेकिन इतना बड़ा ड्रोन इस क्षेत्र में कहां से आया और इस एरिया के आसमान में क्यों उड़ रहा था, ये बड़ा सवाल था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुरवामीर चौकी पुलिस ने इस ड्रोन के बिखरे पुर्जों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस फिलहाल पड़ताल में जुट गई है। खेतों से बड़े साइज का एक ड्रोन बरामद हुआ है, जो कि हादसे का शिकार हुआ था। इसकी जांच की जा रही है कि ड्रोन किसलिए उड़ाया गया था और ये इस क्षेत्र में कैसे पहुंचा।


# अरौल में किया गया रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. जी.पी.आर. डी.पटेल प्राइवेट आई.टी.आई अरौल कानपुर नगर में मंगलवार को रोजरोजगार मेले का आयोजन किया गया।गार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 359 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और 217 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। प्रधानाचार्य बिल्हौर ने बताया टाटा और एलेन वेरी कंपनी द्वारा कुल 72 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधायक राहुल बच्चा सोनकर, ब्लॉक प्रमुख बिल्हौर मनोरमा कठेरिया, प्रधानाचार्य आईटीआई बिल्हौर मयंक मिश्रा, जीपीआरडी कॉलेज के समन्वयक आलोक द्विवेदी मौजूद रहे।

# मेला मकनपुर : मुसाफिर खाने पर अराजक तत्वों का है कब्जा







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र ही नहीं भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध मदार साहब की मजार पर दूर-दूर से भक्त आते हैं माथा टेकने और अपनी मुराद पूरी होने पर पुनः आते है वहीं पर उनके ठहराव के लिए वर्षों पहले बनाया गया मुसाफिरखाना आज उस मुसाफिर खाने में गंदगी से पटा हुआ है फील्ड में कई जगह ढेर लगे हैं उसमें कूड़ा उठाने के बजाय जलाया जा रहा है उसी में पानी की टंकी जो वर्षों पहले बनी थी आज इस पर बैठकर बच्चे और बुजुर्ग शौच क्रिया करते हैं मुसाफिर खाने की छत पर ईंट पत्थरों से ढका हैं जगह-जगह वहीं पर पड़ोसी मकान वाले ने भी अपनी दीवाल तोड़कर दरवाजा रख लिया है जिससे आवागमन जारी रहता है वहीं पर वर्षों से डेट अराजक तत्व बरामदे में तिरपाल से ढककर कमरा नुमा बना लिया है जब उनसे पूछा कि आधार कार्ड दिखाओ तो कोई नहीं दिखा सका थोड़ी देर बाद इधर-उधर पुरुष खिसक गए और महिलाएं सिर्फ वहां पर बची करीब एक दर्जन परिवार नुमा यहां पर बरामदे में तिरपाल लगाकर रह रहे हैं ऐसा लगता है कि यह अन्य जगहों के रहने वाले हैं और यहां पर शरण पाए हुए हैं आखिरकार यह लोग इतने दिनों से रह रहे हैं क्या कोई इन पर जांच और पूछताछ करने वाला नहीं पहुंचा परसों पहले बना मुसाफिरों के लिए बना था। आज मुसाफिरों की जगह अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है क्या इस पर कोई जांच होगी या कोई इसकी सफाई की जिम्मेदारी उठाएगा और इसमें गेट में ताला बंद कर इन सबको बाहर करेगा। इस मुसाफिर खाने में बीच में बड़ी हाल बनी हुई है जिसका शिलान्यास के मौके पर उस समय रहे एसडीएम और पत्रकारो ने अपने हाथों से फावड़ा चला कर न्यास खोदी थी आज यहां के मौजूद अधिकारी देखने तक नहीं गए वहां पर मुसाफिर रह रहे हैं या अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है उसे समय की सोच अधिकारियों की थी कि मेले में क्या बेहतर से बेहतर कराया जा सकता है आज के अधिकारियों की सोच उल्ट गई।

# पुलिस भर्ती परीक्षा लीक होने का आरोप लगा छात्रों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



पुलिस परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने गौतम बुद्ध पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी होने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स व कल्याणपुर एसीपी मौके पर पहुंचे तो छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

आपको बता दें कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले वीडियो तेजी से वायरल हो रहे थे जिनकी सही होने की पुष्टि जन एक्सप्रेस नहीं करता है, जिससे उग्र होकर मंगलवार को छात्रों ने कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित गौतम बुद्ध पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन किया जानकारी मिलने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स वी एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडे पहुंचे जहां छात्रों की समस्या सुनी और उन्हें ज्ञापन देने के लिए कहा, छात्रों ने कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडे को ज्ञापन देते हुए बताया कि बीते रविवार को पुलिस भर्ती में सिपाही पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें सूचना प्राप्त हुई की सोशल मीडिया पर समय से पहले ही परीक्षा पेपर लीक हो गया है और वह तेजी से वायरल हो रहा है छात्रों ने बताया कि हम सभी छात्र गरीब घर से हैं जिनके पास इस भर्ती में भर्ती होने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। वही समर्पित अकैडमी के डायरेक्टर अर्पित दुबे ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाए और दोबारा परीक्षा कराई जाए दोबारा परीक्षा कराने की वजह यह है कि जो पेपर वायरल हुआ है वह उस पेपर से मिला है जो छात्र धरने पर बैठे हुए थे उन सभी छात्रों की मांग है थी कि रिएग्जाम हो।

# कुकर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर


थाना जाजमऊ क्षेत्र में एक किशोर संग कुकर्म करने वाले आरोपी को जाजमऊ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उ.नि. मोहसिन खान अपने हमराह सिपाहियों संग जिस समय थाना क्षेत्र जाजमऊ में गस्त व चैकिंग कर रहे थे।

उसी दौरान किशोर संग कुकर्म करने वाले फरार चल रहे अभियुक्त नबाबा उर्फ अबुसाद पुत्र अबुकौसर निवासी 406/377 ईस्टर्न लाइन अशरफाबाद थाना जाजमऊ उम्र लगभग 52 वर्ष को दबोच लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# किशोरी के 164 के बयान न कराने पर जिम्मेदारों को मिली फटकार

✻ हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गैंग के सदस्यों के विरुद्ध किशोरी ने दर्ज कराया था छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग का मुकदमा

जन एक्सप्रेस । हिमांशू मिश्र



एक तरफ तो हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गैंग को सबक सिखाने के लिए डी.सी.पी. साउथ रविंद्र कुमार ने इनाम की राशि बढ़ाने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और उसे संरक्षण देने वाले गजेंद्र सिंह राजावत को भी मुकदमा दर्ज कर सबक सिखाया है तो वहीं दूसरी ओर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गैंग के सदस्यों की ज्यादती ब्लैकमेलिंग का शिकार हुई किशोरी के छेड़छाड़ के दर्ज मुकदमें में 164 सीआरपीसी के अन्तर्गत पीड़िता के बयान न्यायालय में नही कराए गए हैं जिस कारण पीड़ित किशोरी अपने भाई के साथ ए.डी.सी.पी.साउथ अंकिता शर्मा के पास अपनी अर्जी लेकर पहुंची तो एडीसीपी ने जिम्मदारों को जमकर खरीखोटी सुनाते हुए बयान दर्ज कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

ज्ञातव्य हो कि बीती 30 जनवरी को एक किशोरी ने ए.डी.सी.पी. साउथ अंकिता शर्मा के पास जाकर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके साथी अभय भदौरिया, अंशू सेंगर और अन्य पर वीडियो वायरल कर वसूली मांगने और उसके भाई के साथ मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे जिसके बाद बर्रा पुलिस ने एडीसीपी के आदेश पर मारपीट, गाली गलौज, छेड़छाड़, पास्को एक्ट जैसी गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद किशोरी और उसके भाई पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जिसको लेकर दोनो भाई बहन बार बार एडीसीपी अंकिता शर्मा के पास जाकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। कल मंगलवार को पीड़ीत किशोरी के भाई के पास कथित लखनऊ यूपी पुलिस में तैनात एक व्यक्ति का फोन आया और किसी अनजान लड़की का नाम लेकर उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उसे समझाने बुझाने लगा जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग लेकर किशोरी और उसका भाई कल फिर एडीसीपी अंकित शर्मा के पास न्याय मांगने पहुंचे थे। ऑडियो सुनकर एडीसीपी अंकिता शर्मा ने दोनों भाई बहनों को बर्रा थाने जाने को कहा और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। हालांकि जन एक्सप्रेस अखबार इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित भाई और बहनों ने एडीसीपी से 164 के बयान भी नहीं होने की बात बताई है और कहा कि आरोपी खुलेआम घूम रहे है। मुख्य आरोपी अंशु सिंह सेंगर की गिरफ्तारी नही हुई है, एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने दोनों को आश्वासन दिया है कि उनके साथ न्याय होगा और जमकर जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई है।

# प्रगति आख्या की समीक्षा बैठक में कार्य योजना का किया प्रस्तुतीकरण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में बुधवार को निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव ने कृषि विज्ञान केंद्रों की समीक्षा बैठक की।समीक्षा बैठक में पिछले माह की प्रगति आख्या प्रस्तुत करने के साथ अगले माह की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। डॉ.आर.के.यादव ने कृषि विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्षों/ प्रभारियों को केंद्र पर सभी प्रदर्शन इकाइयां योग्य व व्यावसायिक रहने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकतम केंद्रों पर इकाइयां सभी अच्छी स्थिति में है। उन्होंने बताया कि केंद्रों के कार्यों की साप्ताहिक रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित की जाए और सभी कार्यों को अपडेट रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.एस.एल.वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. करम हुसैन, डॉ.वी के कन्नौजिया,डॉ.एके सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण के मामले में न्याय ना मिलने पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर में किया आमरण अनशन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



धर्मांतरण के मामले में नाबालिग बच्चे का पिता न्याय की गुहार लगाते हुए पूरे संग मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठ गया और इच्छामृत्यु की मांग कर डाली।

अनशन पर बैठे अखिलेश का आरोप था कि कानपुर पुलिस न्याय संगत कार्य नहीं कर रही है। जिससे वह अपने परिवार के साथ इच्छा मृत्यु मांग रहा है, इस दौरान बताया कि राष्ट्रपति को पत्र भेजकर पूरे परिवार के साथ इच्छा मृत्यु का अनुरोध कर रहें है।

उल्लेखनीय है कि बीते अक्टूबर में कानपुर कैंट थाना अंतर्गत एक निजी स्कूल की शिक्षिका पर धर्मान्तरण का आरोप लगा था पीड़ित परिवार ने जिसकी लिखित शिकायत थाने में की थी आरोप था कि स्कूल की एक महिला टीचर व उसका पति, एवं महिला का भाई उनके बच्चे के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट कर दबाव बनाकर उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास कर रही है। महिला टीचर सोशल मीडिया आईडी पर बच्चों से बात करती थी जिसके कुछ अंश उन्होंने स्क्रीनशॉट के रुप में दे शिकायत दर्ज करवाई थी।

### हल्की वर्षा होने की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ को उत्तरी पाकिस्तान और इससे सटे जम्मू कश्मीर पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 29.0 और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 89 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 52 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 8.8 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 20 से 23 फरवरी के मध्य स्थानीय स्तर पर तेज हवाओं की संभावना है।

# वर्चस्व बनाने के लिए युवकों ने कॉलेज के छात्रों को जमकर पीटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दक्षिण के थाना किदवई नगर क्षेत्र में बने निजी कॉलेज मे बीते दिन मंगलवार को कॉलेज के बच्चे और बाहरी लड़कों मे जमकर मारपीट हुई। कॉलेज मे तीन दिन तक कलांजलि द फेस्ट का प्रोग्राम लगा हुआ है इस प्रोग्राम का कल पहला दिन था। प्रोग्राम में शामिल एक छात्र अमित सिंह अपने दोस्त के साथ किसी काम से कॉलेज के बाहर आया था। तभी कॉलेज के सामने बनी दुकान मे बैठे एक बाहरी लड़के से दोनो छात्रों की कुछ कहासुनी हो गई थी।

थोड़ी ही देर बाद दूसरे गुट के सभी लोगों ने कॉलेज के छात्रों को कूटना शुरु कर दिया था और वहां से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मारपीट करने वाला गैंग अपने साथियों के साथ थाना गोविन्द नगर क्षेत्र मे बने डीसीपी साउथ कार्यालय के बगल में चाय मैगी की दुकान मे खड़े होकर छात्रों के साथ दोबारा मारपीट करने की भूमिका बना रहा था।

जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी थी मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर चाय की दूकान मे खड़े गैंग मे भगदड़ मच गई।

हालाकि किदवई नगर पुलिस तीन युवक पंकज, मोहित, नीतीश को हिरासत मे लिया है और पूछताछ कर रही है। पीड़ित से तहरीर लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने मे जुटी हुई है।

# राहुल को मिली जमानत, दो मार्च को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



केरल के वायनाड से सांसद व कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने 25-25 के मुचलके पर उन्हें जमानत दी है। मामले में अब 2 मार्च को सुनवाई होगी। कर्नाटक चुनाव में 5 वर्ष पूर्व अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ यहां एक परिवाद दायर हुआ था।

राहुल गांधी को आज फुरसतगंज से विमान से यहां आना था। अमहट हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम तक किए गए थे। लेकिन एकाएक राहुल के कार्यक्रम में चेंजिंग हुई। वो सड़क मार्ग से सुल्तानपुर पहुंचे। जहां जगह जगह कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। राहुल ठीक 11 बजे कोर्ट में प्रवेश किए। कोर्ट ने उन्हें जमानत दी उसके बाद राहुल 11.25 पर कोर्ट से बाहर निकले और रायबरेली के लिए निकल गए। यहां कोर्ट परिसर में राहुल गांधी जिंदाबाद और भारत जोड़ों के नारे लगे। यहां कोर्ट पूरी तरह पुलिस की सुरक्षा घेरे में था। राहुल गांधी के विरुद्ध दायर मानहानि परिवाद में पिछली पेशी 18 जनवरी को हुई थी।

जिसमें पहली बार राहुल गांधी की ओर से उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला कोर्ट में अपेयर हुए थे। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि वर्तमान में राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के संदर्भ में नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं।

पूर्व में जानकारी नहीं होने और कम समय के कारण नहीं पहुंच सकते हैं। लिहाजा हमको समय दिया जाए कि उस तारीख पर पहुंचकर हम जमानत करा सके। उन्होंने कोर्ट से यह भी कहा था कि हमको परिवाद की कोई नकल नहीं दी गई है नकल दिलाई जाए ताकि हम आपत्ति दाखिल कर सके। तब कोर्ट ने मुकदमें में ने 20 फरवरी की तारीख नीयत की थी। 2018 में दर्ज हुआ परिवाद बताते चलें कि कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस (परिवाद) दायर किया था। विजय मिश्र का आरोप था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में विजय मिश्रा की ओर से अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने परिवाद दायर किया था। जिसमें कोर्ट ने 16 दिसंबर 2023 को राहुल के विरुद्ध वारंट जारी किया था।

# विकास योजनाओं को लेकर जिला पंचायत की बैठक संपन्न



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

मंगलवार को जिला पंचायत अमेठी के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक संपन्न हुई।बैठक में एजेंडा बिंदु के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अमेठी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाया गया।जिसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई। इसके उपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जनसुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रस्ताव को सदन में रखा गया। बैठक में जिला पंचायत अमेठी के मूल बजट वर्ष 2024 25 रुपए 4514.00 लाख अनुमोदित किया गया।साथ ही वित्तीय वर्ष की जिला पंचायत विकास योजना डीपीडीपी में रुपए 3170.20 लाख का अनुमोदन प्राप्त हुआ।इसके अतिरिक्त सदस्य गणों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।जिससे आमजन मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित हो सके।बैठक के दौरान जिला पंचायत के सदस्य गण एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें

## पीड़ित शिकायतों के निस्तारण में हीला हवाली ना करें संबंधित अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु मंगलवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्णसमाधान दिवस आयोजित हुआ।संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनी और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये,शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।इसके साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा.इलामारनजी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान तहसील गौरीगंज में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई।जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।तहसील मुसाफिरखाना में 46 शिकायतों में 02 का निस्तारण किया गया।तहसील तिलोई में 18 शिकायतों में 02 का निस्तारण हुआ।और तहसील अमेठी में 110 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडेय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में मारी गई युवक को गोली, ट्रॉमा सेंटर रेफर

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना अंतर्गत टरडसा गांव में पुरानी रंजिश में हमलावरों ने बीती रात गोली मार दी। गंभीर अवस्था में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से आज उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। घायल युवक ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध पुलिस में तहरीर दी है। टडसा गांव निवासी ऋतिक सिंह (23वर्ष) पुत्र रमेश सिंह सब्जी लाने गया था। वहां से वो घर लौट रहा तो गांव के साई कुटी के पास पक्की सड़क के पास वो पहुंचा था तो पुरानी रंजिश में गांव के सुरेश सिंह पुत्र शीतला सिंह और बलराम सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने उसे रोका। आरोप है कि दोनों ने युवक को पहले गालियां दी फिर असलहा निकालकर गोलियां दाग दी और मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े और युवक को तत्काल प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्रथम उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया था। यहां भी आज उसकी हालत बिगड़ने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ उसे रेफर किया गया है।

# डीएम व सीडीओ को किसान ने भेंट किया सुगर फ्री काली आलू



**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

बल्दीराय तहसील अंतर्गत प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने इस बार काली आलू की बुआई किया था, जिसे मंगलवार तहसील दिवस के मौके पर जिलाधिकारी कृतिका ज्योसना और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक को काली आलू जो शुगर फ्री होता है, उपहार स्वरूप भेंट किया। इस मौके पर तहसील दिवस पर सभी विभाग के अधिकारी,करर्मचारी और जनता मौजूद रहे। ज्ञात हो काली आलू औषधि के रूप में भी उपयोग किया जाता है । तथा साधारण आलू से अधिक मूल्य पर बिकता है, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी शुगर फ्री काली आलू देखकर प्रसन्न हुए।

# घर में मछली व सुअर का मांस फेक रहा दबंग, डीएम एसपी से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

बल्दीराय तहसील पर मंगलवार को समाधान दिवस में डीएम-एसपी के सामने एक पुजारी रो पड़ा। उसका आरोप है कि दलित समाज के एक व्यक्ति ने उसके मकान का रास्ता अवरुद्ध कर रखा है। विरोध पर जहां उसे व उसकी पत्नी बच्चों की वो पिटाई कर रहा वही घर के अंदर मछली व सुअर का मांस फेक रहा है। ये मामला कूरेभार के धन्नजई गांव का है। अधिकारियों ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। धन्नजई गांव निवासी रामजनक मिश्रा ने बताया कि पड़ोस के दलित समुदाय से आने वाले बैजनाथ ने हमारा दरवाजा बंद कर दिया है। हमारे घर में मछली-सुअर का मांस फेक रगहा है। बार-बार हमें और हमारी पत्नी को मारते हैं। हम बार-बार थाने और एसडीएम के पास जाते हैं मगर कोई सुनने वाला नहीं। वो ये कहते हुए फफ्क कर रोने लगा। उसने ये भी बताया कि सांसद ने एसओ को लिखकर दिया लेकिन तब भी दरवाजा खुल नहीं रहा है। उसने क्षेत्रीय विधायक विनोद सिंह से भी प्रकरण को बताया लेकिन आरोप है कि उनके पास भी कोई सुनवाई नहीं हुई। रामजनक के साथ कई भाजपा पदाधिकारी भी पहुंचे थे। इसमें यमुना प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि दो-तीन वर्षो से चाहे जो कार्यकर्ता हो उसका उत्पीड़न हो रहा है। सताया जा रहा है। कोई मानसिक रूप से कोई शारीरिक रूप। न कोई तहसील में मदद करने को तैयार है न कोई थाने में मदद को तैयार। सब निराश और हताश भगवान के भरोसे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एमपी-एमएलए पदाधिकारी सुनता नहीं कोई। हंसता है केवल। हां उनका कोई काम हो आप लग जाइए। विजय मिश्र का आरोप था।

# कमला विद्या मंदिर की छात्राओं ने बढ़ाया जिले का मान



**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

कन्या कौशल शिविर द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं बल्कि जिले का मान बढ़ाया। छात्राओं की सफलता के लिए विद्यालय द्वारा एक सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया। संगीत अध्यापिका आराधना श्रीवास्तव एवं सुप्रिया श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रतीक्षा यादव, इच्छा यादव, मुस्कान ,नंदनी यादव, प्रिया प्रजापति, दुर्गा सिंह, द्वारा झांसी की रानी कार्यक्रम का शानदार मंचन किया। पारुल, श्रेया, आर्या, सृष्टि, मुस्कान, रिचा, मानसी, संजना, अंशिका, स्नेहा, आदि छात्राओं द्वारा देश गीत पर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण अग्रवाल ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि फार्मासिस्ट केशव गुप्ता ने सभी छात्राओं के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को और अधिक सुविधा देने का वादा किया। कार्यक्रम में सभी सफल छात्रों को प्रवीण अग्रवाल एवं केशव गुप्ता द्वारा नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करौंदिया सभासद प्रतिनिधि संदीप सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, त्रिभुवन चौबे, अखिलेश, सुमन श्रीवास्तव, राजेश्वरी मिश्रा, सरिता, पूनम, रिशु ,कशिश, सृजना, मनीषा, सौम्या, रवि तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया अंत में प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नौ फॉर्मेसी कॉलेज खुलेंगे, अप्रैल से बनेंगे सबमर्शिबल पंप

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सोमवार को जिले में 109 छोटे-बड़े उद्योगों का शिलान्यास हुआ। 11.88 अरब की लागत से स्थापित होने वाले उद्योगों में जल्द ही 10 हजार से अधिक लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। जिले में नौ फॉर्मेसी कॉलेज खुलेंगे। जल्द ही सबमर्शिबल पंप बनाने का काम भी शुरू हो जाएगा। आगामी अप्रैल माह से पंप बनने लगेंगे। इसके अलावा एग्रो फूड्स, राइस मिल, मिल्क, इंटरलॉकिंग ईंट सहित अन्य उद्योग भी जल्द ही काम करने शुरू करेंगे। लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का भव्य आयोजन हुआ। इसके लिए जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को उद्यमियों व अधिकारियों ने सुना। सेरेमनी के बाद जिले में आरकेडी फॉर्मेसी कॉलेज, परमेश्वरी देवी, पंचशील कॉलेज, स्मृति पटेल फॉर्मेसी, कंचन फॉर्मेसी, आर्याकुल, निर्मल इंस्ट्रीट्यूट, राजा राव राम बख्श समिति, श्री सत्यगुरु फार्मेसी कॉलेजों के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। भवनों का काम लगभग पूरा होना वाला है। सबमर्शिबल पंप के निर्माण के लिए लालगंज में भवन बनकर तैयार है। एमएस बैसवारा लैब के संचालक व उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहिताश सिंह का कहना है कि भवन के साथ मशीनें भी आ चुकी है। आगामी अप्रैल माह के पहले सप्ताह से सबमर्शिबल पंप बनाने का काम शुरू करवा देंगे। जिले में हिंदुस्तान एग्रो फूड्स, त्रिपुला पालीवुड, एनिकेत एग्रो फूड्स, आइस फैक्ट्री, सिपोरा सीमेंट, राइस मिल, सरसो तेल मिल, कंयूनिटी रेडियो स्टेशन, बटोही मिल्क, इंटरलॉकिंग ईंट सहित अन्य उद्योग भी जल्द स्थापित होंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के कार्यक्रम में सोमवार को उद्यमियों को सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए जिला मुख्यालय के साथ तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम हुए। शहर के अलंकृता रिसार्ट में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल, सीडीओ पूजा यादव ने कार्यक्रम की शुरूआत कराई। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव सुरेश गुप्ता, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्पित सिंघल, अतुल गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया। अपरान्ह करीब दो बजे तक नेटवर्क न जुड़ पाने के कारण लखनऊ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नहीं देखा जा सका। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र परमहंस मौर्या, ज्ञानेंद्र गौतम, डीडीओ अरुण कुमार, सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार राय, ड्रग इंस्पेक्टर शीवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व उद्यमी मौजूद रहे।

# सरकार के दावों की खुली पोल, प्रतियोगी परीक्षा का पर्चा हुका लीक : ओ पी यादव

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने पुलिस प्रतियोगी परीक्षा में बेरोजगारों से तीस हजार करोड़ रूपये के रोजगार करने का आरोप उ0प्र0 की योगी सरकार पर आरोप लगाया है। देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पुलिस आरक्षी पद के लिए 62244 रिक्त पदों के लिए 60 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया। एक प्रतिभागी द्वारा सामान्य रूप से लगभग 500/- रूपये का खर्च आया। सभी ने अपने-अपने ढंग से पूरी मेहनत से तैयारी कर सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से परीक्षा में शामिल हुए, लेकिन उनके सपने तब चकनाचूर हो गये। सरकार और सिस्टम की पुरी फेल खुल गयी। आज नहीं तो कल कोई इस परीक्षा को लेकर न्यायालय में चुनौती देगा और भर्ती प्रेक्रिया पर ग्रहण लग जायेगा। पूरी मीडिया में इस बात का शोर है कि परीक्षा में प्रश्न-पत्र लीक हो गये है, लेकिन सरकारी प्रवक्ता के बयान के अनुसार प्रश्न-पत्र लीक होने की घटना को अपनी पुरानी आदत के अनुसार झुठला रही है। वास्तविकता कुछ भी हो लेकिन पुलिस में भर्ती होने का सपना संजोने वालों की नींद उड़ चुकी है। यह परीक्षा 2024 के चुनाव में मद्देनजर करायी गयी थी लेकिन सरकार का दावा उलटा पड़ गया। अब 60 लाख से अधिक परिवार भाजपा सरकार के विरोध में खड़े होने को मजबूर है, जिसका खामियाजा भजापा को भुगतान पड़ेगा।

# समाजवादी पार्टी के छात्र सभा सचिव बनाये गये राजेश यादव

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां इमरान ने समाजवादी छात्र सभा के फ्रंटल संगठन में सुल्तानपुर जिले के राजेश कुमार यादव को प्रदेश सचिव बनाया है। जिले में सपा छात्र सभा के पदाधिकारियों के नियुक्ति को लेकर जहां हर्ष का माहौल है वहीं छात्र सभा के द्वारा राजेश यादव को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद कहा व 2024 की तैयारी में जोर शोर से समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी उठाई वा छात्रों ने कहाँ की जिस तरह समाजवादी पार्टी ने राजेश यादव पर भरोसा किया है प्रदेश सचिव बना कर हम सभी मिलकर उस भरोसे को और मज़बूती से आगे बढ़ाएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ तहसील महाराजगंज में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने बारी-बारी से लोगो की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे कि लोगों को बार-बार समाधान दिवस में न आना पड़े। जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क,सुरक्षा,पेंशन, विकास, राजस्व से संबंधित मामले आए। उन्होंने इन मामलों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जनता की समस्याओं का गुणवत्ता परक निस्तारण किया जाए। लोगो को बेवजह परेशान ना किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने लोगों की सुरक्षा संबंधी मामलों को सुनते हुए निर्देश दिया कि सभी पुलिस अधिकारी अपने थानों में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने।

# कांग्रेस के गढ़ रायबरेली पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़ा जनसैलाब




**जन एक्सप्रेस।**
**रायबरेली/इम्तियाज अहमद खान**

मंगलवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली पहुंची। यात्रा में लोगों ने राहुल गांधी का जगह जगह जोरदार स्वागत किया और यात्रा में जुड़ते चले गए। देखते ही देखते उनके पीछे जनसैलाब उमड़ पड़ा। रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी केंद्र सरकार के साथ साथ प्रदेश सरकार पर हमलावर दिखे। सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने दोनों सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राममंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा। राहुल गांधी ने इससे पहले पोस्टर दिखा रहे युवक को अपने पास बुलाया और नाम पूछा। कहा कि किस जाति से आते हो। पोस्टर की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसमें लिखे ओबीसी और एससी का मतलब जानते हों। कहा कि 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। 15 प्रतिशत आबादी एससी और 8 प्रतिशत आदिवासियों की आबादी है। यानी कुल मिलाकर 73त्न हो। इसके बावजूद पोस्टर लेकर घूम रहे हो। हमारा काम 73त्न का काम आपके भविष्य को बनाने का है। आपको 24 घंटे धमकाया जाता है। रास्ते बंद किए जाते हैं। देश में 200 बड़ी कंपनियां हैं। किसी कंपनी का मालिक ओबीसी, एसी और आदिवासी नहीं है। इस देश में दलित, पिछड़े, आदिवासी 24 घंटे प्रताड़ित हो रहे हैं। यह सच्चाई है देश की। 73त्न आबादी का हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी कोई नहीं है। मनरेगा की लिस्ट निकालो उसमें ओबीसी, एससी और आदिवासी दिखेंगे। राहुल गांधी ने हाथ में पोस्टर लिए युवाओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप पेपर लीक वाले हो ना। मैं आपको इसके लीक होने कारण बताता हूं। आपके यहां छोटे-छोटे बच्चों को कहा जाता है कि तुम अगर पढ़ाई करोगे तो तुझे आईएएस, आईपीएस, रेलवे में इधर-उधर नौकरी मिल जाएगी। बेटा तुम पढ़ ले।

तेरे बाप के जेब से 5-6 लाख रुपये निकाल प्राइवेट स्कूल, कोचिंग सेंटर में डालकर आईएएस, आईपीएस के लिए दे दिया जाता है। इसके बाद पेपर लीक हो जाता है। वही 5त्न लोगों को पेपर लीक होने के बाद नौकरी मिल जाती है। आपका काम ऐसे पोस्टर लेकर घूमने का है। यह आपका भविष्य नहीं है। आप जातीय जनगणना कराकर अपने आबादी को जानो। इससे पता लगेगा देश की बड़ी कंपनियों में आपके कितने हैं। इसके बाद इस पोस्टर की जरूरत नहीं होगी। राममंदिर की बात होती है। आपको हक लेना है। इसका पहला कदम जातीय जनगणना है। न्याय यात्रा में न्याय इसीलिए जुड़ा है। आपके खिलाफ अन्याय हो रहा है। आपकी हर रोज बेइज्जती की जा रही है। आपको जागरूक होना पड़ेगा।

# सबके साथ होगा न्याय : शशांक सिंह

## तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी शशांक सिंह एडीसीपी दक्षिण जोन ने दिलाया भरोसा, बोले, प्रतिवादी भी रखें अपनी बात होगी निष्पक्ष जांच

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील के नगराम थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अचली खेड़ा में जमीन की बिक्री में ठगी करने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई एफआईआर की खबरों पर आईपीएस अधिकारी शशांक सिंह एडीसीपी दक्षिण ने आम जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है। यदि प्रतिवादी के पास अपने पक्ष में रखने के लिए कोई भी साक्ष्य हैं तो उपलब्ध कराएं उसकी भी जांच की जाएगी। ज्ञात हो कि नगराम थाने में पूर्व आईएएस अधिकारी डा. अशोक चंद्रा की शिकायत पर अचली खेड़ा ग्राम पंचायत के दो किसान अयोध्या प्रसाद, रंजीत कुमार व अन्य पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले में किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए यह कहा गया था कि पुलिस ने हमारा पक्ष नहीं सुना और हमारे सारे कागज मय बैंक पासबुक, आधार आदि कागजात भी नगराम पुलिस ने जप्त कर लिए। मामले में बनाए गए एक अन्य अभियुक्त मिश्रीलाल और किसान रंजीत कुमार के बीच फोन पर हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग में मिश्रीलाल द्वारा एसीपी मोहनलालगंज पर शिकायत कर्ता से पैसे लेकर किसानों की ज म ी न




सवालों के कटघरे में लखनऊ
कमिश्नरेट पुलिस!
...तो कैसे होगी निष्पक्ष जांच?
...तो मोहनलालगंज एसीपी ने किसानों की जमीन फ्री में लिखवाने का 10 लाख रू0 में लिया बयाना?
जन एक्सप्रेस फॉलो अप
बड़ा सवाल!
वन भूमि में चिड़ियाघर या सफारी के लिए मंजूरी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

लिखवाने की बात कह कर दबाव बनाया जा रहा था। उक्त मामले की खबर के प्रकाशन के बाद लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के एडीसीपी दक्षिण जोन शशांक सिंह ने कहा कि अगर किसी भी तरह के साक्ष्य मिलते हैं तो जांच कर दोषियों पर शख्त कार्यवाही की जाएगी फिर वह चाहे कोई भी हो। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि उक्त प्रकरण में दर्ज हुए मु. अ. सं 277/2023 की निगरानी अपने स्तर से कराएंगे।

# राजनाथ सिंह और सुरेश खन्ना से मिला लखनऊ चिकनकारी हैंडिक्राफ्ट एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल





जन एक्सप्रेस | लखनऊ

* दोनों मंत्रियों से आयकर अधिनियम की धारा 43 बी (एच) को एक वर्ष बढ़ाने के लिए ज्ञापन दिया

लखनऊ चिकनकारी हैंडिक्राफ्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल रक्षामंत्री राजनाथ सिंह (भारत सरकार) और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना (उत्तर प्रदेश सरकार )से मिला। इसलिए दौरान दोनों मंत्रियों से आयकर अधिनियम की धारा 43 बी (एच) को एक वर्ष के लिए बढ़ाने के लिए एक ज्ञापन दिया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री शैलेश टंडन समेत अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### यूपी में एनडीए को मिलेंगी 80 में 80 : राजनाथ

जन एक्सप्रेस/लखनऊ । केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, यूपी से, 80 में से 80। उन्होंने यह दावा सुल्तान रोड साइड से लखनऊ रिंग रोड का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए की।उन्होंने कहा, लखनऊ रिंग रोड 28 फरवरी तक पूरा हो जाएगा और 104 किलोमीटर की दूरी पर इसका उद्घाटन मार्च के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने लखनऊ में यातायात की भीड़ को कम करने में परियोजना के महत्व पर कहा कि यह एक लंबे समय से चला आ रहा ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। लखनऊ रिंग रोड की विशेषताओं के बारे में बताया कि यह 8-लेन की सड़क है और 13 फ्लाईओवर के पूरा होने का उल्लेख किया, 10 और स्वीकृत फ्लाईओवर के निर्माण की योजना पर काम चल रहा है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह हर प्रतिनिधि का कर्तव्य है कि अपने क्षेत्र के मुद्दों को संबोधित करेऔर जिम्मेदारियों को लगातार पूरा करे। उन्होंने एक प्रतिनिधि के रूप में अपनी क्षमता के भीतर सब कुछ करने का प्रयास किया है। भाजपा और राजनाथ सिंह आत्मविश्वास से भरपूर हैं, वहीं विपक्षी भारतीय गुट को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अभी तक राज्य में गठबंधन को अंतिम रूप नहीं दिया है, दो सीटों पर असहमति है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दोहराया कि सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

### पुलिस ने दो व्यक्तियों पर की कार्यवाहीं, भेजा जेल



जन एक्सप्रेस/लखनऊ । लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोना चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 निवासी समीर उर्फ पैंतालीस पुत्र लतीफ अहमद निवासी वार्ड नंबर 10 महोना उम्र करीब 45 वर्ष व मोहित राजपूत पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम मरपा उम्र 23 वर्ष को इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन व कांस्टेबल पपिन कुमार ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि समीर उर्फ पैंतालीस द्वारा वादिनी के घर के सामने जाकर मुकदमे बाजी को लेकर शांति व्यवस्था भंग एवं अपराध करने की नीयत से गए दोनों व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिन्हें न्यायालय भेजा गया है जहां से जेल भेज दिया जायेगा।

# अवध चौराहे पर अब नहीं लगेगा जाम, बनेगा अण्डर पास : जितिन

* अण्डर पास हेतु 121.09 करोड़ स्वीकृत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लखनऊ में अवध चौराहे पर 887.36 मीटर लम्बाई में अण्डर पास के निर्माण हेतु 121.09करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निर्माण कार्य शुरू करने हेतु 42.30 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करा दी गई है। अण्डर पास के निर्माण हो जाने से अवध चौराहे पर रोजाना लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और लोगां का आवागम आसान हो जायेगा। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि आलमबाग स्थित अवध चौराहे पर प्रायः जाम की स्थिति रहती है। चौराहे पर अण्डरपास के निर्माण से पारा की तरफ से एक्सप्रेस-वे, हरदोई, मलिहाबाद, सीतापुर से आने-जाने वाले यातायात को एयरपोर्ट, कानपुर रोड एवं वीआईपी रोड की तरफ जाने में जाम से मुक्ति मिलेगी। मार्ग का उपयोग अति विशिष्ट जनप्रतिनिधियों द्वारा दिल्ली से लखनऊ आने-जाने के लिए उपयोग किया जाता है।इस स्थल पर अण्डरपास का निर्माण आवश्यक है। अण्डरपास के निर्माण से 5 लाख की जनता,आबादी लाभान्वित होगी एवं यातायात निर्बाध रूप से सुगम होजायेगा, जिससे समय व ईधन की बचत होगी, प्रदूषण से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। मान्यवर श्री कांशीराम जी प्रेरणा स्थल द्वार को बचाते हुए ही अंडरपास का निर्माण किया जाना होगा। पारा मार्ग की तरफ से वीआईपी मार्ग की तरफ आवागमन के लिए अण्डरपास के निर्माण हेतु सिंचाई विभाग की नहर से उचित दूरी 12 से 15 मी रखते हुए एवं उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लि से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर अवध चौराहे पर अण्डरपास का निर्माण प्रस्तावित किया गया है जिससे अवध चौराहे पर जाम की समस्या का निराकरण हो जायेगा।

# सपा उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी, अखिलेश यादव ने भाई का टिकट काट 'चाचा' को दिया



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजावारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की पांच और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव को बदायूं से उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले यहां से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं पार्टी ने वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल को टिकट दिया है, जबकि इस सीट पर मौजूदा सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अगर प्रधानमंत्री इसी सीट से एक बार फिर चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें यहां सुरेंद्र सिंह पटेल टक्कर देते हुए नजर आएंगे।

### किसे कहां से मिला टिकट

- कैराना से इकरा हसन
- बदायूं से शिवपाल यादव
- हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत
- वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल

### सोमवार को किए थे 11 उम्मीदवारों के एलान

इससे पहले सोमवार को सपा ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। जिसमें गाजीपुर से पार्टी ने माफिया मुख्तार अंसारी अफजाल अंसारी को उम्मीदवार घोषित किया है। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा भी है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर सीट पर उम्मीदवार घोषित कर साफ कर दिया कि अब जयंत चौधरी की रालोद से भी सपा के रास्ते अलग हो गए हैं। क्योंकि जब यह दोनों पार्टियों गठबंधन में थी तो सपा ने यह सीट रालोद के लिए छोड़ दी थी।

### पहली सूची में इन्हें बनाया उम्मीदवार

- संभल से शफीकुर्रहमान बर्क
- मैनपुरी से डिम्पल यादव
- बदायूं से धर्मेंद्र यादव
- धौरहरा से आनन्द भदौरिया
- लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा
- अकबरपुर से राजाराम पाल
- फैजाबाद से अवधेश प्रसाद
- बस्ती से रामप्रसाद चौधरी
- फिरोजाबाद से अक्षय यादव
- एटा से देवेश शाक्य
- खीरी से उत्कर्ष वर्मा
- उन्नाव से अनु टंडन
- फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य
- बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल
- अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा
- गोरखपुर से काजल निषाद

### दूसरी सूची में किसे कहां से दिया टिकट

- मुज्जफनगर से हरेंद्र मिलक
- शाहजहांपुर से राजेश कश्यप
- मिश्रिख से रामपाल राजवंशी
- प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल
- गोंडा से श्रेया वर्मा
- चंदौली से वीरेंद्र सिंह
- आंवला से नीरज मौर्य
- हरदोई से उषा वर्मा
- मोहनलालगंज से आरके चौधरी
- बहराइच से रमेश गौतम
- गाजीपुर से अफजाल अंसारी

### अब तक 31 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान

सपा की पहली लोकसभा उम्मीदवारों की सूची 30 जनवरी को सामने आई थी। जिसमें 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई थी। इसके बाद 19 फरवरी को दूसरी और 20 फरवरी को तीसरी सूची जारी की। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 31 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

# चौरसिया अपार्टमेंट में मनमाने ढंग से हो रही घरेलू विद्युत की बिक्री पर उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग सख्त




* मानवाधिकार आयोग ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी से 6 मार्च तक मांगी जांच रिपोर्ट
* किरायेदारों को बिना नोटिस दिए काटे गए बिजली के कनेक्शन, मूलभूत सुविधाओं के बिना जीवन बदहाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मशहूर कहावत चिराग तले अंधेरा को चरितार्थ करती उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की एक निंदनीय घटना की शिकायत पर उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को आदेश देते हुए 6 मार्च तक जांच रिपोर्ट देने को कहा है। पूरा मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एपी सेन रोड स्थित चौरसिया अपार्टमेंट का है जहां किराए पर निवास कर रहे लगभग 39 परिवारों का अपार्टमेंट के मालिकनों व प्रबंधन तंत्र पर मनमाने ढंग से विद्युत बिल व किराया बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत कर्ताओं ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस प्रशासन व अन्य जिम्मेदारों से भी की थी लेकिन राहत न मिलने पर उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग से अपने मानवाधिकारों की सुरक्षा की गुहार लगाई। उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए आयोग ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने निदेशक को आदेश देते हुए 6 मार्च तक मामले की जांच रिपोर्ट आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। शिकायत कर्ताओं ने अपने शिकायती पत्र में इस बात का भी जिक्र किया कि अपार्टमेंट में निवासरत कई परिवार ऐसे भी हैं जिनके बच्चे अभी अध्ययनरत हैं, बिजली कट जाने के कारण उनकी शिक्षा भी बाधित हो रही है। साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए आयोग से अपने अधिकारों की सुरक्षा हेतु गुहार लगाई है।

# बीकेटी तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़, नहीं मिल रहा न्याय

* बीकेटी तहसील समाधान दिवस पर 128 शिकायतों में महज़ 25 हुईं निस्तारित, शेष शिकायतें 103

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील में तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने की। बता दें कि तहसील दिवस में प्राप्त कुल 128 शिकायतों में महज़ 25 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 103 शिकायतों पर संबंधित लेखपाल एवं अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिये गये। आपको बताते चलें कि बीकेटी तहसील समाधान दिवस में अटेसुवा गांव निवासी कुहूश पुत्र इदरीश ने शिकायत की बारिश में मकान गिर गया था जिसके मुआवजे का आर्थिक लाभ नहीं मिला है फोटो आधार कार्ड पासबुक क्षेत्रीय लेखपाल को दिया था परंतु कोई काम नहीं किया गया। वही राजू ने शिकायत की ग्राम सभा दसौली कुर्सी रोड से दसौली गांव के लिए जो रोड जा रहा है उसे पर भारी अतिक्रमण होटल एवं मार्केट वालों द्वारा किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को निकालने में कठिनाई हो रही है गांव वाले अगर कुछ कहते हैं तो कॉलेज के लड़के एवं दुकानदार लड़ाई पर आ जाते हैं पुलिस का रौब दिखाते हैं कृपया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएं। वहीं मोहम्मद शकील ने शिकायत की ग्राम दिनकरपुर झलौवा तहसील बख्शी का तालाब की गाटा संख्या 203 खलिहान व 204 खाद के गड्ढे सरकारी अभिलेखों में दर्ज उसे पर वीरपाल द्वारा पक्का निर्माण कर लिया गया है जिसमें कार्रवाई की जाए। इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सिंह, नायाब तहसीलदार रूचि गुप्ता, पुलिस अधिकारी ,लेखपाल सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं : राजभर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आज कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव सीएसआर का आयोजन हुआ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री असीम अरुण, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विभिन्न कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों से संवाद किया।इस दौरान सरकार की ओर से कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सीएसआर मूल रूप से समाज को अच्छी दिशा दिखाने वाले प्रयोग हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार जल्द ही यूपी सीएसआर समिट का आयोजन करेगी। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से यूपी के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है।

# शराब के शौकीनों के साथ लगाया जा रहा सरकार को राजस्व का चूना

* सुबह 6 बजे से बिकने लगती है शराब, आबकारी विभाग बना अनजान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र में मिलावटी व नकली शराब की बिक्री सरकारी ठेकों पर हो रही है। बता दें कि किसी-किसी शराब के ठेकों पर देशी शराब का क्वार्टर की ढक्कन खोलकर दुकानदार द्वारा 50 की आधी बोतल शराब बेची जा रही हैं और दुकान में नमकीन गिलास और पानी भी बचा जा रहा है जबकि आबकारी विभाग कार्रवाई के नाम पर गांवों की खाक छानने में लगा है। विभाग के अपने ही कर्मचारी शराब के अवैध कारोबारियों का शह दे रहे हैं। जिसका खामियाजा सरकार के साथ शराब के शौकीनों को भी उठाना पड़ता है। आपको बताते चलें कि बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में मिलावटी शराब धड़ल्ले से बिक रही है सूत्रों कि माने तो महोना, अमानीगंज, पहाड़पुर, कुंम्हरावां, शिवपुरी, इटौंजा, सराय उसरना, उसरना, करीमनगर, दुर्जनपुर, लुधौली, करौंदी , कठवारा ,बाहर गांव इन जगहों पर सुबह 6 से शराब बेची जाती हैं सील तोड़कर शराब बेची जाती हैं वहीं आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक को इस मामले में जब फोन किया जाता है तो उनका फोन नहीं उठाता हैं। वहीं अधिकारी के क्षेत्र में निरीक्षण के बाद भी अग्रेंजी व देशी शराब की दुकानों पर मिलावटी शराब व नमकीन गिलास की बिक्री लगातार जारी है।

# लखनऊ में शुरू हुई 16375 करोड़ की 86 रियल एस्टेट योजनाएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुनियाद रखने के बाद शहर में रियल एस्टेट, शापिंग मॉल, हास्पिटल की बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। कई इंटीग्रेटेड टाउनशिप भी बनने जा रही हैं। होटल और अस्पताल भी बनेंगे। 16375 करोड़ की कुल 86 परियोजनाओं को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में हरी झंडी मिल गई। इनका काम अब शुरू हो गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इन सभी के नक्शे पास कर दिए हैं। रियल एस्टेट की तमाम बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। प्रधानमंत्री के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इनकी बुनियाद रखने के बाद तमाम का काम शुरू हो गया है। पूर्वांचल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 230 करोड़ से ग्रुप हाउसिंग अपार्टमेंट और कमर्शियल सेक्टर विकसित करने जा रहा। इसी तरह प्रीव्यू बिल्डर 560 करोड़ की लागत से 12 रेजिडेंशियल टावर बनाने जा रहा है। मंगलम रियल एस्टेट ग्रुप हाउसिंग की परियोजना शुरू कर रहा है। शिप्रा एस्टेट भी नई योजना ला रहा है। नीलेंद्र कंस्ट्रक्शन, पॉइंट इंफ्रास्ट्रक्चर सिकंदरपुर खुर्द में कामिनी एंक्लेव के नाम से इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित कर रहे हैं। स्वास्तिक मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड 61 एकड़ में इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित कर रहा है। एक इंटीग्रेटेड टाउनशिप भी यह ला रहा है। शीतल इंफ्रा डेवलपर्स सेवई में प्लॉटेड डेवलपमेंट कर रहा है। ड्रैगन एज रियलटर्स अफॉर्डेबल हाउसिंग की स्कीम ला रहा है। टू फ्रेंड एग्रो विभूति खंड में बड़ा कमर्शियल कंपलेक्स बनाने जा रहा है। अवध एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड माती बिजनौर में विलाज बना रहा है। बिलबोर्ड इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड शॉपिंग मॉल बना रहा है। इसी तरह कई अन्य बिल्डर और रियल एस्टेट कंपनियां लखनऊ में शॉपिंग मॉल, कंपलेक्स, अस्पताल बना रहे हैं।

बोरा बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड के पंकज बोरा हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इनके प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिल गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसका नक्शा पास कर दिया है। इन परियोजनाओं में कुल 11642 लोगों को रोजगार मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उनके काम शुरू करने में कोई अड़चन न आए, इसके लिए विशेष इंतजाम किया है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अंकगणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस

**हिन्दू धर्म, भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी शिकायत है कि उनके बयानों को पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिल रहा है जबकि सपा नेताओं का एक वर्ग उनके बयानों से नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई चाहता है। राज्यसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अपना दल की विधायक पल्लवी पटेल ने भी बगावत कर दी है। उन्होंने सपा पर पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए राज्यसभा चुनाव में सपा के उम्मीदवार को वोट न देने की घोषणा की है।**

*देश के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनैतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंकगणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं। यहां राजद, जदयू, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन की सरकार भी चल रही थी। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही पटना में पहली बैठक आयोजित करके विपक्षी गठबंधन की नींव रखी थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में मुख्य मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच होता है यहां भाजपा का जनाधार सीमित है। लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। यहां की 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इसको लेकर वामदल काफी चौकन्ने हैं। केरल के कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से किसी तरह का समझौता न करने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती के गठबंधन में शामिल न होने की घोषणा से ही विपक्षी एकता की बातें औचित्यहीन लग रही थीं लेकिन रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद तो विपक्षी कुनबा बुरी तरह बिखर चुका है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इन पंक्तियो के लेखक ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा का ना केवल प्रयागराज, लालगंज, प्रतापगढ़ तथा अमेठी में कवर किया बल्कि लोगों को सुना भी है, समझ भी है और देखा भी है। उसके आधार पर यह बात डंके की चोट पर कहीं जा सकती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव एक अलग टाइप का परिणाम देंगे। यह चुनाव परिणाम न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता को रेखांकित करेंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की जनता अब जान चुकी है कि भाजपा को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कौन-कौन पार्टी सपोर्ट करती है। क्योंकि अब चुनाव आहिस्ता आहिस्ता दो दलीय होते जा रहे हैं। मतलब साफ है या तो मतदाता भाजपा को वोट देगा या फिर भाजपा के विरोध में कांग्रेस को देगा।**

# यंग एंग्री मैन के रूप में उभरे राहुल



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**एंग्री यंग मैन का लबादा ओढ़े राहुल गांधी ने व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के उन तमाम दावों को फेल करके रख दिया जिसमें भाजपा का आईटी सेल बड़े-बड़े दावे कर रहा था और बता रहा था कि राहुल एक अनुभवहीन और अपरिपक्व को नेता है। जिनकी कोई अपील नहीं है। जबकि आप लोग कहने लगे हैं कि राहुल गांधी की न केवल मास अपील है बल्कि वे मास लीडर भी हैं।**

कथित इंडिया गठबंधन भले ही मुगालते में हो लेकिन जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी यंग एंग्री मैन के रूप में उभर रहे हैं उससे कई क्षेत्रीय दलों को अगर पलीता लगता है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। यह स्पैक्यूलेशन हमारा नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में चल रही राहुल गांधी की यात्रा का फॉलोअप है। उत्तर प्रदेश की ऋषि भूमि में चंदौली के रास्ते से भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंची तो वहां के लोगों का मिजाज देखने लायक था। वाराणसी में राहुल गांधी ने ना तो प्रधानमंत्री पर कोई अनावश्यक टिप्पणी की और ना ही धर्म तथा हिंदुत्व को लेकर कोई बयान दिया। राहुल गांधी ने रोड शो तथा नुक्कड़ सभाओं में आम आदमी की परेशानियां, आम आदमी के सरोकारों तथा उनकी बेरोजगारी और मुफलिसी तक ही अपने को सीमित रखा और लोगों की दिक्कतों महंगाई, भ्रष्टाचार तथा बेकारी की पीड़ा और दर्द को उन्हीं के मुंह से कहलाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस %अदा% से कथित भाजपाई इतना तिलमिला गए की उन्होंने उस स्थान को ही गंगाजल से धोने का निर्णय ले लिया जहां राहुल गांधी ने सभा की थी और एक दुकानदार ने राहुल से बात की थी। भाजपा के लोग इस बात को लेकर बेशक अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि उन्होंने उस स्थान को गंगाजल से धोकर पवित्र कर दिया। लेकिन हकीकत यह है कि लोगों ने इसे बहुत ही गिरी हरकत माना है और कहा है कि क्या मंदिर जाने का कॉपीराइट सिर्फ बीजेपी वालों के पास ही है। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही मंदिर जाने, पूजा करने और प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने का अधिकार है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी आदि भले ही हमारे विचारों तथा हमारी भविष्यवाणी से सहमत ना हो लेकिन हकीकत यह है कि राहुल गांधी की एंग्री मैन छवि से चुनाव में इन पार्टियों को काफी नुकसान होने वाला है। क्योंकि न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरा देश देख रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी से अगर कोई राजनीतिक रूप से टकरा सकता है तो वह केवल राहुल गांधी है। यह बात लोग साफ-साफ शब्दों में खाने भी लगे हैं और बताने भी लगे हैं। ऐसे में मेरी इस आशंका को बल मिलना स्वाभाविक है कि आने वाले दिनों में देश और प्रदेश का मतदाता या तो भाजपा के पक्ष में वोट



**न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जिस तरह प्रयागराज के कटरा में आ0 रो0 और ए0 आर0 ओ0 का मुद्दा किया का कर उठाया कि उत्तर प्रदेश सरकार नौकरी के नाम पर सिर्फ पैसा बटोर रही है। पेपर लीक करके सरकार 73 प्रतिशत आबादी को सरकारी नौकरी न मिलने के बहाने बना रही है।**

देगा या फिर भाजपा के विरोध में। बाकी उत्तर प्रदेश में जो दल है वह सिर्फ और सिर्फ अपनी जाति बिरादरी के वोटो तक सीमित रहने वाले हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जिस तरह प्रयागराज के कटरा में आ0 रो0 और ए0 आर0 ओ0 का मुद्दा किया का कर उठाया कि उत्तर प्रदेश सरकार नौकरी के नाम पर सिर्फ पैसा बटोर रही है। पेपर लीक करके सरकार 73 प्रतिशत आबादी को सरकारी नौकरी न मिलने के बहाने बना रही है। इस तरह की बातें करके उन्होंने पढ़े-लिखे बेरोजगारों तथा नौकरी की तलाश में भटक रहे नवजवानों की दुखदी रग पर हाथ रखने का काम किया है। उनकी इस बात को नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं ने बहुत गंभीरता से लिया है। ऐसा हमारी टीम को कहना है। प्रतापगढ़ में भगवा चुंगी चौराहे से शुरू हुई न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने एक बार फिर पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नवयुवकों ने अपने माता-पिता का लाखों रुपये डिग्री नामक इस कागज के टुकड़े को पाने के लिए लगाया लेकिन आज वह इस डिग्री को लिए मारे मारे घूम रहे हैं। नौकरी के नाम पर उनको छला और ठगा जा रहा है उन्होंने पिछड़ा, दलित तथा गरीब आदि का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठाया। इस तरह उन्होंने पीडीए की भी पोल खोलने की कोशिश की। यंग एंग्री मैन राहुल ने कहा कि अब इस तूफान को रोका नहीं जा सकता। क्योंकि अब देशवासी जाग चुका है और वह समझ भी चुका है कि उसे किस तरह ठगा गया। उन्होंने बहुत अच्छे ढंग से ईडी , सीबीआई, इनकम टैक्स तथा पुलिस के अलावा मीडिया की भी जमकर धज्जियां उड़ाई और बताया कि सत्ता में बैठे लोग विपक्ष को इन्हीं के जरिए डराने का काम करते हैं। इन पंक्तियो के लेखक ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा का ना केवल प्रयागराज, लालगंज, प्रतापगढ़ तथा अमेठी में कवर किया बल्कि लोगों को सुना भी है, समझ भी है और देखा भी है। उसके आधार पर यह बात डंके की चोट पर कहीं जा सकती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव एक अलग टाइप का परिणाम देंगे। यह चुनाव परिणाम न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता को रेखांकित करेंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की जनता अब जान चुकी है कि भाजपा को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कौन-कौन पार्टी सपोर्ट करती है। क्योंकि अब चुनाव आहिस्ता आहिस्ता दो दलीय होते जा रहे हैं। मतलब साफ है या तो मतदाता भाजपा को वोट देगा या फिर भाजपा के विरोध में कांग्रेस को देगा। अमेठी तक की राहुल गांधी कि इस न्याय यात्रा ने न केवल हिंदुत्व में दरार डाल दी है बल्कि अल्पसंख्यकों को भी यह सोचने को मजबूर कर दिया है कि उनका हित क्षेत्रीय पार्टियों के साथ है या फिर राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के साथ। एंग्री यंग मैन का लबादा ओढ़े राहुल गांधी ने व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के उन तमाम दावों को फेल करके रख दिया जिसमें भाजपा का आईटी सेल बड़े-बड़े दावे कर रहा था और बता रहा था कि राहुल एक अनुभवहीन और अपरिपक्व को नेता है। जिनकी कोई अपील नहीं है। जबकि आप लोग कहने लगे हैं कि राहुल गांधी की न केवल मास अपील है बल्कि वे मास लीडर भी हैं। न्याय यात्रा के दौरान मैंने जितने लोगों से बात की उनमें 90 प्रतिशत का कहना था कि कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए और उन्हें उनकी औकात बतानी चाहिए जो किसी बड़े मुगालते में है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 11:29 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 14:16 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | आयुष्मान, 11:50 |
| सूर्योदयः | 06:58 |
| सूर्यास्तः | 18:11 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 15:22-16:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### तभी हमें है आना !

*हो पहले स्पष्ट सब ।*
*तभी हमें है आना ।।*
*लीपापोती ठीक नहीं ।*
*यात्रा में भी जाना ।।*
*दिन अब है नज़दीक ।*
*ना आया बदलाव ।।*
*देकर के बयान बस ।*
*रहे कुरेद घाव ।।*
*खेल लुकाछिपी का ।*
*बंद न होने वाला ।।*
*हो ऐसी रणनीति ।*
*निकले ना दिवाला ।।*
*अपनी-अपनी योजना को ।*
*अमल में है लाना ।।*
*है कोशिश भरपूर ।*
*हाथ लगे खज़ाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*पृथ्वी बची रहे। मैं चाहता हूं पृथ्वी बची रहे और बची रहे मिट्टी आग नदिया चिड़िया झरने पहाड़ हरे हरे पेड़ रोटी चावल मक्का बाजरा समंदर पुस्तकें मनुष्य के लिए जी बची रहे पृथ्वी भी मनुष्य के लिए बचा रहे मनुष्य, मनुष्य के लिए बची रहे स्त्री की कोख नन्हीं बच्चियों के लिए जो आने वाली कई पीढ़ियों को जन्म दे सके*



*मनुष्य के लिए पृथ्वी के लिए और बची रहे मानवता नन्हीं बच्चियों चिड़ियों फूल पत्तियों और कलियों और मनुष्य के लिए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सफलता किसी भी उम्र में अच्छी है, लेकिन जितनी जल्दी आप इसे पा लेंगे उतनी ही देर तक आप इसका आनंद ले पाएंगे*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्किन केयर रूटीन में जरूर शामिल करें प्लांट बेस्ड ऑयल, त्वचा को मिलेंगे कई फायदे

**आजकल** लोगों में पर्यावरण को लेकर जागरूकती बढ़ी है। आज दुनियाभर में कई लोग ऐसे हैं जो सिर्फ वीगन प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोग सिर्फ खाने के लिए ही नहीं बल्कि स्किन प्रॉब्लम को बॉय-बॉय कहने के लिए भी प्लांट बेस्ड ऑयल्स लगाते हैं। कुछ दिन पहले की ही बात है, मैटरनिटी लीव खत्म करने के बाद जब मैं ऑफिस आई तो मेरी स्किन बहुत ज्यादा डल थी। तब मेरी एक सीनियर ने मुझे त्वचा पर प्लांट बेस्ड ऑयल लगाने के लिए कहा। सीनियर की बात सुनने के बाद मैंने अपने स्किन केयर रूटीन में कद्दू के बीजों का तेल शामिल किया है। इस तेल का इस्तेमाल करने से मेरी स्किन में काफी पॉजिटिव बदलाव देखने को मिल रहा है। मेरे डार्क स्पॉट्स कम हो रहे हैं, डिलीवरी के बाद हुए एक्ने कम हो गए हैं। सीनियर की बात मानने और इसका रिजल्ट देखने के बाद मैं कई लोगों को स्किन केयर रूटीन में प्लांट बेस्ड ऑयल शामिल करने के लिए कहती हैं।

**त्वचा के लिए क्यों फायदेमंद हैं प्लांट बेस्ड ऑयल्स:** ब्यूटिशियन और स्किन केयर एक्सपर्ट मनीषा सिंह की मानें तो प्लांट बेस्ड ऑयल्स में जरूरी मिनरल्स, विटामिन, एंटी-



ऑक्सीडेंट और फैटी एसिड होता है। यह सभी पोषक तत्व त्वचा में सही तरीके से समा जाते हैं और स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा दिलाते हैं।

**एक्ने को करता है कम:** ब्यूटी एक्सपर्ट का कहना है कि प्लांट बेस्ड ऑयल्स मे एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यह स्किन पर मौजूद गंदगी को गहराई से साफ करते हैं। स्किन की डीप क्लीनिंग होने की वजह से त्वचा पर पिंपल्स और एक्ने की प्रॉब्लम नहीं होती है। जिन लोगों को हार्मोनल एक्ने है उन्हें प्लांट बेस्ड ऑयल से ठीक नहीं किया जा सकता है।

**स्किन को रखता है हाइड्रेट:** स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए हाइड्रेशन सबसे ज्यादा जरूरी है। त्वचा पर प्लांट बेस्ड ऑयल्स का इस्तेमाल करने से त्वचा को डीप हाइड्रेट होती है। इन ऑयल्स में फैटी एसिड होता है, जो नेचुरल मॉइश्चराइजर की तरह काम करता है। एक्सपर्ट की मानें तो त्वचा पर इन ऑयल्स का इस्तेमाल करने से ड्राई स्किन की प्रॉब्लम नहीं होती है।

**स्किन को रखता है यूथफुल:** त्वचा को जवां बनाए रखने में भी प्लांट बेस्ड ऑयल काफी फायदेमंद होता है। प्लांट बेस्ड ऑयल्स में एंटी एजिंग और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। जिससे स्किन को जवां बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही ये ऑयल्स त्वचा पर उम्र के साथ होने वाली झुर्रियों, झाइयों और फाइन लाइन्स को भी कम करते हैं। दरअसल, प्लांट बेस्ड ऑयल स्किन में कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ाते हैं, जिससे स्किन यंग दिखती है।

**सूरज की हानिकारक किरणों से करते हैं बचाव:** प्लांट बेस्ड ऑयल्स में कुछ खास तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो सूरज की हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाते हैं। एक्सपर्ट की मानें तो प्लांट बेस्ड ऑयल्स को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने के बाद सनस्क्रीन की जरूरत नहीं पड़ती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अवैध खनन गतिविधियों पर राजस्थान सरकार का प्रहार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**जिस तरह से डिजास्टर मैनेजमेंट में काम होता है, ठीक उस तरह से प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान संचालित किया गया और आमजन में सरकार की जीरो टॉलरेंस की प्रतिबद्धता को सिद्ध कर दिया।**

**अवैध** खनन, परिवहन और भण्डारण की समस्या किसी एक प्रदेश की नहीं होकर समूचे देश में नासूर की तरह फैलती जा रही है। देश के लगभग हर कोने से आए दिन अवैध खनन के समाचार देखने को मिल जाते हैं। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में बजरी व अन्य खनिज के अवैध खनन और परिवहन के समाचारों के साथ ही बजरी माफिया के कारण आये दिन होने वाली दुर्घटनाएं आम हैं। बेशकीमती खनिजों का अवैध खनन और सरकार के रवन्ना से अधिक खनन और परिवहन भी आम है। अवैध खनन गतिविधियों के चलते सरकारों को कई मोर्चों पर जूझना पड़ता है। पर इसका हल निकालने के लिए सरकारों द्वारा ठोस प्रयास नहीं किये जाते। ऐसे में राजस्थान में भजनलाल शर्मा के कमान संभालते ही अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जिस तरह से अभियान चलाकर ठोस कार्रवाई की गई है, वह वर्तमान राजनीतिक माहौल में साहसिक कार्य ही है। यह राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार की इच्छा शक्ति और अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम रहा कि सरकार ने कार्यभार संभालते ही प्रदेश में 15 जनवरी से 31 जनवरी तक राज्यव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया। प्रदेशभर में

**मांइस डिपार्टमेंट को एक्टिवेट करने की जिम्मेदारी माइंस सचिव आनन्दी ने संभाली और पूरी मशीनरी चंद घंटों में ही एक्टिवेट हो गई। शासन सचिव माइंस स्तर पर मोनेटरिंग के साथ ही मुख्यालय उदयपुर में अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस को समन्वयक प्रभारी बनाया गया। अभियान में जनभागीदारी तय करने के लिए 24 गुणा 7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया और एसएमई स्तर के अधिकारी को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया। इसके साथ ही नियंत्रण कक्ष का अलग से मोबाइल नंबर भी जारी किया गया।**

अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया, वहीं अभियान को सफल बनाने में जनभागीदारी भी तय की गई। अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान खानापूर्ति बनकर नहीं रह जाये, इस कारण अवैध खनन की जड़ पर प्रहार करने पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते वाहनों की पकड़ा-पकड़ी तक ही सीमित नहीं रहकर स्रोत को खोजने और उस पर कार्रवाई करने पर बल देने के साथ मशीनों और उपकरणों को जब्त करने पर बल दिया गया। जिला कलक्टरों को पांच विभागों माइंस, राजस्व, परिवहन, पुलिस और वन विभाग के संयुक्त अभियान के संचालन, मोनेटरिंग, समन्वय की जिम्मेदारी दी गई। इससे पुलिस व प्रशासन की सक्रिय भागीदारी भी तय हो सकी। अभियान को आंकड़ों में समझा जाए तो अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान के दौरान 2643 कार्रवाई की गई, इसमें भी बड़े स्तर पर अवैध खनन स्थलों पर 613 कार्रवाई की गई। पुलिस में 564 प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई और इस अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त 264 लोगों की गिरफ्तारी हुई। 12 करोड़ 62 लाख से अधिक का ढाई लाख टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया। 54 एक्सक्वेटर, 69 जेसीबी, 6 क्रेन और 1773 वाहनों को जब्त किया गया। मौके पर ही 12 करोड़ 76 लाख रु. से अधिक का जुर्माना वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया गया। इसके साथ ही गोपनीय सूचनाओं से प्राप्त जानकारी पर दूसरे जिलों के अधिकारियों की टीम को भेज कर कार्रवाई की गई और करोड़ों रुपयों का जुर्माना लगाया गया। कई कार्रवाइयों में तो जिला कलक्टर स्वयं मौके पर पहुंचे। खास बात यह कि सरकार नई, मुख्यमंत्री नए, मुख्य सचिव नए, खान सचिव नए होने के बावजूद खनन माफिया के खिलाफ अभियान की चंद घंटों में ही इतनी चाक चौबंद कार्ययोजना तैयार की गई कि परिणाम आने पर अभियान की सफलता पर संदेह उठाने वालों को भी दांतों तले उंगली दबानी पड़ी। इसे यों समझा जा सकता है कि भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जनवरी के पहले सप्ताह 1 जनवरी को नए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कार्यभार संभाला। 10 जनवरी को आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची में आनन्दी को खान सचिव लगाया गया और अगले दिन खान सचिव के कार्यभार संभालते ही यानी कि 11 जनवरी को देर शाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो कि स्वयं खान मंत्री भी हैं, उन्होंने खान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अगले दिन 12 जनवरी को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने 15 जनवरी से 31 जनवरी, 2024 तक खान, राजस्व, परिवहन, पुलिस और वन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश जारी कर दिए। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कमेटी की बैठक तत्काल आयोजित कराने और जिला कलक्टर के निर्देशन में राज्य व्यापी अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# 8 बसें और 50 कारों से कांग्रेसी लखनऊ के लिए रवाना, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का करेंगे समर्थन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में मंगलवार को जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसी आठ बसों और करीब 50 कारों से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने बताया कि दलितों,आदिवासियों,महिलाओं,वंचितों युवाओं,अल्पसंख्यकों को न्याय का हक दिलाने के लिए कांग्रेस ने यह अभियान शुरू किया है। देश में अराजकता का माहौल है।तानाशाही



सरकार विपक्ष को खत्म करने पर आमादा है।विपक्ष पर झूठे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं।कहा कि सरकार खुलेआम ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। अगर इसी प्रकार तानाशाही रवैया जारी रहा तो लोकतंत्र समाप्त कर देंगे। राहुल गांधी सरकार की जन विरोधी नीतियों का डट कर मुकाबला कर रहे हैं। आज देश में किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सरकार की नीतियों से त्रस्त है।किसान अपनी मांगों को लेकर बॉर्डर पर बैठे हैं।तानाशाही सरकार उनसे बात करने तक मुनासिब नहीं समझ रही। आगे कहा कि राहुल गांधी का एक ही मकसद है कि देश में अमन चैन आपसी भाई चारा कायम रहे। जनहित के मुद्दों को लेकर राहुल गांधी आज सड़कों पर हैं। यात्रा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, रोहित बाजपेई, सगीर अहमद, तरुण, शालू, सुनील मिश्रा,जय प्रकाश, केके मिश्रा, रवि गोस्वामी, संजय गोस्वामी, अबदुल रहीम आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

# फेयरवेल पार्टी के बाद कारों से छात्रों का स्टंट करते वीडियो वायरल, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में मची खलबली

* कारों की छत पर स्टंट ऐसा लग रहा था किसी फिल्म की शूटिंग हो रही है जान जोखिम में डाल रहे थे छात्र

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी के बाद छात्रों ने कई कारों का काफिला निकालकर स्टंट किया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खलबली मच गई है। वहीं पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में फेयरवेल पार्टी हुई थी। बताते हैं कि पार्टी में शामिल होने के बाद छात्रों ने लग्जरी गाड़ियों का काफिला निकाला, जिसमें 12 से अधिक कारें शामिल थीं। छात्रों ने कारों की छत पर अजय देवगन की स्टाइल में स्टंट किया। किसी ने हूटर बजाते और स्टंट कर रहीं कारों का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।मंगलवार को वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल प्रबंधन, छात्रों और उनके अभिभावकों में हड़कंप मच गया। पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करने और भारी भरकम समन शुल्क वसूलने की तैयारी में है।वायरल वीडियो संज्ञान में आया है, जो शहर के किसी एक प्रतिष्ठित कॉलेज का बताया जा रहा है। जिसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोहम्मदी को जिला बनाने की मांग लोगो के लिए सपना ही बनकर रह गयी

जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी को जिला बनाने को मांग लोगो के लिए सपना ही बनकर रह गयी है। वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलीला मैदान में अपनी एक जनसभा मंच से मोहम्मदी को जिला बनाने की घोषणा की थी। पांच साल बाद 2022 में पुनः विधानसभा चुनाव हुए और फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और एक बार फिर मोहम्मदी की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को विधायक बनाकर विधानसभा भेजा परन्तु मोहम्मदी जिला बने जनता का यह सपना सपना ही रह गया और विधानसभा के दो वर्ष बीतने के बाद लोकसभा चुनाव भी आ गये परन्तु मोहम्मदी तहसील जिला नहीं बन सकी। मोहम्मदी जिला बने इसके लिये समय समय पर कई सामाजिक संगठनो द्वारा इसे जिला बनाने की मुहिम चलाकर संघर्ष किया गया तहसील के वकीलो द्वारा हर शनिवार को हड़ताल पर रहकर इस मुहिम को काफी गति प्रदान की गयी थी परन्तु सारे प्रयास विफल रहे। जबकि वर्ष 1864 तक मोहम्मदी के जिला रहने सम्बन्धित कई प्रमाण आज भी मौजूद है। जानकारो की माने तो नगर के जेपी इण्टर कालेज के पास पहले एक किला हुआ करता था जो वर्तमान समय में खण्डहर बन चुका है। पहले अंग्रेज अधिकारी इस जगह को जिला मुख्यालय के रूप में प्रयोग करते थे। सन् 1857 के विद्रोह के दौरान जब क्रान्तिकारियों ने संघर्ष कर शाहजहांपुर जिले के पुवायां तक अंग्रेजो को भगा दिया था तब यहां बचे अंग्रेज अधिकारियों ने अपने को असुरक्षित महसूस किया। उसके बाद एक जून 1857 को एक लाख दस हजार रूपये यहां से सीतापुर भेजने की कोशिश की जिसें क्रान्तिकारियो ने रास्ते में मितौली कस्बे के पास लूट लिया था। इस घटना से भयभीत होकर अंग्रेज चार जून 1857 को बरबर में रात रूककर अगले दिन आगे बढ़े। उस दौरान बरबर औरंगाबाद मार्ग पर उन सभी 16 अंग्रेज अधिकारियो को क्रान्तिकारियो ने मौत की घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद ही अंग्रोजो ने मोहम्मदी जिला समाप्त कर खीरी को जिला बनाया था। औरंगाबाद कस्बे के निकट जहां पर अंग्रेज अधिकारी जेम्सबाट थामसन सहित सभी 16 अंग्रेजो को मारा गया था। वहां पर ब्रिटिश सरकार ने स्मृति स्तम्भ का निर्माण करवाया। वह स्मारक अब आर्कियोलाजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा संरक्षित है। यह स्मृति स्तम्भ 1857 की क्रान्ति का महत्वपूर्ण गवाह है। उन मृतको के परिजन आज भी यहां आते है। मोहम्मदी तहसील में दो ब्लाक है। यहां से पार्टी प्रत्याशी के भारी मतो से चुनाव जीतने के बाद नगर सहित पूरे क्षेत्र की जनता की ओर से क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह से कई बार जिला बनाने की मांग भी की गयी थी फिर भी अब तक जनता की यह प्रमुख मांग पूरी नहीं हो सकी। विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव आ गये है और सम्भवता पार्टी अपने जीती प्रत्याशी रेखा वर्मा पर पुनः दाव खेलेगी या प्रत्याशी बदलेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।अब अपने को ठगा महसूस कर रही जनता क्या निर्णय लेगी यह भविष्य की गर्भ में है।

# नगर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषक समाज इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं के द्वारा मंगलवार को नगर मे मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कालेज प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा, विनोद चंद्र मिश्र उप मंत्री व रैली को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर मे मतदाता जागरूकता रैली निकालकर कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक की आयु वर्ग के लोगों को मतदान का अधिकार है।हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे।रैली कृषक समाज इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर लखीमपुर रोड होते हुए सदर चौराहे,अलीगंज रोड एवं वीर अब्दुल हमीद मार्केट विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस विद्यालय पहुंच संपन्न हुई।इस मौके पर तहसील स्तरीय स्वीप नोडल डॉ अनिल कुमार,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संदीप वर्मा, कीर्ति वर्मा व विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ए पी सरोज,श्याम मूर्ति शुक्ल ,देवेंद्र सिंह ओम प्रकाश यादव,हसीब अख्तर अंसारी,मनीषा भारती के आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 10 दिवसीय विशेष जनसम्पर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जनपद में विद्युत विभाग द्वारा बिजली सेवा एवं जन सम्पर्क अभियान (विद्युत गति से समाधान) विद्युत संरचना के सशक्तिकरण, अनुसरण एवं जन शिकायतों के समाधान हेतु मंगलवार 20. फ़रवरी.2024 से 29.फ़रवरी .2024 तक पर्याप्त एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत सेवा एवं जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। विभाग से सम्बंधित जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण एवं जनता का मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु इस 10 दिवसीय विशेष जनसम्पर्क अभियान में मिले सुझावों के साथ आगामी मार्च माह में नए कार्यों के साथ,अग्रिम अनुसरण अथवा प्रिवेंटिव मैंटेनेंस के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इस अवधि में विद्युत सम्बंधी जन समस्याओं को विद्युत विभाग को अथवा खीरी संसदीय कार्यालय निकट कलेक्ट्रेट लखीमपुर में लिखित रूप से समस्याएं अथवा सुझाव दे सकते है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 27 वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 27 वाँ वार्षिकोत्सव आज बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन व उनकी पत्नी श्रीमती सीमा सिंह के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से ए के पांडे ,पीएस चतुर्वेदी , के के तिवारी, पीसी गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, संजीव श्रीवास्तव ,अनुराग गुप्ता, रितेश दुबे ,गोपाल जायसवाल, धर्मेंद्र सचान, चेतराम सिंह, दीपक सिंघल, राजकुमार शर्मा सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।हवन पूजन एवं आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।



### संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 प्रार्थना पत्र आए इनमें से सिर्फ 04 प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण किया गया

**जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी। मोहम्मदी खीरी।** तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 33 प्रार्थना पत्र आए।इनमें से सिर्फ 04 प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए संबधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया।मंगलवार को मोहम्मदी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का डीएम एसपी की मौजूदगी में आयोजन किया गया।जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह और पुलिस गणेश साहा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।अधिकारियों की अध्यक्षता में फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। डीएम-एसपी की अध्यक्षता में चल रहे तहसील मोहम्मदी में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना व संबधित अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इस दौरान मोहम्मदी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में 33 प्रार्थना आए।जिसमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है। समाधान दिवस मे सीडीओ, उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार,तहसीलदार सहित संबधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### कलह के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** पारिवारिक कलह के चलते महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है। आपको बता दे कोतवाली क्षेत्र के गांव सुमेरपुर का मजरा महनेपुर निवासी अनिल कुमार की 24 वर्षीय पत्नी नैना ने मंगलवार की दोपहर को पति से झगड़ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसको अस्पताल लेकर जा रहे थे। कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही बताया जाता है मृतक के एक डेढ़ वर्ष का पुत्र है। और घटना की जानकारी मायके पक्ष को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।मायके पक्ष के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### 84 शिकायतों में मात्र 3 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आई राजस्व की शिकायतों पर एसडीएम ने कर्मचारियों को शिकायतों के निस्तारण पर गंभीर होने की चेतावनी दी।तहसील दिवस में राजस्व और पुलिस से संबंधित कुल 84 प्रार्थना पत्र आए जिनमें मात्र तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका। अधिकतर राजस्व की ही शिकायतें के आने से एसडीएम नाराज दिखाई दीं। मंगलवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम पूनम भास्कर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर ने उपस्थित राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा सरकार की मंशा के अनुरूप सात दिवस के अंदर समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए।सरकारी और गरीबों की जमीन पर अगर अवैध कब्जा है तो उसे तत्काल खाली करवाकर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। राजस्व की अधिकतर शिकायतों पर तीखे तेवर दिखाते हुए कर्मचारियों को समाधान दिवस के प्रति गंभीर होने की चेतावनी दी। इस अवसर पर तहसीलदार नरेंद्र यादव, कस्बा लेखपाल अमित मिश्रा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पैमाइश के बाद भी दबंग नहीं छोड़ रहे कब्जा

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** शाहाबाद तहसील के मझिला थाना अंतर्गत ग्राम भिटारा आलमनगर राम तीरथ के अनुसार उसके गाटा संख्या 2089, 2091 पैमाइश छेत्री लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा की गई थी उसके बाद भी निशारद पुत्र सामान तथा सामीन और गंगाराम ने कब्जा कर रखा है। एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में राम तीरथ ने कहा है कि जब वह अपना कब्जा छोड़ने के लिए कहता है तो उपरोक्त दबंग उसे जानमाल की धमकी देते हैं। एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उसने कब्जा दिलाने की मांग की है।

# दबंगों ने किया कृषि भूमि पर कब्जा पुलिस और राजस्व महकमा लाचार

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है की भू माफियाओं,अपराधियों, दलालों और जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों को किसी हालत में बख्शा ना जाए।जो मामले मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते हैं उन पर कड़ी कार्रवाई होती देखी जाती है परंतु तहसीलों और थानों में बैठे हुए अधिकारी भूमाफियाओं पर मेहरबानी की नजर रखते हुए दिखाई देते हैं। इसी प्रकार का एक मामला थाना हैदराबाद तहसील गोला का सामने आया है।जिसमें 7 वर्ष पूर्व खरीदी गई जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया।पीड़ित व्यक्ति दर-दर भटक रहा है उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।नगर के निकटवर्ती ग्राम लाल्हापुर कोतवाली गोला निवासी राजा राम पुत्र मनोहर लाल ने थाना अध्यक्ष हैदराबाद और तहसील दिवस गोला में उप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा को एक प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उन्होंने 3 जून 2016 को श्री राम पुत्र मोती निवासी ग्राम हरगोविंदपुर थाना हैदराबाद से चार बीघा जमीन उचित मूल्य देकर जरिये बैनामा खरीदी थी।बैनामा के बाद से ही राजा राम उस जमीन पर काबिज होकर फैसले बोते चले आ रहे थे और उस खरीदी गई भूमिका लाभ प्राप्त कर रहे थे परंतु विगत 4 फरवरी को विपक्षी गण श्री राम पुत्र मोती, दिलीप कुमार,देवेंद्र कुमार,राजेश कुमार,सुरेश कुमार पुत्रगण श्री राम और विकास पुत्र देवेंद्र ठाकुर,श्याम सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी ग्राम कोरैया थाना हैदराबाद ने खेत में बोई हुई गेहूं की फसल नष्ट करके गन्ने की बुवाई कर दी।पीड़ित राजाराम खेत पर कब्जा होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। तब विपक्षी गण गन्ने की बुवाई कर रहे थे। राजाराम के मना करने पर विपक्षी आमदा फौजदारी हो गए। विपक्षी ठाकुर श्याम सिंह ने जाति सूचक भद्दी भद्दी गालियां दी। प्रार्थी अनुसूचित जाति का होने के कारण उसको भली-बुरी बातें सुनाई गई। विपक्षियों ने धारदार हथियार लेकर राजाराम को मौके से भगा दिया।राजाराम ने उक्त प्रार्थना पत्र उप जिला अधिकारी को तहसील दिवस में और थाना हैदराबाद को देखकर कार्रवाई की मांग की है।विडंबना की बात यह है अभी तक इस गंभीर प्रकरण में न तो पुलिस ने कोई कार्रवाई की है और ना तहसील प्रशासन के कान पर जूं तक रेंगी है।

# डीएम ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बन्ध में की बैठक

जन एक्सप्रेस। हरदोई

* जिलाधिकारी ने कहा कि मण्डी परिसर में दुकानों का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये

कलेक्ट्रेट सभागार मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल के सम्बन्ध मे निर्माणाधीन कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के सम्बन्ध मे बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मण्डी परिसर मे निर्माणाधीन दुकानों का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये, ताकि इनका प्रयोग स्टंञग रूम के रूप मे किया जा सके। उन्होंने कहा कि मण्डी परिसर मे साफ-सफाई का कार्य कराया जाये। सड़कों की मरम्मत का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाये। आवश्यकता अनुसार मण्डी प्लेटफार्मो की भी मरम्मत करा ली जाये। बिजली के ढीले तारों को ठीक करा लिया जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## तहसील समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी शिकायते

जन एक्सप्रेस। हरदोई

तहसील बिलग्राम में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस, सीएम डैश बोर्ड एवं जनता मिलन की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक, मानक के अनुरूप एवं निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी, पट्टे की भूमि एवं अन्य गरीबों की भूमि तथा मकान आदि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने तहसील के सभी कानूनगो एवं लेखपालों की क्लास ली तथा सख्त निर्देश दिये कि अपनी ग्राम पंचायतों का नियमित भ्रमण करें और सरकारी तथा पट्टे की भूमि व गरीबों की भूमि एवं मकान आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें और अगर कोई सरकारी आदि भूमि पर अवैध रूप प्लाटिंग कर जमीन की बिक्री कर रहा है तो उनके भी विरूद्ध एआईआर दर्ज कराकर जेल भेजें। उन्होने कहा कि सरकारी भूमि आदि पर अवैध कब्जा एवं प्लाटिंग कराने में किसी कानूनगो, लेखपाल या अन्य किसी अधिकारी की संप्लिता पाई गयी तो उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये वरासत के मामलों का निस्ताण त्वरित गति से करायें और वरासत मामलों में लापरवाही करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# धन के अभाव में खेल से वंचित नहीं रहेगा गरीब परिवार का खिलाड़ी : सांसद राजकुमार चाहर

* पायल और प्रमोद बने नमो दौड प्रतियोगिता के विजेता, युवाओं में दिखा राष्ट्रभक्ति का जोश
* तृतीय सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित नमौ दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग, खिलाडियों में दिखा जबरदस्त उत्साह
* मोदी सरकार के प्रयास से खेलों में भी निखर रही युवाओं की प्रतिभा, युवा पीढ़ी नित-नूतन कर रही नये आयाम स्थापित

जन एक्सप्रेस। आगरा

फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र की तृतीय सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ मंगलवार को 'विकसित भारत का संकल्प नमो दौड' प्रतियोगिता के साथ हुआ। फतेहाबाद विधानसभा के धिमिश्री स्थिति डीएवी इंटर कॉलेज से शमशाबाद के जारौली टीला तक करीब 5 किलोमीटर की दौड आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ सांसद राजकुमार चाहर ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के विजेता पायल और प्रमोद रहे। इस अवसर पर सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरत हैं उन्हें तलाशने और तराशने की। पीएम मोदी की प्रेरणा से चलाई जा रही सांसद खेल स्पर्धा का उद्देश्य भी यही है। आदणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज खेलों के क्षेत्र में भारत के युवा नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से प्रतिभावान युवाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश भर में आयोजित हो रही सांसद खेल स्पर्धा युवा शक्ति को नई दिशा दे रही है। खेलों की दुनिया में आगरा के युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। क्रिकेट के क्षेत्र में आगरा के दीपक चाहर, ध्रुव जूरैल, दीप्ति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। ये सब मोदी सरकार के प्रयास से संभव हो सका है। इस अवसर पर सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कु शवाह, पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर, पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह, जिलाअध्यक्ष युवा मोर्चा हरिओम रावत, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा देवेंद्र रावत, आदित्य कुमार उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग, सुनील जोशी मंडल खेलकूद अधिकारी आदि मौजूद रहे।



### नमो दौड में 240 युवा और 10 युवतियों ने लिया भाग, प्रमोद और पायल ने जीती दौड़

नमो दौड प्रतियोगिता के अंतर्गत फतेहाबाद विधानसभा के धिमिश्री स्थिति डीएवी इंटर कॉलेज से शमशाबाद के जारौली टीला तक करीब 5 किलोमीटर की दौड आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 240 युवा और 10 युवतियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के विजेताओं को, 21 हजार, 11 हजार व 5100 रुपये की नगद धनराशि, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व चौथे, पांचवे और छठवीं श्रेणी के प्रतिभागियों को 2100 रुपये की नगद धनराशि दी गई। महिला श्रेणी की प्रथम विजेता पायल, द्वितीय विजेता अनुराधा व प्राची तृतीय विजेता रहीं। वहीं चौथे नंबर पर संजना, पांचवे नंबर पर कामिनी, छठवें शिल्पी और सांतवे स्थान पर भावना यादव रहीं। वहीं पुरुष श्रेणी में प्रथम विजेता प्रमोद, द्वितीय विजेता लवकुश, व रोहित तृतीय विजेता रहे। चौथे नंबर पर सचिन, पांचवे पर राजू व छठवे नंबर पर रणजीत रहे।

### कल सुबह 10 बजे कागारौल में होगा नमो दौड का आयोजन

सांसद खेल स्पर्धा के क्रम में कल दिनांक 21 फरवरी को कागारौल के रफीक अहमद इंटर कॉलेज के ग्राउंड से अकोला के मिनी स्टेडियम तक नमो दौड का आयोजन किया जाएगा। सांसद राजकुमार चाहर ने सभी खिलाड़ियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

### आगरा में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए सदन में पैरवी कर चुके हैं सांसद राजकुमार

आगरा के युवाओं की प्रतिभा को मंच दिलाने के लिए सांसद राजकुमार चाहर सदैव प्रयासरत रहते हैं। खेलों में रुचि रखने वाले युवा ऊंचे पायदान पर पहुंच सकें और उन्हें मार्गदर्शन मिल सके इसके लिए सांसद चाहर का प्रयास सदैव अनुकरणीय रहता है। इसी क्रम में सांसद राजकुमार चाहर ने बीते दिनों आगरा में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉलेज बनाये जाने की मांग उठाई थी। प्रश्नकाल के दौरान सांसद चाहर ने कहा था कि आगरा जिले ने कई खेल प्रतिभाएं दी हैं। लेकिन यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का कोई स्टेडियम नहीं है। इस अवसर पर सांसद चाहर ने पीएम मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा था कि खेलो इंडिया के अंतर्गत देश के नौजवान खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगरा एक अंतरराष्ट्रीय पहचान वाला जिला है। यहां ताजमहल है दुनियाभर से लोग यहां आते हैं। लेकिन आगरा में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं है। आगरा में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉलेज बनना चाहिए।

## सूने मकान में फांसी पर लटका मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र कांशीराम कालोनी में ड्राइवर ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के कोंच रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में निवासी बलराम 46 वर्ष पेशे से ड्राइवर था। बीते दो दिन पहले 17 फरवरी को उसकी पत्नी सुनीता और लड़का आशीष अपने रिश्तेदार के घर मोहल्ला उमरार खेड़ा गए हुए थे, और वह घर में अकेला था। रविवार व सोमवार को मोबाइल न उठने और उसकी कोई खबर न मिलने पर उसका पुत्र आशीष व बाकी लोग कमरे पर पहुंचे। जहां अंदर से गेट बंद था। किसी तरह परिवार के लोग अंदर पहुंचे तो वहां उसका शव कपड़े से लटक रहा था। छानबीन करने पर परिजनों को एक पर्ची मिली जिसमें कुछ लोगों के नाम लिखे हुए थे। मामले की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजनों ने मृतक के पास से मिली पर्ची के आधार पर कुछ लोगों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया और घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# धारा 69 लागू करने की मांग, व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

*** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर कमेटी ने एसडीएम को सौंपा पत्रक**

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर/महराजगंज**



खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम विभाग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष आनन्दनगर ने मंगलवार को फरेंदा एसडीएम को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। बताते चलें कि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आवाह्न पर पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों व नगर तहसील पर खाद्य सुरक्षा विभाग नितियों से उत्पन्न कठिनाइयों से व्यापारियों को राहत दिलाने के लिए 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नई दिल्ली को फरेंन्दा एसडीएम नवनीत कुमार के जरिए मांग पत्र भेजा गया। संगठन के नगर अध्यक्ष आसिफ जमाल ने बताया कि फरेंन्दा उपजिलाधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें ग्यारह सूत्रीय मांगों में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन को आजीवन करने, व्यापारियों की ट्रेनिंग हेतु टेक्निकल जानकारी, लैब टेस्टिंग हेतु एन ए बी एल लैब की सूची सार्वजनिक करने, सैंपलिंग के समय स्टेरलाइज सैंपल शीशी का प्रयोग करने, खेती में रसायनिक खाद व हानिकारक कीटनाशक के प्रयोग के कारण भूगर्भ जल व सिंचाई के जल में भारी मात्रा में केमिकल के होने के कारण फल, सब्जी, अनाज आदि खाद्य पदार्थों के मानकों का पुनः निर्धारण करने, अधिनियम की धारा 69 के अनुसार समन व्यवस्था लागू करने आदि की मांग की गई है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अश्वनी चौधरी, नगर महामंत्री कमल किशोर जायसवाल, नगर कोषाध्यक्ष मनोज सिंघानिया, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज जायसवाल, नगर मंत्री शशांक श्रीवास्तव व व्यापार मण्डल के समस्त नगर के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं सभी सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे।

## एसपी नार्थ ने सहजनवा तहसील पर सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जनपद के सजनवा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता संयुक्त रूप से एसपी नार्थ व एसडीएम सहजनवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गांवों से समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्या को एसपी नार्थ ने सुना और फरियादियों के समस्याओं को न्याय देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया बताते चलें कि संपूर्ण समाधान दिवस प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया जाता था परंतु इस शनिवार को हुई उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण शासन ने मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया था। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मातहतों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी फरियादी को परेशान ना करने की शिकायत मिली तो होगी सख्त कार्यवाही । इस दौरान एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लार में दिन दहाड़े घर मे घुसकर की चोरी, बिस्किट और पानी का नाश्ता भी किया

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना,देवरिया।** लार थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएँ मंगलवार को दिन में ही चोरों ने की एक बड़ी बारदात। अधिवक्ता प्रियेश नाथ त्रिपाठी देवरिया कचहरी में एक वकील है रोज की भांति उनके कचहरी चले जाने के बाद बाईक से दो युवक आये और गेट को खुलवाने के लिए गेट को खटखटाने लगे। उसके बाद अधिवक्ता की माँ ने गेट खोला तो दोनों लड़के एक ब्रांडेड कम्पनी का एजेन्ट बताते हुए अन्दर चले गए। उसके बाद उन्होंने आराम से बैठकर दोनों ने बिस्किट और पानी भी पिये। उसके बाद चाकू निकाल कर मा और पत्नी को डरा धमकाकर दोनों के शरीर के सभी गहने लूट लिए और जाते समय नमस्ते बोल कर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही लार थाना के प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी और कस्बा के चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र मिश्र अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और घटना की जानकारी ली।अधिवक्ता प्रियेश नाथ त्रिपाठी का मकान गयागीर में है। रोज की भांति वे तैयार होकर देवरिया कचहरी चले गए। घर मे उनकी माँ और पत्नी ही थे उनके घर के आस पास कोई बस्ती भी नही है। जिससे कोई हल्ला गुल्ला भी कर सके खबर लिखे जाने तक पुलिस सीसी टीवी कैमरे द्वारा बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### पुलिस चेक पोस्ट के सामने चोरों ने किया आभूषण की दुकान में लाखो की चोरी

**जन एक्सप्रेस/बनकटा देवरिया।** बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग स्थित पुलिस चेकपोस्ट के सामने एक आभूषण की दुकान में चोरों ने नकब काटकर 10 लाख से अधिक की चोरी की वारदात की है। घटना सोमवार की रात की है। घटना की जानकारी मंगलवार को सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को हुई। आक्रोशित दुकानदारों ने चोरी के विरोध में मझौली – मैरवा सड़क को जाम कर करीब एक घन्टे प्रदर्शन किया। मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष बनकटा अमित राय के आस्वासन पर लोगों ने जाम हटाया। पुलिस फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्राड की मदद से छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र के बंजरिया निवासी शिवसागर पुत्र भगवान वर्मा की रामपुर बुजुर्ग पुलिस चेक पोस्ट के सामने अंजली ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। पुलिस को दिए तहरीर में दुकानदार ने बताया है कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे दुकान खोलने पहुचा था। दुकान का शटर खोला तो अंदर का सभी सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीछे से दीवाल काट कर चोर दुकान में रखा 20 हजार नकदी दो सौ ग्राम सोना, साढ़े सात सौ ग्राम चांदी पुराना, साढ़े सात ग्राम सोना चांदी बंधक जो करीब दस लोगो का रखा था इसके अलावा एक लाख बीस हजार का सोने का हार सेट सहित अन्य सामान चोर चुरा लिए है। इसकी तहरीर देकर दुकानदार ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए सामान बरामद करने की मांग की है। थानाध्यक्ष बनकटा अमित राय ने बताया कि फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्रायड मौके पर छानबीन कर रही है।

### डीएम ने लेखपाल चन्द्रशेखर को किया निलम्बित, तहसीलदार के निजी अर्दली को पुलिस हिरासत में भेजा

**जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया।** बरहज तहसील में मंगलवार को आयोजित समाधान दिवस पर पीड़ित की शिकायत पर जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बरहज के तहसीलदार के फर्जी अर्दली को पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस मामले में उन्होंने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं बिना अनुमति के हरा पेड़ कटवाने की शिकायत मिलने पर बढ़या हरदो के लेखपाल चंद्रशेखर को निलंबित कर दिया। समाधान दिवस पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा समस्या सुन रहे थे कि इसी बीच नंदना वार्ड पूर्वी निवासी रामायण प्रसाद ने शिकायत की कि वह धारा 34 के निपटारे के लिए कई बार समाधान दिवस पर प्रतिवेदन दे चुके है। तहसीलदार के अर्दली राजेश कुमार ने दस हजार की रिश्वत मांगी है। डीएम ने तत्काल अर्दली को तलब किया तो पता चला कि वह फर्जी है। डीएम ने उसकी टोपी उतरवा कर पुलिस हिरासत में भेजा और मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। तहसीलदार अरुण कुमार से भी स्पष्टीकरण मांगा कि किन हालात में निजी कर्मचारी रखा गया है।बढ़या हरदो निवासी संजीव यादव ने शिकायत की कि गांव में आराजी संख्या 78 आरआरसी भवन बन रहा है। उसी भूमि में हरा पेड़ था जिसे लेखपाल ने बिना वन विभाग की अनुमति के कटवा दिया। लेखपाल चंद्रशेखर द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर डीएम ने उन्हे निलंबित कर दिया। जनता इंटर कलेज गोला में शिक्षक अभिभावक संघ के शुल्क में प्रधानाचार्य द्वारा वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर कार्रवाई न होने की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। डीएम के इस तेवर से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई।

### समाज का आइना बने पत्रकार

**जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया।** आज के बदलते सामाजिक परिवेश में पत्रकारिता के सामने तमाम चुनौतियों के बीच पत्रकारों को समाज का आइना बनने की जरूरत है ।पत्रकार की लेखनी से निष्पक्षता व सृजनात्मकता का बोध होना चाहिए ।उक्त विचार ग्रा प ए के जिला महासचिव प्रेम चंद्र मिश्र ने व्यक्त किया ।मिश्र बरहज नगर पा लिका के सभागार में संगठन की तहसील इकाई के सदस्यों को परिचय पत्र वितरण के बाद सम्बोधित कर रहे थे ।तहसील अध्यक्ष सिंहासन यादव नेकहा कि उचित अवसर पर ही इस कार्ड का प्रयोग किया जाना चाहिये । जिला मंत्री श्रवण कुमार गुप्त,उपाध्यक्ष जे पी श्रीवास्तव ने भी अपना विचार संगठन हित में रखते हुए बैठकों में शत प्रतिशत उपस्थिति को आवश्यक बताया तथा अगली बैठक मई माह में भलुअनी में कराने की बात की ।इस मौके पर शत्रुघ्न सिंह अरविंद सिंह विशाल चौथे,जगदीश जायसवाल,विजेन्द्र कुमार,रमेश यादव ,अमरनाथ उपाध्याय आदि मौजूद रहें।

### श्रम विभाग के लाभार्थियों को किया स्वीकृति पत्र वितरित

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने तहसील बरहज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता के अन्तर्गत दो लाख का स्वीकृति पत्र मुर्तुजा अंसारी को तथा दो लाख पचीस हजार का स्वीकृति पत्र नूरजहां को प्रदान किया गया। इसी प्रकार शिशु मातृत्व बालिका मदद योजना के लाभार्थी सलीम को 25 हजार एवं सुनीता को 25 हजार का स्वीकृति पत्र दिया गया। कन्या विवाह योजना के तहत जिउत को 55 हजार, कृष्णावती देवी को 55 हजार, प्रमिला को 25 हजार एवं तबसुम निशा को 55 हजार का स्वीकृति पत्र दिया गया।

# वैखौफ चोरों ने खोली पुलिस गश्ती की पोल तीन घरों पर किया हाथ साफ

**जन एक्सप्रेस। उरई**

*** तीन घरों से दशों लाख रुपए का माल समेट ले गए चोर, ग्रामीणों ने खाकी पर लगाए गंभीर आरोप**



नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ में सोमवार की देर रात पुलिस से वैखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस गश्ती की पोल खोल कर रख दी। जिन्होंने तीन घरों को निशाना बनाया और ग्रह स्वामी व उसके परिजनों को नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने चांदी के कीमती आभूषण व नगदी समेत दसियों लाख रुपए का माल समेट कर रफूचक्कर हो गए।

नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी कन्हैयालाल पुत्र ज्ञान सिंह ने बताया कि वह रोज की तरह सोमवार की रात परिवार सहित खाना खाकर अपने अपने कमरों में सो गए। तभी देर रात चोरों ने उसके मकान में छत के रास्ते अन्दर दाखिल हो गए। बताया की घर में घुसे चोरों ने कमरे में सो रहे सभी लोगों को नशीला पदार्थ सुंघाकर फुर्सत से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया कि चोरों ने कमरों को फुर्सत से खंगाला और अलमारी व बक्सो के ताले तोड़कर उसमें रखी नगदी व सोने चांदी के कीमती आभूषण सहित दशों लाख रुपए का माल समेट कर फरार हो गए। बताया गया कि इतने में भी मन न भरने पर चोरों ने गांव के ही रामप्रकाश व उसके भाई के मकान पर हाथ साफ कर दिया। जहां से आभूषण सहित लाखों रुपए की नगदी समेट ले गए। सुबह जागे घर के लोगों ने कमरों में बिखरा पड़ा सामान व नगदी और जेवर गायब देखें तो उनमें हड़कंप मच गया। वहीं नशीला पदार्थ सुघाकर लाखों रुपए की चोरी की खबर गांव में फैलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौजूद ग्रामीणों में कहते सुना गया है कि आखिर चोरों के पास नशीला पदार्थ कहां से आया, यह सोचने का विषय है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तयतक जाने के लिए जमीनी स्तर पर छानबीन करने में लगी हुई है।

## सड़क हादसे में दो होमगार्ड जवानों में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो होमगार्ड जवानों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मिहौना निवासी राजेश कुमार याज्ञिक 48 वर्ष और ग्राम दौलतपुर निवासी प्रेम 55 वर्ष दोनों होमगार्ड के जवान है। इन दिनों दोनों की सिरसा कलार थाने में ड्यूटी लगी हुई थी। सोमवार रात को दोनों जवान ड्यूटी कर एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी सिरसा कलार रोड से मदारीपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों जबानों को एंबुलेंस से पीएचसी कुठौंद में भर्ती कराया। जहां पर राजेश कुमार को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल जबान का उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले की सूचना परिजनों को देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जल जीवन मिशन की गाड़ियों को दिखाई गई हरी झंडी



**जन एक्सप्रेस। कालपी**

तहसील क्षेत्र के महेवा ब्लॉक से मंगलवार को जल जीवन मिशन परियोजना हर घर जल योजना के प्रचार प्रसार के लिए आधा दर्जन गाड़ियों को महेवा एडीओ पंचायत हरेन्द सिंह सेंगर व कदौरा सहायक विकास अधिकारी संतोष बाबू गौतम पंचायत व एडीओ ओआईएसबी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजेन्द्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया।

एडीओ पंचायत कदौरा ने कहा कि क्षेत्र की हर परिवार को शुद्ध जल मिले। इसके लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार साथ मिलकर काम कर रही है कि शुद्ध जल मिले। यूनिट जिला उप सम्बन्यक विनय सिंह सेंगर व संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रचार वाहन गांव के राजस्व गांवों में प्रधानों के नेतृत्व में एवं कार्यशाला का आयोजन करेंगे एवं स्वच्छ जल के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। बताया कि अधिकतर बीमारियां अशुद्ध पेयजल से ही पैदा होती है। साथ ही जल का संरक्षण भी करें। जल को दूषित होने से बचाने के साथ ही उसे बेवजह बहने ना दिया जाए। एडीओ पंचायत महेवा ने बताया की दूषित पानी पीने से बचने हेतु जागरूक करें। दूषित पानी को कैसे शुद्ध किया जाए। इस मौके पर बाबू गौरव श्रीवास्तव, लिपिक रमेश शर्मा, जेई एमआई, अखिलेश कुमार, एपीओ, लोकेन्द्र सिंह यादव सहित समस्त प्रधान एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस। उरई**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम व एसपी ने सोमवार को माधौगढ़ के पोलिंग बूथों का भौतिक निरीक्षण किया। कमियों को तत्काल सुधारने का निर्देश दिया, जिससे कि मतदान के दिन कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने माधौगढ़ क्षेत्र के उच्च कन्या प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट बंगरा, राजकीय इंटर कालेज बंगरा, बुंदेलखंड इंटर कॉलेज आदि में बने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं जिससे कि मतदाताओ को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता है अथवा नहीं, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन, वायरिंग, शौचालय तथा दिव्यांग मतदाता के लिए रैंप के साथ ही पेयजल, बाउंड्रीवाल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विशेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख राजू सिंह की जमानत अर्जी खारिज

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** क्षेत्रीय पंचायत अध्यक्ष कबरई राजू सिंह उर्फ अविनेन्द्र सिंह की जमानत अर्जी विद्वान अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजीव कुमार पालीवाल के न्यायालय से खारिज की गयी है। ज्ञातव्य हो कि क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष कबरई राजू सिंह उर्फ अविनेन्द्र सिंह पर वर्ष 2012 मे उसके भतीजे सोनू सिंह द्वारा धारा 302 तथा धारा 307 का मुकद्मा पंजीकृत कराया था। न्यायालय के अथक प्रयास के बाद हत्या तथा प्राण घातक हमले के आरोपी कबरई ब्लाक प्रमुख राजू सिंह ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। न्यायालय मे आत्मसमर्पण के बाद जमानत अर्जी न्यायालय मे डाली थी। राजू सिंह जमानत अर्जी पर बचाव पक्ष तथा अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओ की दलीले सुनने के पश्चात् राजू सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। जमानत अर्जी को खारिज करते हुए विद्वान न्यायाधीश ने लिखा है।

# पुलिस परीक्षा पेपर लीक होने का छात्रो ने लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। महोबा**




जिले के कस्बा चरखारी क्षेत्र मे पुलिस परीक्षा का पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों ने आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया है। छात्रो ने डीएम को ज्ञापन सौपकर सरकार से दोबारा उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने व आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाही किए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा का एग्जाम 17 व 18 फरवरी मे हुआ और जगह- जगह से पेपर लीक आउट होने की खबरे मिल रही है। इससे छात्रों को अपने भविष्य चिंता सता रही है। इसके चलते महोबा के चरखारी तहसील प्रांगण मे आधा सैकड़ा छात्रो ने एकत्र होकर नाराजगी जाहिर कर विरोध जताया है और छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए और तहसील प्रांगण मे चल रहे जिला स्तरीय समाधान दिवस मे जिलाधिकारी मृदुल चैधरी को ज्ञापन सौपा है। बताया कि सरकार की नाकामियों का खामियाजा छात्रो को झेलना पड़ रहा है और मध्यम वर्ग के छात्रों के भविष्य मे संकट गहरा रहा है। लंबे समय के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती निकली है और वह भी सरकार की नाकामियों का शिकार हो गई है। पुलिस परीक्षा के चारो सेट लीक हो गए है जिससे पढ़ने वाले छात्रो का भविष्य संकट मे है। इसलिए सभी छात्रों ने सरकार से मांग की है कि उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को दोबारा सम्पन्न कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाही कराने की बात कही है। ऐसा न होने पर आंदोलन की बात कही है। इस अवसर पर विकास मोहित घोस, अनिल प्रजापति, अरूण सहित आधा सैकड़ा छात्र मौजूद रहे।

# लम्बे समय से रिक्त पड़े परिवार न्यायालय मे अध्यक्ष पद की हुई नियुक्ति

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर जनपद स्थायी लोक अदालत की स्थापना की गई है जो कि जनपद महोबा में 26 अगस्त 2020 से संचालित हो रहा है, जो कि पुलिस लाइन रोड, ए0डी0आर0 भवन महोबा में स्थापित है। न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, महोबा मे माह अक्टूबर 2023 से अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा है, किन्तु अब न्यायालय, स्थायी लोक अदालत महोबा के नवीन अध्यक्ष, आदिल आफताब अहमद बनाये गये है, फोन से हुई वार्ता के अनुसार 24 फरवरी 2024 को आदिल आफताब अहमद, अध्यक्ष पद पर कार्यभार ग्रहण करेगे। स्थायी लोक अदालत महोबा मे सैयद सरकार हैदर आब्दी एवं श्रीमती अनीता खरे, सदस्यगण के रूप मे नियुक्त है। स्थायी लोक अदालत के गठन का मूलभूत आधार है कि सिविल कोर्ट में बढ़ रहे मुकदमों के बोझ को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय लोगों तक पहुंचाया जाएगा। शिकायती प्रार्थना पत्रों का 90 दिनों के अंदर सुलह समझौते के जरिए निस्तारण होगा। यहां सभी प्रकार के यातायात, पोस्टल टेलीग्राफ टेलीफोन सेवाओं से संबंधित विभाग, पेयजल और प्रकाश, जन स्वास्थ्य से संबंधित विभाग, सफाई व्यवस्था से जुड़े नगर पालिका, नगर पंचायत एवम् ग्राम पंचायत सहित विकास के लिए हुए कार्यों को लेकर प्राप्त शिकायतें भी सुनी जाएंगी। इसके अलावा चिकित्सालय, डिस्पेंसरी, मेडिकल स्टोर, बीमा सेवा, शिक्षा और भू संपदा सहित आठ विभागों को दायरे में रखा गया है। कहा कि लोगों को सही मालूमात ना होने के कारण न्याय के लिए खासा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे करें शिकायत कोई भी पीड़ित, स्थाई लोक अदालत को आवेदन कर सकता है। इस आवेदन को करने में किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं लगेगी। आवेदक को अपना पूर्ण पता मोबाइल नंबर विपक्षियों के साथ उत्पन्न विवाद का प्रकार उसका विभाग नाम मोबाइल नंबर सहित उनका भी पूरा पता देना अनिवार्य है ताकि अदालत उनको सम्मन जारी कर जबाव तलब कर सके। यहां निस्तारण त्वरित ढ़ंग से करने के कारण विवाद का निष्पादन साधारण तौर पर निपट जाएगा और वादी बेवजह की भागदौड़ से भी बच जाएगा।

## बेटे ने कूप मे नहाया तो पंड़ितो ने पिता को पीटा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव ग्रामो मे छुआछूत का भेदभाव आज भी बरकरार है। छुआछूत के भेदभाव को लेकर राजेन्द्र यादव तथा उसके बेटे जयसिंह यादव को गांव के ही मनीष तथा कालका प्रसाद चैबे ने लाठी डण्डो से पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया है। पीड़ित पिता पुत्र द्वारा मामले की शिकायत थाना अजनर पुलिस से की गयी है। राजनैतिक संरक्षण प्राप्त मनीष चैबे के विरूद्ध थाना अजनर पुलिस कार्यवाही करने से कतरा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रोज अपरान्ह 2 बजे के लगभग राजेन्द्र पुत्र जयसिंह यादव कुंआ पर नहा रहा था उसी समय मनीष चैबे पुत्र कालका प्रसाद चैबे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम अरघटमऊ आ धमका और राजेन्द्र यादव से बोला की क्यो रे अहीर जिस कुएं का हम पानी पीते है उस कुएं पर नहाने की तेरी हिम्मत कैसे हो गयी और गाली गलौच करते हुए अपमानित करने लगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस मे 29 शिकायतो मे मात्र 2 का मौके पर हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चैधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 38 में से 03 तथा तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 21 में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।


शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# प्रभु सभी पर कृपा करें, देश का विकास हो: पुष्कर सिंह धामी

* उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के साथ सभी कैबिनेट मंत्रियों ने किया रामलला का दर्शन
* समान नागरिक संहिता भी रामराज्य: पुष्कर सिंह धामी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संघ उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट मंगलवार को भगवान राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंची इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्ति मय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरूआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया।उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम राजनीति करने का प्रयास किया। उनका अशीर्वाद हर रामभक्त को मिलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ.धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ दर्शन-पूजन किया।



**मुख्यमंत्री ने रामलला को साष्टांग प्रणाम किया, नगर विधायक सहित अन्य ने किया स्वागत**

अपनी कैबिनेट के साथ महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कलाकारों ने सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति से उनका स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए और तिलक किया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से उनका काफिला रामनगरी पहुंचा। जहां वीवीआईपी गेट नंबर -11 से श्रीरामजन्मभूमि परिसर में उन्हें प्रवेश दिया गया। परिसर में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रामलला को साष्टांग प्रणाम किया। अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का आशीर्वाद लिया और परिसर में फोटो खिंचवाई। समान नागरिक संहिता लागू करने वाले देश के पहले राज्य का गौरव प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यही रामराज्य है। इस विधेयक से महिलाओं को उनके अधिकार मिलेंगे। बच्चों, बुजुर्गों सभी के हक व हितों की रक्षा होगी। सभी को उचित सम्मान मिलेगा।

### अयोध्या में बनेगा उत्तराखंड सदन

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अयोध्या और उत्तराखंड का बेहद गहरा नाता रहा है। उत्तराखंड से बड़ी संख्या में रामभक्त यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। उनकी सुविधा के लिए यहां 4700 वर्ग मीटर में राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। अयोध्या में जमीन उपलब्ध कराने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार गरीब असहाय के उत्थान के लिए संकल्पित: वरुण चौधरी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




अयोध्या। घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क साधेगे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव 2024 के मद्दे नजर भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान पूरा मंडल की कार्यशाला पूरा ब्लॉक के सभागार में संपन्न हुई इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी ने किया संचालन पूरा मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा ने किया मुख्य अतिथि के रूप में महानगर उपाध्यक्ष अयोध्या अरविंद सिंह रहे कार्यशाला को संबोधित करते हुए अरविंद सिंह जी ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के लिए पल पल का कीमती समय समर्पित किया है गरीब किसान मजदूर महिला सहित सभी वर्गों के विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया है शायद ही हर गांव में कोई ऐसा ही परिवार होगा जो माननीय मोदी जी की सरकारी योजनाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से लाभांत लाभांवित ना हुआ हो मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी ने पार्टी की योजना रचना पर चर्चा करते हुए कहा कि 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा अभियान में लाभार्थी और उनके परिवार जनों से व्यापक स्तर पर संपर्क व संवाद स्थापित करना है मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जाने वाले अभियान को जन जन तक पहुंचना है और लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाना है अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पूरे मन योग से जुटने का हवन किया इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कालका सिंह काका शारदा यादव शिवनारायण तिवारी मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना दुबे संतराम यादव रामगोपाल माझी रामसुख वर्मा महामंत्री राजेश पाठक नारायण दत्त मौर्य ओम प्रकाश यादव महानगर महामंत्री किसान मोर्चा कपिल देव वर्मा किसान भाई राघवेंद्र तिवारी राजेश सिंह रामानुज सिंह विजय बहादुर सिंह शोभाराम वर्मा जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल अवनीश प्रताप सिंह सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने उद्यान विकास समिति की बैठक



* स्थानीय उत्पादों की ब्राडिंग करने हेतु पुष्प, फल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी को

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि उद्यान विकास समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में जनपद में पुष्प, फल एवं शाकभाजी के उत्पादन, प्रसंस्करण को नई दिशा दिये जाने हेतु एवं स्थानीय उत्पादों की ब्राडिंग करने हेतु पुष्प, फल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी 2024 को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय फल, पुष्प, शाकभाजी, शहद मशरूम आदि के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, ब्राडिंग कराने एवं जन सामान्य में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय उद्यान, गुप्तार पार्क, गुप्तारघाट अयोध्या पर किया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने बताया कि उपरोक्त प्रदर्शनी में मण्डल के फल, पुष्प एवं शाकभाजी उत्पादकों एवं प्रसंस्करणकर्ताओं के बीच विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिकता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें वर्गवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। उक्त जानकारी उप निदेशक उद्यान सदस्य सचिव, उद्यान विकास समिति ने दी है।

## युवती का खोया हुआ सामान पुलिस द्वारा किया गया वापस

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

प्रभु श्री राम की पावन धर्म नगरी में हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करने आई खुशी कुमारी पुत्री ब्रह्म प्रकाश केसरी ग्राम झरिया जिला धनबाद झारखंड की निवासी हैं जो अयोध्या मंगलवार होने के कारण दर्शनार्थीयो की संख्या सामान्य से अधिक होने के कारण उनका कहीं पर्स गिर गया। जिसमें उनका आईडी कार्ड, पास बुक, मोबाइल व रुपये थे। जो कि इस समय स्पेशल ड्यूटी में लगी हुई थाना अध्यक्ष आशा शुक्ला थाना मवई अयोध्या को सूचना मिला तो उनके व महिला आरक्षी सरस्वती के अथक प्रयास के बाद मिला। जो उस युवती को बुला करके ससम्मान सहित वापस दिया गया। जिनका कार्य अति सराहनीय है और उनके कार्यशैली को देखकर दर्शनार्थियों ने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और भूरी भूरी प्रशंसा किया।

## मंडलीय व्यापारी पीडीए पंचायत आज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

**अयोध्याधाम।** समाजवादी व्यापार सभा नगर में मंडल के सभी जिलों के व्यापारियों की एक बैठक/मंडलीय व्यापारी पीडीए पंचायत का आयोजन 21 फरवरी दिन बुधवार दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब अयोध्या (फैजाबाद) में करेगी। इस बैठक के माध्यम से पार्टी व्यापारियों से सपा और इंडिया गठबंधन के लिए सहयोग और समर्थन मांगेगी। सपा के प्रदेश सचिव/मंडल प्रभारी के के गुप्ता ने बताया कि आगामी 21फरवरी को मंडल के सभी जिलों की समीक्षा बैठक और व्यापारी पीडीए पंचायत का आयोजन में वाराणसी से सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बैठक में अयोध्या, अंबेडकर नगर,सुल्तानपुर बाराबंकी, अमेठी केव्यापार सभा से जुड़े पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहेंगे। बैठक में सपा और इंडिया गठबंधन के पक्ष में व्यापारियों का ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इस मुद्दे पर चर्चा कर रणनीति बनायी जायेगी। इस आशय की आज एक बैठक भी हुयी, जिसमें जिलाध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता ने कहा प्रदेश का व्यापारी राजनीति का केंद्र बिंदु है इसलिए समाजवादी पार्टी से ही व्यापारियों को लोकसभा चुनाव में लिए जुड़ने का आह्वाहन किया जाएगा और अयोध्या से ही इस मुहिम का शुभारंभ होगा।

## चार महिलाओं समेत 12 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मवई-अयोध्या



अदालत में पेशी पर न जाने वाले चार महिलाओ समेत 12 को पटरंगा पुलिस ने गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बताते चले अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।इन वारंटियों की तलाश में जुटे पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने पुलिस की 4 अलग अलग टीम के साथ मंगलवार को गांवो में दविश दिया।पटरंगा एसओ ओम प्रकाश ने बताया अभियान के क्रम चारों टीम द्वारा सात गांवो में छापेमारी की गई।छापामार कार्यवाही के दौरान ग्राम सीवन निवासी इस्तियाक, राजितराम, सियाराम आशाराम निवासीगण सरैठा, श्यामलाल लोधी निवासी ग्राम सुलतानपुर, पत्नी सिरताज निवासी रानीमऊ, बैजनाथ निवासी जैनाबाद, सकीना निवासी दिवाली,गुलाबा निवासी ग्राम राममऊ कान्ती निवासी शहबाजचक, अशोक कुमार निवासी मथुरा का पुरवा, बिन्ध्याराम निवासी मोहनलाल का पुरवा डिलवल थाना पटरंगा को उनके घर से हिरासत में लिया गया।इन्होंने बताया कि सभी अभियुक्त मुकदमा पेशी दौरान काफी दिनों से न्यायालय में हाज़िर नहीं हो रहे थे। जिनके विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने डाक्टर से की अभद्रता मामला पहुंचा थाना

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य की दबंगई लगातार सामने आ रही है। गाली गलौज करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आवाज प्रधानाचार्य डॉक्टर अमीरुल हसन की बताई जा रही है। मेडिकल कॉलेज का विवाद मंगलवार को अलीगंज थाने तक पहुंच गया। दूसरी तरफ जिला प्रशासन भी चुप्पी साधे बैठा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सह आचार्य पैथोलॉजी विभाग के डॉ. राजेश गौतम एक विभागीय नोटिस के संबंध में मंगलवार की दोपहर प्राचार्य कार्यालय में बात करने गये थे आरोप है जब संबंधित घटना के बारे में वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी तो प्रधानाचार्य डॉक्टर अमीरुल हसन उत्तेजित हो गए और उन्हें गाली गलौज करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया। तब से पीड़ित डॉ.मानसिक रूप से विक्षुब्ध और अपमानित महसूस कर रहा है। आपको बता दें बीते शुक्रवार को सीनियर रेजिडेंट व जूनियर रेजिडेंट का चार माह से वेतन न मिलने से नाराज डॉक्टर ने ओपीडी में बैठना बंद कर दिया था। ओपीडी में सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर की निगरानी में मरीजों को देखा गया था। इमरजेंसी वार्ड को भी सुचारू रूप से संचालित किया गया था। डॉक्टरो ने प्रधानाचार्य के ऑफिस के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर रहे थे कि उतने में ही प्रधानाचार्य डॉक्टर अमीरुल हसन पहुंचे और डॉक्टर से कहा कि यहां से भाग जाओ सीनियर डॉक्टर के द्वारा वीडियो बनाए जाने पर प्रधानाचार्य के द्वारा मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया था। मोबाइल हाथ में न आने के बाद सिक्योरिटी गार्ड से प्रधानाचार्य ने बोलकर मोबाइल छीन लिया था। जिसमें से कुछ साक्ष्य जरूरी वीडियो मिटा दिया था। उप प्रधानाचार्य डॉक्टर उमेश वर्मा ने डॉक्टरों को आश्वासन दिया था की एक सप्ताह के अंदर वेतन आएगा। इसके बाद डॉक्टर अपने-अपने ड्यूटी पर लौट गए थे। बताया जाता हैं इससे नाराज प्रधानाचार्य अमीरुल हसन ने कुछ डॉक्टर को नोटिस जारी किया था। जिसकी जानकारी करने पहुंचे डॉक्टर राजेश गौतम के साथ गाली गलौज के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया। वही अलीगंज थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जेही दिन राम जनम लीन्हे नौबत बाजे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

रामोत्सव तुलसी उद्यान मंच पर मंगलवार को प्रथम कार्यक्रम की प्रस्तुति असम के विपिन सैकिया की भक्ति मूलक गायन से हुई जिसे देख दर्शको भाव विभोर हो गये दुसरी प्रस्तुति फतेहपुर के छोटे लाल की आल्हा गायन प्रस्तुति रही इसके बाद लखनऊ के आकृति मिश्रा की बधावा नृत्य की प्रस्तुति रही जिसमे गणेश वंदना....बोलो राम राम... हर हर महादेव....नृत्य प्रस्तुत करी जिसे दर्शक देख खूब ताली बजाई और झूम उठे इसके बाद लखनऊ की अंजली खन्ना की लोक गायन सोहर गीत.. राम सीता के.. बधावा गीत.. जेही दिन राम जनम लीन्हे.. विवाह गीत झुक जइयो तनिक रघुवीर मोरी गोरी गोरी बईया की की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही इसके बाद सुश्री सरिता बनोला उत्तराखण्ड थड्य चौपला घसियारी नृत्य जिसे माघ महीने में गए जाते हैं इस गायन की शुरुआत बसंत पंचमी से होती है और महाशिवरात्रि तक चलती है जब बेटियां अपने मायके आती हैं तब सब मिलकर इस गायक को गाती है और नृत्य करती है यह नृत्य लोक साहित्य एवं पारंपरिक है घसियारी नृत्य मे घास की कटाई खेती को दर्शाती है।

## पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन पेपर लीक होने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



बीते दिवस उत्तर प्रदेश पुलिस की हुई लिखित परीक्षा का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल होने का आरोप लगाते हुए सैकड़ो अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए पुनः परीक्षा कराई जाने की मांग किया। सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने अभ्यर्थियों से बातचीत कर ज्ञापन लिया। विदित हो कि बीते 17 व 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें जैतपुर थाना क्षेत्र के अंबरपुर बाजार से सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च व नारेबाजी करते हुए रामलीला मैदान पहुंचे जहां से तहसील परिसर पहुंचकर धरना प्रदर्शन करना चाहते थे, परन्तु पुलिस कर्मियों ने वही उनको रोक दिया जिससे तहसील परिसर नहीं पहुंच सके। घंटो पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच नोकझोंक होती रही। सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह व क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने अभ्यर्थियों को समझाने बुझाने का प्रयास करते रहे काफी समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। अभ्यर्थियों ने अपना ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। सूचना पर जैतपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार, मालीपुर थाना अध्यक्ष प्रियंका पांडे अपने दलबल के साथ पहुंची वही जलालपुर कोतवाली प्रभारी दर्शन यादव भी अपने दलबल की साथ अभ्यर्थियों को समझाने बुझाने में जुटे रहे। अभ्यर्थी बबीता यादव, सर्वेश, रीता यादव, सोनम, अनिल पाल, निशा, अनुपम, राहुल कुमार ने बताया कि हम लोगों ने कड़ी मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी किये थे लेकिन सोशल मीडिया पर पहले से ही प्रश्नों का उत्तर वायरल हो गया जिससे हम लोगों की मेहनत बर्बाद हो गई। सरकार को इस परीक्षा को हर हाल में रद्द करना चाहिए नहीं तो हम लोग आगे भी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## स्वास्थ्य विभाग में सर्जिकल सामानों की खरीदारी में भारी घोटाला

* शासनादेश को दरकिनार कर ब्लैकलिस्टेड कंपनियो व पार्टियों से की जा रही खरीदरी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर सहित पूरे प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग में हेरा फेरी तथा घोटाला का मामला बराबर प्रकाश में आता रहा है। ताजा मामला बलरामपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा है जहां पर शासनादेश के बावजूद भी ब्लैकलिस्टेड कंपनी तथा पार्टियों को सर्जिकल सामानों की सप्लाई का आदेश दिया गया है। पूरे मामले प्रमुख चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी किसी भी प्रकार की अनियमित से इनकार कर रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग घोटाले के मामले में हमेशा से चर्चा में रहा है। एक बार फिर सर्जिकल सामानों की सप्लाई को लेकर चर्चा में आ गया है। सूत्रों की माने तो वर्तमान वर्ष में सर्जिकल सामानों की सप्लाई ऐसी पार्टियों से लिया गया जो पहले से शासनादेश के जरिए ब्लैक लिस्टेड कर दी गई है। इतना ही नहीं फुटकर मूल्य से अधिक मूल्य पर सर्जिकल सामानों की सप्लाई की जा रही है । नियमानुसार एक ही सामानों की सप्लाई लेने के लिए एक साथ टेंडर के जरिए खरीदारी की जानी चाहिए जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हुए एक ही प्रकार के समान को कई राउंड में खरीदारी कराई गई, जिससे कि टेंडर प्रक्रिया से बचा जा सके। टेंडर ना होने से एक ओर जहां राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं अधिक मूल्य पर सामानों की खरीदारी से सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं अपनी चाहते फर्म को टेंडर दिलाने के लिए भी बड़ा गोलमाल किए जाने की सूचना मिल रही है। रात के 11:00 बजे विड खोलकर टेंडर फाइनल किया जा रहा है। इन तमाम प्रक्रिया से निष्पक्षता पर तो सवाल उठाने लाजिम है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव तथा उनके परिजन के नाम से किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य विभाग में लेनदेन अथवा टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने से स्पष्ट रूप से रोक लगाई जा चुकी है, इसके बावजूद भी बलरामपुर स्वास्थ्य विभाग और विधायक के परिजनों को ही एल 1 के जरिए खरीद कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में सामानों की खरीद की बड़े पैमाने पर जांच कराई जाए तो एक बड़ा घोटाला सामने आएगा। शासन तथा जिला प्रशासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है पूरे मामले पर मुक्त चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी किसी भी प्रकार की अनियमित की बात से इनकार कर रहे हैं।

## तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया।

## सदर तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

* डीएम में लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




शासन के मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अन्य शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तीन दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील सभी विवादों को गंभीरता से लिया जाए एवं अति सक्रियता के साथ निस्तारण किया जाए।


जिन विभागों से जुड़ी शिकायते ज्यादा आ रही है संबंधित अधिकारी इसका आकलन करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार करें एवं फील्ड में जाकर प्रमुखता से जनसमस्याओं को हल करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार, एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, सीएमओ, सीओ सिटी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अस्थियां विसर्जित करने गया परिवार चोरों ने घर किया साफ

**सोने चांदी के जेवराज सहित लाखों की चोरी घर भी जलाया**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





जनपद के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला थान सिंह निवासी विपिन कुमार अपने पिता स्वर्गीय नाथूराम की अस्थियां विसर्जित करने अपने परिजनों के साथ हरिद्वार गए हुए थें। इसी बीच उनके बंद पड़े मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवराज सहित कुछ नगदी पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जब किराना व्यापारी विपिन कुमार सुबह घर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के अंदर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा है और जला हुआ हैं। जब तक किराना व्यापारी को समझ पाता

> वादी द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कोई भी तहरीर नहीं दी गई हैं। मैं मौके पर स्वयं गया और मैने खुद परिजनों से तहरीर देने के लिए कहा जिससे कि आगे कार्रवाई की जाए लेकिन अभी तक उन्होंने कोई भी तहरीर नहीं दी हैं।
> –दीपक चतुर्वेदी
> क्षेत्रअधिकारी नगर पीलीभीत


उससे पहले इसकी सूचना किराना व्यापारी द्वारा पुलिस को दी गई तो सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले को जाना और और जांच पड़ताल कर रही हैं। बताते चलें कि जनपद के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थान सिंह मोहल्ले के निवासी विपिन कुमार अपने पिता स्वर्गीय नाथूराम जो की किराना व्यापारी थें। इसी बीच उनके सुपुत्र विपिन कुमार अपने परिजनों के साथ उनकी अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए हुए थें। अस्थियां विसर्जित कर जब वह सुबह अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा उनके घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा हैं एवं बहुत सा सामान जला हुआ भी हैं। उन्होंने इस घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और अभी तक पुलिस को किसी भी प्रकार का कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा हैं।

# रमेश चंद्र मिश्र यूपी दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि अरब देश बहरीन जाएंगे

**अरब देश के बहरीन में उत्तर प्रदेश व अयोध्या नगरी के विकास की गाथा बताएंगे: रमेश चंद्र**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर






उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के विकास कार्यों के बदौलत अपनी पहचान बनाने वाले बदलापुर विधायक को यूपी दिवस के अवसर पर 23 फरवरी को अरब देश के बहरीन में बतौर मुख्य अतिथि बुलाया गया है। श्री मिश्र को निमंत्रण व बीजा मिलने से उनके समर्थको समेत भाजपा समर्थको में खुशी की लहर दौड़ पड़ी उक्त जानकारी होने के बाद भाजपा विधायक को जिले के पदाधिकारियों सम्भ्रांत लोगों का बधाई देने का ताता लगा गया। सूत्रों की माने श्री मिश्र वर्ष 2017 से आज तक देश प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों एवं अयोध्या नगरी में भगवान श्री रामचन्द्र के मंदिर स्थापना अयोध्या नगरी के विकास की गाथा को देश के रहने वाले प्रवासियों के बीच रखेंगे।

## ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में हस्त शिल्प कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सोमवार को ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल सुरभि कालोनी में विद्यार्थियों द्वारा क्राफ्ट एग्जीबिशन जश्न ए कला का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया।जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक कलाकारियों का अद्भुत और अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। एग्जीबिशन में बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए साइंस के मॉडल , पेपर आर्ट, जूट से बने विभिन्न आकर्षक पर्स, डॉल, पेनस्टेंड, बैंगिल से सुंदर -सुंदर ज्वेलरी बॉक्स, स्नोमैन, ग्लिटर शीट से डक, किट , फिश, टेडी बियर, वॉल हैंगिंग, क्राउन ,पेपर बैग, एग एंड चेक, पेपर डॉल , फेस मास्क, लिपन आर्ट, ज्वेलरी बॉक्स, क्रिसमस बेल, स्टोन पेंटिंग, कलरफुल सीट कैलेंडर, फ्लावर पॉट, स्कूल बैग , बुकमार्क, फ्लावर बुके, दिया, मिक्की बास्केट, कलरफुल पेपर शीट रेनडियर क्राउन, पेपर क्राफ्ट डकलिंग, ग्लिटर शीट बुके, पेन होल्डर, कैटरपिलर ,एनिमल फेस, फैंसी गॉगल बनाकर अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने बताया कि इस एग्जीबिशन की तैयारी बच्चे अपने शिक्षकों के दिशा निर्देशन में वर्ष भर करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बच्चों की मेहनत, लगन और कला की सराहना की उन्होंने कहा कि बच्चे इन छोटे-छोटे प्रयासों से अपने जीवन में बहुत कुछ सीखते हैं। कला प्रदर्शनी में आस्था, वंशिका, उत्कर्ष, शांभवी, अभिनव, कर्तव्य, कौस्तुभ, सिद्धि, काव्या, सृष्टि ,आराध्या, श्रेष्ठ, रक्षिता ,श्रेया, लक्षिता, सांगवी, परिधि, लावण्या, बिपलब ,आयुष, अक्षत आदि बच्चों का भरपूर योगदान रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बरखेड़ा चीनी मिल ने जारी किया मिल बंदी का नोटिस

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा चीनी मिल के 45 क्रय केन्द्रो पर गन्ना समाप्त हो चुका हैं। यहाँ के किसानो के कैलेंडर की 12 वे पक्ष तक की समस्त पर्चियां निष्कासित कर दी गयी हैं। वही प्रभु यन. सिंह गन्ना आयुक्त, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश दिए गए है कि जिन गन्ना क्रय केन्द्रो पर सभी पक्ष एवं कॉलम की सभी पर्चियां समाप्त हो गयी हैं उन क्रय केन्द्रो पर खड़े गन्ने का एक संयुक्त सर्वे करा लिया जाए। जिन किसानो के पास गन्ना अभी खड़ा है उनको प्रतिबंधित खुली खरीद मे पर्चियां उपलब्ध करायी जाए। गन्ना आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे बरखेड़ा चीनी मिल से सम्बंधित सभी किसानो को उनके कैलेंडर की समस्त पर्चियां जारी कर दी गयी। इसके बावजूद कुछ किसानो के पास खेतो मे गन्ना खड़ा है। ऐसे किसानो का सर्वे कराकर उनको गन्ना पर्चियां दी जा रही है । इन किसानो को प्रतिबंधित खुली खरीद का मौका दिया जा रहा हैं। बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा अब तक 27611 किसानो से 55.39 लाख कु गन्ना क्रय किया जा चुका हैं। विगत पेराई सत्र मे चीनी मिल द्वारा 35117 किसानो से 84.56 लाख कु गन्ना क्रय किया गया था। किसानो का पेराई योग्य गन्ना पेरने के बाद ही चीनी मिले बंद होंगी। सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह ऐसे क्रय केंद्र जहाँ पर 10 वे पक्ष कॉलम की सभी पर्चियां समाप्त हो गयी हैं वहाँ पर संयुक्त सर्वे करवा ले तथा संयुक्त सर्वे की रिपोर्ट ऑनलाइन फीड करवा दे। जिससे किसानो को गन्ना आपूर्ति मे सुविधा मिल सके। बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा मिल बंदी का नोटिस जारी कर दिया गया है। मिल को पेराई योग्य गन्ना नहीं मिल पा रहा है। प्रतिदिन चीनी मिल को 75 हजार कु गन्ना पेराई के लिये चाहिए लेकिन 29 से 30 हजार कु गन्ना ही चीनी मिल को मिल पा रहा हैं।

## जिलेभर में सिपाही पुलिस भर्ती को लेकर हुआ प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मंगलवार को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के कार्यालय पर पहुंचे सैकड़ो युवक युवतियों ने परीक्षा निरस्त करने की मांग की सिपाही पुलिस भर्ती के पेपर को दोबारा कराया जाए। इसके साथ उन दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने पेपर लीक किया है।प्रदर्शन में शामिल एक अभ्यर्थियों ने कहा कि वह दिन रात मेहनत करके परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे थे। परीक्षा में बमुश्किल से पास होने लायक नंबर हासिल कर पाते। वहीं दूसरी तरफ नकल करने वाले सॉल्वर पुलिस भर्ती बोर्ड को पलीता दिखाते हुए नकल करने में कामयाब हो गए। ऐसे में उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। इस पेपर को दोबारा करना चाहिए। युवाओं ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में युवा नारेबाजी करते हुए राज्यमंत्री संजय गंगवार के कार्यालय पर पहुंचे, लेकिन राज्यमत्री नहीं मिले।यहां प्रदर्शन के दौरान एक छात्रा बेहोश हो गई। इससे अफरातफरी मच गई। इसके बाद युवाओं ने कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। युवाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा, परीक्षा को निरस्त कर दोबारा कराए जाने की मांग उठाई। राज्यमंत्री के कार्यालय के बाहर अपनी मांग रखते हुए कहा की परीक्षा को रद्द कराया जाए। सरकार उन दोषियों तक पहुंचे जिन्होंने पेपर लीक किया है। सैकड़ों की तादात में अभ्यर्थी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट परिसर की ओर जाते हुए नजर आए। इस दौरान अभ्यर्थियों ने पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग भी की।

## स्टाप सेंटर के पुलिस अभिरक्षा से दो किशोरी फरार, देर शाम मिली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करंजाकला ब्लॉक में स्थित सखी वन स्टाफ सेंटर से मंगलवार की सुबह मेडिकल के लिए आई दो किशोरी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गई। जानकारी के बाद प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। वहीं जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक, क्राइम ब्रांच और दो थाने की फोर्स किशोरी की खोज के लिए लगा दी गई।जिन्हे देर शाम अलग अलग जगह से बरामद किया गया है। करंजाकला ब्लॉक में स्थित सखी वन स्टाफ सेंटर में दो सप्ताह पूर्व थाना खेतासराय और सिकरारा से दो किशोरी छेड़खानी व दुष्कर्म के मामले में मेडिकल परीक्षण और बयान के लिए लाई गई थी। जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में वन स्टाफ सेंटर में रखा गया था। मंगलवार की सुबह 8 बजे मुख्य गेट को बंद कर दीवाल फांदते हुए फरार हो गई। इसकी जानकारी जैसे ही प्रशासन को मिली प्रशासन के हाथ पाव फूल गए। जानकारी के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा क्राइम ब्रांच के साथ सरायख्वाजा और खेतासरय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द किशोरियों की बरामदगी की जाए। पुलिस भी सक्रिय हो गई आसपास के बाजारों में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरा से दोनों लड़कियों को कोठवार बाजार में देखा गया जहां पर वह किसी युवक की मोबाइल मागकर फोन लगाते हुए दिखाई दी। जिसके बाद पुलिस का शक और बढ़ गया उन्होंने जांच पड़ताल की तो उन्हें एक किशोरी को मेहरवा और दूसरी को खेतासराय से बरामद कर लिया गया।

## छात्रावासों में जिला स्तर व मंडल स्तर पर ट्रायल किए जाएंगे चयन: राजकुमार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**अन्य खेलो में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की आयु 15 वर्ष से कम होनी चाहिए**

खेल निदेशालय के निर्देश पर आवासीय क्रीडा छात्रावासों में चयन के लिए जिला स्तर और मंडल स्तर पर ट्रायल किए जाएंगे। इसके लिए खेल निदेशक डॉक्टर आर पी सिंह ने सभी उपनिदेशक खेल और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया हैं। खेल निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया हैं।जिमनास्टिक तैराकी कुश्ती हॉकी बालक वर्ग का जिला स्तर पर ट्रायल 5 मार्च को होगा। वही मंडल स्तर पर 8 मार्च को ट्रायल लिए जाएंगे। जिमनास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी ,बालिका वर्ग के ट्रायल 7 मार्च को होंगे। मंडल स्तर पर 10 मार्च को इन खेलों के ट्रायल किए जाएंगे। वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस , बालक वर्ग के ट्रायल 5 मार्च को लिए जाएंगे वहीं मंडल स्तर पर 8 मार्च को इन खेलों के ट्रायल होंगे। वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बालिका वर्ग के जनपद स्तर पर ट्रायल 7 मार्च को होंगे। मंडल स्तर के ट्रायल 10 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स बालक वर्ग के ट्रायल 6 मार्च को जिला स्तर पर होंगे 9 मार्च को मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स ,बालिका वर्ग के ट्रायल जिला स्तर पर 7 मार्च को और मंडल स्तर के ट्रायल 10 मार्च को आयोजित होंगे। यही जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने दी उन्होंने बताया बॉक्सिंग ,जूडो, हैंडबॉल, बालक वर्ग के ट्रायल 6 मार्च को जिला स्तर पर और मंडल स्तर पर 9 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। हैंडबॉल बालिका वर्ग का ट्रायल 7 मार्च को जिला स्तर पर और मंडल स्तर पर 10 मार्च को आयोजित होगा। उन्होंने बताया जिमनास्टिक और तैराकी में प्रतिभाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की आयु 12 वर्ष से कम होनी चाहिए अन्य खेलो में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की आयु 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवासीय छात्रावास में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को खेल साथी एप पर लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया ऑनलाइन किए गए आवेदन की प्रति खेल कार्यालय में जमा करनी होगी उसके बाद ही चयन में भाग ले पाएंगे। बास्केटबॉल और वॉलीबॉल के खेलों में बालकों की लंबाई 175 सेंटीमीटर तथा बालिकाओं की लंबाई 160 सेंटीमीटर होना अनिवार्य होगा। छात्रावास में चयन के बाद इन छात्रों का संपूर्ण रहन-सहन का खर्च राज्य सरकार उठाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अक्खीपुर गांव में सड़क के किनारे पेड़ पर फांसी के फंदे पर एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी 26 वर्षीय लक्ष्मीकांत उर्फ लम्बू पुत्र शीत बसंत का शव गांव के ही चिलबिल के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला।शव को देखकर गांव में दहशत फैला गया। ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस के मुताबिक मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वहीं मामले की जांच किया जा रहा है।

### शादी का झांसा देकर प्रेमिका को किया गर्भवती फिर शादी से किया इनकार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बुआ के घर रह रही प्रेमिका को गर्भवती करने के बाद प्रेमी ने शादी से इनकार कर दिया। प्रेमी के धोखे से आहत युवती ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मुक़दमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र के एकगांव की 19 वर्षीय युवती क्षेत्र के दूसरे गांव नौली मे अपनी बुआ के घर गई थी । उसी गांव निवासी एक युवक से उसकी आंखे चार हो गई। आरोप है शादी का झांसा देकर उसने युवती से संबन्ध बना लिया। युवती के गर्भवती हो जाने के बाद प्रेमी शादी से इनकार कर रहा है । आहत युवती ने एक हफ्ता पूर्व थाने मे और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। सोमवार देर शाम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रेमी शिवम निवासी नौली के खिलाफ दुष्कर्म का मुक़दमा दर्ज कर के विधिक कार्यवाही में जुट गयी है।

### शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर कुल 197 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमे से 31 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अर्चना ओझा, पी.डी. जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सच कहने-लिखने के जुनून ने बना दिया सम्पादक

**जीते जी तो नहीं, पर निधन के बाद भी नहीं दिखे तथाकथित समाजसेवी और राजनीतिज्ञ, अब लगता है राजनीति हो गई सबसे बड़ा व्यवसाय, सौ लगाओ, करोड़ों कमाओ**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





जौनपुर जनपद में ईमानदार प्रतिनिधियों में केवल एक नाम- पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह का ही जेहन में कौंधता रहा, लेकिन अब आईएएस अभिषेक सिंह का नाम भी यहां राजनीतिक पटल व शहर-गांव की गलियों में मददगार के रूप में गूंजने लगा है। तहलका संवाद साप्ताहिक समाचार पत्र व वेब न्यूज पोर्टल के संस्थापक सम्पादक रवि शंकर वर्मा के निधन पर 18 फरवरी 2024 को एक मात्र अभिषेक सिंह ही पहुंचे। उन्होंने परिवार से मिलकर दुख साझा किया, बाकी नेता और उनके लोग दिल्ली में टिकट के लिए कतार में लगे हैं। विधायक और मंत्री के पास फुर्सत ही नहीं। वाकया वर्ष 2005-2006 का है नवोदय विद्यालय से पढ़कर निकले युवा सराफा व्यवसायी रविशंकर वर्मा जनपद मुख्यालय के बड़ी मस्जिद मोहल्ले के निवासी रवि की मुलाकात जौनपुर के पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बड़ा नाम जाने जाने वाले कैलाश सिंह से हुई उन्होंने श्री सिंह से पत्रकारिता क्षेत्र में जुड़ने की बात कही श्री सिंह ने पूछा की इस प्रोफेशन को क्यों चुन रहे, जबकि यहां वेतन के नाम पर केवल जेब खर्च ही मिल सकता है और दलाली का कोई चांस नहीं। रवि का जवाब था जेब खर्च मिले न मिले पर ईमानदारी तो मिलेगी, यही जरूरी है। फिर क्या था पत्रकारिता का कार्य शुरू हो गया और इसी बीच कैलाश सिंह का तबादला दूसरे शहर हो गया। सच लिखने का जुनून दिन प्रतिदिन बिगड़ गया और बाद में सराफा कारोबार में फ्राड के शिकार हुए जिसमे 40 लाख की चपत लगी। परिणाम स्वरूप घर बेचना पड़ा। यहां से छत छिनी तो शाहगंज तहसील मुख्यालय पर किराये के घर में पत्नी अंजू, बेटियों नीतिका, शैलजा, बेटा जातिन के साथ रहने लगे। यहां कुछ पत्रकार सहयोग में खड़े हुए। गाड़ी चलने लगी और अंत में रवि ने अखलाख खान को साथ लेकर वेब न्यूज पोर्टल तहलका के नाम से लांच किया। जिसके विजिटर की संख्या लगभग चार करोड़ हुई। इस खुशी को सेलिब्रेट कर भी नहीं पाए की माउथ कैंसर का हमला हो गया। आपरेशन की दिक्कत से उबरे तो दिसम्बर 2022 में दोनों दोस्तों ने तहलका संवाद साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू कर दिया। जुनून देखिये, रहने को अपनी छत तक नहीं लेकिन पत्रकारिता जारी रही और इनका हम साया अखलाख खान बने रहे। इनके जज़्बे को कम से कम हर पत्रकार को सलाम करना चाहिये। तकलीफें राहु केतु की तरह पीछे लगीं थी। हौसला और जुनून आसमां की परवाज़ करते रहे। पिछले सात माह से कैन्सर ने पुनः मौत का खेल शुरू कर दिया और 18 फरवरी की तड़के रवि हार गए और मौत जीत गई। अब बिना छत व बगैर किसी आमदनी के रवि की पत्नी को दो बेटियों एक नौ साल के मासूम बेटे के साथ जीवन यापन का दुष्कर दौर आ पड़ा है। यह ऐसे दौर की घटना है जब जिले व प्रदेश में समाज सेवा के नाम पर राजनीति और राजनीति के नाम पर व्यवसाय करने वालों की भरमार है। चुनाव सिर पर है और वोटों की तिज़ारत शुरू होगी। खरीद फरोख्त रात के तीसरे पहर में होंगी लेकिन किसी के पास रवि के परिवार की मदद और सहानुभूति के लिए वक्त नहीं है। इस कठिन दौर में मात्र अभिषेक सिंह पहुंचे और परिवार के लिए छाया बन खड़े हुए। ये वही अभिषेक हैं जिन्होंने अपना इस्तीफा भेजा है, लेकिन अभी स्वीकार नहीं हुआ है। इन्हें ईमानदारों में इसलिए शुमार करने की कोशिश कर रहा हूँ क्योंकि इनकी पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल जो वर्तमान में बांदा की डीएम हैं। इन्होंने पूर्ववर्ती अखिलेश यादव की सरकार में खनन में भ्रष्टाचार पर रोक लगाई तो सरकार की भृकुटी तन गई थी। लेकिन वह शक्ति बनी खड़ी रहीं। ज़ाहिर है अभिषेक सिंह में भी यही ज़ज़्बा है जो अपने गृह जनपद में कुछ बड़ी लकीर खींचने का मन बनाये हुए हैं।

## नवगत जिलाधिकारी जनसमस्याओं को लेकर बेहद संवेदनशील जिले बना चर्चा का विषय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**मछलीशहर।** नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मादड जब से जिले का चार्ज लिए हैं तब छोटी से छोटी समस्याओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं ,इसका उदाहरण सोमवार मछली शहर में देखने को मिला जब उन्होंने नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने की शिकायत को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी को न सिर्फ तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। बल्कि समस्या का समाधान कराकर जानकारी ली। बीते सोमवार की शाम को महतवाना मोहल्ला स्थित सिनहा रोड निवासी अनुराग सिन्हा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस बेहद चलाए मान मार्ग पर बीते कई महीनो से नाली का गंदा पानी बहकर सड़कों पर आ रहा है। जिसके कारण लोगों का चलना फिरना दुभर हो गया है और बेहद तेजी से मच्छर पनप रहे हैं। भूमाफियाओं द्वारा नालों पर अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। जब अभी यह स्थिति है तो बरसात में तो लोगों के घरों में गंदा पानी घुसना तय है। बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिला मंत्री रितु पटेल के नेतृत्व में भी दर्जनों महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया था। शिकायतकर्ता अनुराग सिन्हा ने कहा कि डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने मुझसे बात करके समस्या को जाना और तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया ।जिलाधिकारी के इतनी छोटी समस्या के प्रति इतनी संवेदनशीलता दिखाने पर पूरे मोहल्ले के लोगों ने उनका आभार प्रकट किया है। और कहा कि बदलते भारत में ऐसी नौकरशाही की आवश्यकता है जो जनता के हितों से सीधे सरोकार रखती हो।

## पति ससुर देवर सास और फुफुआ सास पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



खुटहन थाना क्षेत्र के पनौली गांव में दहेज में कार और नकदी की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने व मारपीट कर घर से भगा कर चोरी छिपे दूसरी शादी कर लेने के आरोप में पुलिस महानिदेशक वाराणसी के आदेश पर स्थानीय थाने में पति, सास, ससुर, देवर और फुफुआ सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। गांव निवासी मुकेश पुत्र रमाशंकर का विवाह दो वर्ष पूर्व खेतासराय थाना क्षेत्र के पाराकमाल गांव निवासी सुरेश की पुत्री प्रीति देवी से हुआ है। प्रीति ने पुलिस महानिदेशक वाराणसी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके पिता ने शादी में अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराली जन उसे दहेज में कार और दो लाख नकदी की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। जब मायके वाले भारी भरकम दहेज नहीं दे पाए तो उसे मारपीट कर घर से भगा दिया गया। शादी हुए चार माह भी नहीं बीते थे कि वह अपने पिता के घर वापस आ गई। यह भी आरोप है कि इस बीच मौका पाकर पति मुकेश ने चोरी छिपे दूसरी शादी भी कर लिया। जिसके साथ वह घर पर रह रहा है। विवाहिता के आरोप पर पुलिस ने पति मुकेश, सास शोभावती, ससुर रमाशंकर, देवर राकेश कुमार और फुफुआ सास शारदा देवी के खिलाफ दहेज प्रतिषेध,क्रूरता और पत्नी के रहते दूसरा विवाह सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, दावेदारों का भाग्य पेटी में बंद





**6794 मतदाताओं ने तय किया 62 दावेदारों के भाग्य का फैसला**




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज में मंगलवार को लॉयर्स एसोसिएशन की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनने के लिए अधिवक्ता वोटरों द्वारा मतदान किया गया। मंगलवार की सुबह नौ बजे से अधिवक्ता अपने मतों का प्रयोग करने के लिए डीएवी डिग्री कॉलेज पहुंचने लगे। जहां मतदान के लिए 14 बूथ बनाए गए तो वहीं बूथ नम्बर एक पर वयोवृद्ध वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए मतदान करने की व्यवस्था की गयी थी। डीएवी कॉलेज तिराहे से लेकर कचहरी और आस-पास की सडकों पर अधिवक्ताओं की खासी भीड़ लगी रही।

मंगलवार को लॉयर्स एसोसिएशन की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए अधिवक्ताओं द्वारा वोट किए गऐ। मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 50 एआओ, दो कंट्रोल रूम, 64 सीसीटीवी कैरे, दो ड्रोन, 16 पीजीटी कैमरों की व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न कराये गये। बुधवार की सुबह 11 बजे से अध्यक्ष व महामंत्री पदों की गितनी शुरू होगी। मतदान के कारण प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया था। ग्रीन पार्क चौराहे से डीएवी तिराहे की ओर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था तो वहीं एमजी कॉलेज चौराहा से मधुबन तिराहा, चेतना चौराहा से वाहने के आवागमन पर रोक लगाई गयी थी। फूलबाग की ओर से काई भी वाहन मेघदूत तिहारा, वीआईपीरो, सरसैया घाट की ओर नही जाने दिया गया तो वहीं मूलगंज से बडा चौराहा की ओर आने वाले वाहन कोतवाली चौराहे से बाएं मुडकर सदभावना चौकी, परेड चौराहा होते हुए गुजारे गये।

## माता रानी के जागरण में झूमे भक्त, लगते रहे जयकारे



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर के नया शिवली रोड स्थित वैष्णो धाम मंदिर पर विशाल जागरण एवं प्रभु की इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया गया, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इंटरनेशनल कलाकारों ने अपनी अद्भुत छठा बिखेरी। आए हुए हजारों की तादाद में आए भक्तों में महिला एवं पुरुष और युवा वर्ग ने कलाकारों के साथ जमकर आनंद लिया, माता रानी के जागरण में जय जय कर के नारे लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इस भव्य जागरण एवं भंडारे के कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस बल का अभूतपूर्व सहयोग मिला जिससे सभी प्रकार की व्यवस्थाएं चाकचौबंध दिखीं और माता रानी का जागरण बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हुआ, बरेली से आई अंजली भजन गायक ने समां बांधा।

### अंजली की आवाज में श्री राम और खाटू के भजन सुन झूमे श्रोता

सोमवार की रात में पार्श्व गायिका अंजलि द्विवेदी की सुरीली आवाज में भगवान श्री राम और खाटू श्याम के मनोहारी भजनों की धूम रही, सुरीली आवाज में भक्ति गीतों को सुन श्रोता देर रात तक झूमते हुए जय घोष के नारे लगाते रहे कार्यक्रम में पार्श्व गायिका अंजलि द्विवेदी ने अपने सहयोगी कलाकार और आर्केस्ट्रा की धुन पर सर्वप्रथम सरस्वती गणेश वंदना सुनाई इसके बाद भगवान श्री राम और अयोध्या नगरी को समर्पित कई मशहूर भजनों की प्रस्तुति दी जिन्हें सुन श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाते हुए श्री राम के जय घोष लगाए इसके बाद बाबा खाटू श्याम को समर्पित एक से बढ़कर एक ऊर्जावान भजन सुनाए जिन्हें सुनकर श्रोताओं ने अपने ही स्थान पर खड़े होकर नृत्य किया इसके साथ ही साथ कार्यक्रम का शुभ आरंभ देवेंद्र सिंह मामा जी ने किया। साथ में देवेंद्र सिंह मामा जी ने पत्रकारों का सम्मान भी किया।

### माता रानी के जागरण में उमड़ी भीड़

इंटरनेशनल शिवम ग्रुप ऑफ दिल्ली से मशहूर कलाकार सगी दो बहनें... अधिष्ठा व अनुष्का ने मंच पर माता रानी के मनमोहक भजन खाटू श्याम एवं तूने साथ जो मेरा छोड़ा दीवाना तेरा मार जायेगा जैसे कई भजन गा कर युवाओं को झुमने पर मजबूर कर दिया और वहीं दर्शकों ने तालियां बजाते हुएं जय घोष के नारे लगाए और दोनों बहनों ने मनोहारी भजन गायिकाओं ने जमकर छटा बिखेरी नगर वासियों को अपनी भजन गायिका से सभी को मोहित कर लिया।

## पाइप डालते समय करंट की चपेट में आया मजदूर, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी गांव स्थित एक पाइप कटिंग कर रहा मजदूर बीती रात करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथी मजदूरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बुलंदशहर के आहार थाना क्षेत्र के बामनपुर गांव निवासी अमित (24) बलजीत सिंह एक निर्माण कंपनी में मजदूरी करता है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी गांव पाइप डालने के चल रहे काम में वह सोमवार रात अमित गड्ढे में मशीन ने पाईप की कटिंग कर रहा था। इसी दौरान मशीन के करंट की चपेट में आ गया। अन्य मजदूरों ने बिजली सप्लाई बंद कर उसे आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हे जानकारी दे दी गई है।

## बाल रोग विभाग के बाहर खड़ी बाइक में लगी आग



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के लाला लाजपत राय अस्पताल के बाल रोग विभाग के बाहर खड़ी एक बाईक में अचानक आग लग गयी, जिससे वहां खड़े लोग सहम गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अस्पताल के इमरजेंसी पी.आर.ओ.ने सिक्योरिटी गार्ड की मदद से आग पर काबू पाया।

हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग में औरैया से आये एक तीमारदार की बाइक में आचानक आग लग गयी। आग लगने की सूचना हैलट अस्पताल के इमरजेंसी पीआरओ दिनेश भट्ट को दी गयी। मौके पर पहुंचे पीआरओ दिनेश भटट ने वहा उपस्थित सिक्योरिटी गार्ड को बुलाया और बाइक में लगी आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक बाइक काफी जल चुकी थी।

## हृदयाघात पर पुलिस और डॉक्टरों की कार्यशाला संपन्न



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस कमिश्नर अखिलेश कुमार के सहयोग से कमिश्नरेट में सीपीआर वर्कशॉप कार्डियो पल्मोनरी रिस्सिटेशन जो की हृदयाघात कि स्थिति में(दिल और फेफड़े को दोबारा चालू करना) का आयोजन किया गया जिसमें प्रणोदय संस्था और आई एम ए के डॉक्टर सुनील गुप्ता और डॉक्टर प्रदीप टंडन ने सभी मौजूद पुलिस वालों को सी पी आर के बारे में व्याख्यान दिया व पुतलों के ऊपर सीपीआर खुद करना खुद करना भी सिखाया गया ।

एक्सीडेंट में, किसी हृदय घात, इलेक्ट्रॉक्यूशन या बिना किसी कारण के एकदम से हृदय गति रुक जाने के केस में लोगों में लोगों की जान बचाने के लिए बहुत ही उपयोगी है। जब भी किसी भी वजह से हृदय गति रूकती है तो अगर 3 मिनट के अंदर दिल की धड़कन दोबारा चालू कर दी जाए तो व्यक्ति का दिमाग और वह व्यक्ति पुनः जीवित हो सकता है।

24 घंटे और हर जगह पर एक्सपर्ट आदमी या डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो सकता इसलिए यह सीपीआर जो कि अभी केवल देश में केवल एक प्रतिशत लोगों को भी नहीं आता है अगर इसकी प्रतिशत हम लोग बढ़ा कर अधिक लोगों को प्रशिक्षित कर सके तो बहुत सारी इमरजेंसी में लोगों की जान बच सकती है।

वर्कशॉप में आई एम ए अध्यक्षा डॉक्टर नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉक्टर कुणाल सहाय पूर्व सचिव डॉक्टर अनुराग मेहरोत्रा पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र शुक्ला, पूर्व सचिव डॉक्टर अनुराग मेहरोत्रा, प्रणोदय संस्था के डॉक्टर सुनीत गुप्ता और डॉक्टर प्रदीप टंडन मौजूद रहे।

## जम्मू कश्मीर की टीम को यूपी ने एक इनिंग और 42 रनों से हराया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रहे अंडर-23 ट्रॉफी मैच के अंतर्गत मंगलवार को जम्मू कश्मीर के ख़िलाफ तीसरे दिन उत्तर प्रदेश की टीम ने यह मैच एक इनिंग और 42 रनों से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया तथा ग्रुप ए में टेबल टॉप पर रही। दिन की शुरुआत में ही टीम ने 277 रन की लीड पर पारी घोषित कर जम्मू कश्मीर को बल्लेबाज़ी का न्योता दिया। वहीं जम्मू कश्मीर की टीम मात्र 235 रन ही बनाये और उत्तर प्रदेश ने यह मैच एक इनिंग और 42 रन से जीत हासिल कर क्वार्टर-फाइनल में अपना नाम दर्ज़ कराया है। काजी जुनैद की बेहतरीन पारी की बदौलत जम्मू कश्मीर की टीम ने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी की दूसरी पारी में एक अच्छी शुरुआत की है। लेकिन यूपी के गेंदबाज कृतज्ञ सिंह व विपरज निगम की गेंदबाजी के आगे जम्मू के बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिक न सके। पहली पारी में यूपी की टीम ने 216 रनों के जवाब में 125 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 493 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जम्मू को 277 रनों का टारगेट दिया है। यूपी के बल्लेबाज विपरज ने नाबाद 40 रनों की पारी खेली थी। दूसरी पारी में जम्मू कश्मीर की टीम 62 ओवर में 235 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जम्मू कश्मीर के ओपनर बल्लेबाज रिदम चौथे ओवर में ही बिना खाता खोले लौट गए और जम्मू को यह पहला बड़ा झटका लगा। 3.4 ओवर में यूपी के रोहित द्विवेदी की गेंद पर रिदम ने आदित्य शर्मा को कैच थमा दिया। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए यावेर हसन और काजी जुनैद के बीच 75 गेंदों पर 67 रनों की पार्टनरशिप हुई। 15.6 ओवर में कृतज्ञ सिंह ने यावेर हसन (40) को बोल्ड कर उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। जम्मू का तीसरा विकेट कन्हैया वाधवान के रूप में गिरा। 24.2 ओवर में विपरज निगम ने कन्हैया वाधवान (7) को बोल्ड कर पवेलियन भेजने का काम किया।

इसके बाद शिवांश शर्मा व काजी के बीच चौथे विकेट लिए 108 गेंदों पर 71 रनों का पार्टनरशिप की। 42.2 ओवर में कृतज्ञ की गेंद पर काजी (86) ने विकेट के पीछे आराध्य यादव को कैच दे दिया। 44.1 ओवर में कृतज्ञ ने शिवांश शर्मा (33) को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इस समय जम्मू का स्कोर 5 विकेट के नुकसान पर 172 रनों पर था। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक मैदान में टिक नहीं पाया। 50.4 ओवर में कृतज्ञ की गेंद पर गोविंद शर्मा (1) कैच आउट हो गए। इसके बाद विपरज ने मुस्तफा यूसुफ (15) को एलबीडब्ल्यू कर दिया। कृतज्ञ की गेंद पर अर्नव गुप्ता (23) आराध्य शर्मा को कैच दे दिया। जम्मू का नौवां विकेट जानिब जावेद के रूप में गिरा। विपरज ने जानिब जावेद (7) एलबीडब्ल्यू कर दिया। अंतिम विकेट विशाल कुमार का गिरा। विपरज की गेंद पर विशाल ने आदित्य शर्मा को कैच देकर बिना खाता खोले ही लौट गए। गेंदबाज कृतज्ञ ने पांच व विपरज ने चार विकेट झटके हैं।

## डंपर की टक्कर बाइक सवार पिता की मौत, बेटा घायल

**कानपुर लखनऊ हाइवे पर बसीरतगंज के पास देर रात हुआ हादसा**



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत बसीरतगंज के बीती रात डंपर ने बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अजगैन कोतवाली के जमालपुर मढ़ी निवासी सरजू प्रसाद (45) अपने बेटे विजय कुमार के साथ बाइक से सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित आश्रम जा रहा था। कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत बसीरतगंज के पर पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक से उछलकर हाइवे पर गिरा सरजू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बेटे को आंशिक चोटें ही आई। हादसे की सूचना पर पहुंचे एसओ दही अनुराग सिंह ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने सरजू प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। हादसे को अंजाम देकर भाग रहे डंपर को पुलिस ने पकड़ लिया है। मृतक राज मिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत मां बुधाना, पत्नी राधा, बेटों दीपक, विजय, बेटियों अर्चना और अनुष्का समेत सभी परिजन रो रोकर बेहाल है। एसओ ने बताया कि डंपर को चालक समेत पकड़ लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सील की गयी त्रिवेणी मार्केट की दुकानें, व्यापारियों ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में मंगलवार को कानपुर नगर निगम जोन 3 द्वारा हाउस टैक्स का 35 लाख बकाया होने पर किदवई नगर स्थित त्रिवेणी मार्केट की सभी 65 दुकानों में सुबह 8 बजे ताला डालकर सील कर दिया गया। सुबह व्यापारी जब अपने प्रतिष्ठान खोलने पहुंचे तो उन्हे अपने दुकानों के तालों पर सील लगी दिखाई दी। जानकारी होते ही सभी व्यापारियों ने घटना का विरोध शुरू कर दिया और मार्केट मालिक पर समय पर टैक्स न भरने का आरोप तथा उसका खामयाजा दुकानदार भुगतने की बात करने लगे। किदवई नगर स्थित त्रिवेणी मार्केट का हाउस टैक्स न जमा होने के कारण नगर निगम द्वारा मंगलवार की सुबह मार्केट की 65 दुकानों को सील कर दिया गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारियों को जब इस बात का पता चला तब वह आक्रोशित हो गये। व्यापारियों का कहना था कि सभी व्यापारी समय पर मकान मालिक रूबी पांडेय को समय से किराया देते आ रहे है। बताया जाता है कि मकान पर 35 लाख 13 हजार का हाउस टैक्स बकाया है। बताते चलें की त्रिवेदी मार्केट किदवई नगम की नामी मार्केट है और यहां रेडीमेड गारमेंट, चूड़ियों सहित अन्य वस्तुओं की दुकाने है और नगर निगम का बकाया टैक्स मालिक द्वारा न जमा करने का खामयाजा यहां के दुकानदारों को उठाना पड़ रहा है।

## लापता इंटर छात्र को बिठूर पुलिस ने सकुशल बरामद किया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के बनी दयालपुर निवासी महेंद्र सिंह का इंटर में पढ़ने वाला बेटा कोमल सिंह उम्र 16 वर्ष बीते दिन शुक्रवार को घर से आधार में फिंगर अपडेट की बात कहकर निकला था तबसे घर वापस नहीं लौटा है।थानाप्रभारी बिठूर इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने बताया गुमशुदगी दर्ज करने के बाद छात्र की तलाश की जा रही थी। मामले में सोमवार रात करीब 11बजे सूचना मिली कि एक लड़का जिसके हाथ पैर बंधे है लोहराखेड़ा गांव के पास सड़क किनारे पड़ा मिला है। शुरू में तो छात्र ने बताया कि बदमाश उसका अपहरण करके लिए जा रहे थे। तो वह किसी तरह बच गया लेकिन बाद में बताया कि वह स्काउट छात्र भी है उसने खुद हाथ पैर बांधकर अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी है। छात्र ने बताया उसके पिता उसे निकम्मा कहते थे और कहते थे तुम कुछ कमाते धमाते नही इस पर वह क्षुब्ध होकर घर से चला गया था।

## अपनी मांगों को लेकर उग्र हुई आशा बहुएं, किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अपनी पांच सूत्रीय लंबित मांगों के लिए आशा बहुओं ने औरास स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। चिकित्सा प्रभारी ने किसी तरह उन्हें समझा बुझा कर शांत कराया।

आशा कार्यकर्ताओं व संगिनियों ने प्रदेश सरकार को अपनी पांच सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा था। मांगें न मानने पर उन्होंने सरकार को 20 फरवरी से अनिश्चित कालीन प्रदेशव्यापी कलमबंद हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। इसीक्रम में मंगलवार तक उनकी मांगें न माने जाने पर प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर औरास सीएचसी में तैनात आशा व संगिनी ने एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। हो हल्ला के बीच सीएचसी अधीक्षक अनूप तिवारी ने उन्हें शांत कराना चाहा तो वह उन पर ज्ञापन लेने का दबाव बनाने लगीं। लेकिन उन्होंने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। आशाओं का कहना कि हड़ताल के दौरान उन्हें अधिकारियों द्वारा काम करने के लिए प्रताड़ित न किया जाय। इस मौके पर पुष्पा देवी, ऊषा देवी, रीमा देवी, सरोजनी, मोना सिंह आदि आशा व संगिनी मौजूद रहीं।

## नाले के किनारे मिला गुमशुदा अधेड़ का शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन मंगलवार को लगभग 13:20 बजे नौबस्ता बंबा मे एक साइकिल पड़ी हुई थी। जिसे देखकर आसपास के लोगों ने इधर उधर देखा तो केसा के पास एक अज्ञात शव भी पड़ा मिला था। जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची हनुमंत बिहार पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जानकारी करी तो मृतक की पहचान न्यू श्याम नगर मे रहने वाले राकेश सविता के रूप मे हुई थी। राकेश सविता की उम्र लगभग 52 साल थी। वहीं हनुमंत बिहार पुलिस का कहना है कि मृतक राकेश सविता लापता हो गए थे जिसकी तहरीर पुलिस ने मृतक राकेश के परिजनों से प्राप्त कर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया था।

## बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस से किसानों का विश्वास घटा, केवल 37 फरियादी पहुंचे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं का विश्वास दिन पर दिन घटता जा रहा है उनका कहना है अदालत की तरह से तारीख पर तारीख मिलती रहती है वही हाल अब संपूर्ण समाधान दिवस का भी हो गया है दिवस में मायूसी अधिकारी मोबाइल पर व्यस्त रहे। बिल्हौर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस से फरियादियों की शिकायतें एसडीएम रशिम लांबा ने सुनीं।इसी बीच मौके पर पहुंचे शिकायत लेकर डुडवा जमौली गांव निवासी नीरज कुमार ने गांव के ही अनुज मिश्रा पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जमीन के एवज दो बीघा ज़मीन दिलाने के नाम दस लाख पच्चास हजार रुपए खाते में लिए थे जिसके बाद एक बीघा जमीन दिलाईं और बचा शेष रुपए मांगने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत की जिसके बाद उपजिलाधिकारी रशिम लांबा ने बिल्हौर इंस्पेक्टर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया वही गंजना गांव जयंत प्रताप सिंह पुत्र बालक राम ने ग्राम प्रधान व विकास खंड अधिकारी पर आरोप लगाया है कि मेरे गांव में लगभग तीन महीनों से एक घायल सांड जख्मी पड़ा है जिसकी इलाज व देखभाल मेरे द्वारा की जा रही है

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर आज आ रहे हैं राहुल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कांग्रेस लीडर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कानपुर महानगर के झांडी बाबा पड़ाव मे लगभग प्रातः 8:30 बजे आगमन पर यात्रा का भव्य स्वागत एवं यात्रा के सम्पूर्ण मार्ग को झंडे झंडियो की भव्यता से सजाने के साथ ही यात्रा के मुख्य स्थलों पर कांग्रेस के फ्रन्टल संगठनो, विभागो एवं वार्डो के कांग्रेसजनो के समूहो के साथ ही सहयोगी दलो, श्रमिको, युवाओ, महिलाओं एवं अन्य वर्गो के संगठनो व सामाजिक संगठनो द्वारा यात्रा के स्वागत हेतु स्थल निर्धारण को अंतिम रुप दिया गया। इस अवसर पर यात्रा के आगमन पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय व संजीव दरियाबादी, प्रदेश सचिव संतराम नीलांचल व अनुज मिश्रा शहर, ग्रामीण व देहात अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, अमित पाण्डेय, नरेश कटियार के साथ ही नगर के सभी पूर्व विधायको के अतिरिक्त यात्रा की व्यवस्था से जुड़े प्रमुख कांग्रेसजनो एवं पदाधिकारियों के साथ यात्रा की अगवानी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत करने तथा यात्रा मे दलबल सहित भाग लेकर यात्रा के समापन स्थल घण्टाघर पहुंचेगे। उक्त संदर्भ मे आज यात्रा की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले स्थानीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहुल गांधी की सुरक्षा से जुड़ी टीम ने अग्रिम रुप से महानगर आकर सम्पूर्ण यात्रा मार्ग एवं जनसभा स्थल का गहन निरीक्षण ही नही किया बल्कि यात्रा मार्ग एवं जनसभा स्थल के लिए आपेक्षित व्यवस्थाओं को सुचारित करने के निर्देश के साथ माननीय राहुल गांधी के दिल्ली वापस जाने तक के मार्ग का चकेरी एयरोड्रम तक का निरीक्षण भी किया। न्याय यात्रा को कानपुर महानगर की गौरवमयी परम्परा के अनुसार भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आज कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल मे विशेष गहमा गहमी के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं सभी स्तरीय कांग्रेसजनो की बैठको के साथ सैकड़ो कांग्रेसजनो की भीड़ एकत्रित रही।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन मंगलवार को एन एच 91 हाइवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

चौबेपुर से मंधना की ओर जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने लोहिया कंपनी से काम कर बाइक से घर लौट रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक काफी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद दुर्घटना की आवाज सुन कर वहा लोगो की भीड़ लग गई तभी भीड़ में से किसी युवक ने इसकी जानकारी चौबेपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु उठाया लेकिन तब तक युवक दम तोड चुका था

जिसके पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही मृतक की पहचान पुलिस द्वारा नरेश बाल्मिकी पुत्र दिनेश बाल्मिकी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मालौ के रूप में की गई है।

दुर्घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई सूचना मिलने के बाद परिजनों में मातम का माहोल छाया हुआ है।

पारिवारिक जिन्होंने बताया कि नरेश वाल्मीकि इससे पहले साइकिल से अपनी ड्यूटी पर जाया करता था तीन दिन पहले ही उसने नई मोटर साइकिल खरीदी थी। घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : चंडीगढ़ के मेयर होंगे आम आदमी पार्टी के कुलदीप, जश्न में डूबे कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय बेंच ने आदेश दिया है कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए 8 बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया गया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे। आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया। बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए। इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं। लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है। बेंच ने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पहले तो महापौर चुनाव की प्रक्रिया में गैरकानूनी तरीके से तब्दीली की। इसके बाद उन्होंने 19 फरवरी को इस अदालत के समक्ष झूठ कहा। इससे पहले अदालत ने 30 जनवरी को हुए मतदान के बैलेट पेपर की जांच की। इसके बाद स्ष्ट ने कहा कि आप उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ वोटों पर अतिरिक्त निशान थे। कोर्ट ने कहा कि निशान लगे बैलेट पेपर गिने जाएंगे जिसके बाद विजेता का नाम घोषित होगा। वहीं कोर्ट की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया है। चंडीगढ़ के मेयर बने कुलदीप कुमार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह चंडीगढ़ के लोगों और भारत गठबंधन की जीत है। इससे पता चलता है कि भाजपा अपराजेय नहीं है और अगर हम एकजुट रहें तो हम उन्हें हरा सकते हैं।

### सत्य की जीत हुई-मान

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने खुशी जताई। मान ने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई...चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं... पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया... लोकतंत्र की इस महान जीत पर चंडीगढ़वासियों को बहुत-बहुत बधाई। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे। आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया। बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए। इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं। लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है। मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी ने नियम के विरुद्ध काम किया। पीठासीन अधिकारी को निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन उन्होंने जान-बूझकर मतपत्र खराब किए।

### मेयर चुनाव में अब तक क्या-क्या हुआ

- **10 जनवरी:** यूटी प्रशासन ने 18 जनवरी को मेयर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की
- **15 जनवरी:** आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा को हराने के लिए गठबंधन की घोषणा की
- **16 जनवरी:** आप और कांग्रेस के नामांकन पत्र वापस लेने पहुंचने के बाद नगर निगम कार्यालय में हाथापाई हुई। आधी रात को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ कांग्रेस प्रमुख एचएस लक्की की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें एक पार्षद को अवैध रूप से हिरासत में लेने का आरोप लगाया गया। हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी
- **17 जनवरी:** हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी क्योंकि यूटी ने दावा किया कि पार्षद अवैध हिरासत में नहीं है और सुरक्षा उनकी मांग पर प्रदान की गई थी। हालांकि अदालत ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश दिए।
- **18 जनवरी:** मेयर चुनाव के लिए पहुंचने पर आप और कांग्रेस पार्षदों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। पीठासीन अधिकारी के खराब स्वास्थ्य के कारण डीसी ने 6 फरवरी तक मतदान स्थगित किया। आप ने 24 घंटे के भीतर चुनाव की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया।
- **23 जनवरी:** हाईकोर्ट ने यूटी से 24 घंटे के भीतर अदालत में संभावित चुनाव की तारीख पेश करने को कहा, नहीं तो याचिका पर योग्यता के आधार पर फैसला करने की बात कही।
- **24 जनवरी:** हाईकोर्ट ने यूटी प्रशासन को फटकार लगाते हुए 30 जनवरी को सुबह 10 बजे मेयर चुनाव कराने का आदेश दिया।
- **30 जनवरी:** मेयर चुनाव में भाजपा ने गठबंधन को हराया। मनोज सोनकर मेयर बने। आप ने पीठासीन अधिकारी पर आठ वोट को अमान्य करार किए जाने के आरोप लगाए और हाईकोर्ट का रुख किया।
- **31 जनवरी:** चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया। फिलहाल तुरंत राहत नहीं मिली है। अदालत ने चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया है और तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।
- **5 फरवरी:** आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। एससी ने पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की आलोचना की और कहा कि यह स्पष्ट है कि उसने बैलेट पेपरों को विकृत किया। यह लोकतंत्र का मजाक है। हत्या है। इस आदमी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। 19 फरवरी को सुनवाई तय की गई।
- **18 फरवरी:** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले मनोज सोनकर ने मेयर पद इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में चले गए।
- **19 फरवरी:** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल मसीह को फटकार लगाई। बैलेट पेपर मंगवाए और 20 फरवरी को फिर सुनवाई तय की।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले अरविंद केजरीवाल

## लोकतंत्र बचाने के लिए शुक्रिया सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आम आदमी पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ वोटों पर अतिरिक्त निशान थे। कोर्ट ने निशान लगे बैलेट पेपर गिनवाए, जिसके बाद आम के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित किया। वहीं कोर्ट की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया है। आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा, इस कठिन समय पर लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आपका शुक्रिया।

### सुप्रीम ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

आज सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक फैसला आया। भाजपा के 16 वोट थे और इंडिया गठबंधन के 20 वोट थे लेकिन पीठासीन अधिकारी ने अमान्य तरीके से हमारे आठ वोट निरस्त कर दिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज लोकतंत्र को बचाए जाने वाला फैसला है। इन लोगों ने तो हमारे वोट चोरी करते किए लेकिन हमने सुप्रीम कोर्ट जाकर हमने इनके मुंह से जीत छीन ली।

### सब एक हो जाएं तो भाजपा को हराया जा सकता है

भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि जब ये इतने छोटे चंडीगढ़ मेयर चुनाव में गड़बड़ी कर सकती है तो सोचिये ये लोकसभा चुनाव में कितनी बड़ी गड़बड़ी करेंगे। ये हमेशा करते हैं कि हमें 370 लोकसभा सीट आ रही हैं, इन्हें ये विश्वास कहां से आ रहा है। यह वोट चोरी करते हैं। गड़बड़ी करके ये चुनाव जीतते हैं। जो लोग कहते हैं बीजेपी को हराया नहीं जा सकता है तो ये चंडीगढ़ मेयर चुनाव इस बात का सबूत है कि हम एक हो जाएं तो इन्हें हरा सकते हैं।

### अनिल मसीह को अवमानना नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर रहे अनिल मसीह को अवमानना का नोटिस जारी किया है। मसीह ने कोर्ट में गलतबयानी की उनका आचरण दो वजह से गलत है। पहला कि उन्होंने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित किया। दूसरा कोर्ट में झूठ बोला।

### आप ने एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते

कोर्ट ने सारे रिकॉर्ड को वापस हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के पास भेजने का फैसला सुनाया। साथ ही निर्देश दिए कि इसे सुरक्षित रखा जाए। फैसले के बाद आम आदमी पार्टी ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, 'सत्यमेव जयते'।



## सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गईं। इसके अलावा, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है। मंगलवार को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। राजस्थान विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए। राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था। जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं। राज्य में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। नतीजों के बाद राज्यसभा में राजस्थान से कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य होंगे।

### गुजरात: जेपी नड्डा को भी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया



वहीं, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है। राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता ने नड्डा सहित चारों भाजपा उम्मीदवारों को संसद के ऊपरी संदन के लिए निर्विरोध विजयी घोषित किया। नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं।

### ओडिशा: अश्विनी निर्विरोध चुने गए, प्रमाणपत्र हासिल किया

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी ओडिशा से निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। उन्हें जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। वैष्णव भुवनेश्वर के राम मंदिर में प्रार्थना करने भी पहुंचे।

### महाराष्ट्र: अशोक सहित सभी छह उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित



उधर, महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए अशोक चव्हाण सहित छह उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया है। इन छह उम्मीदवारों में भाजपा ने चव्हाण सहित तीन नेताओं को मैदान में उतारा था। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक-एक उम्मीदवार उतारा था। भाजपा के उम्मीदवारों में अशोक चव्हाण, पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता अजीत गोपछड़े शामिल हैं।

## मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के गढ़ में रैली करेंगे राहुल गांधी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मध्यप्रदेश में कमलनाथ का मामला थमने के बाद कांग्रेस अब नई रणनीति बनाने में जुट गई है। राजधानी भोपाल में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बाबा महाकाल की शरण में जाएगी। मध्यप्रदेश में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। राहुल गांधी उज्जैन में एक सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। उज्जैन से ही मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव आते हैं। यादव उज्जैन दक्षिण सीट से भाजपा के विधायक हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर हुई कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक के बाद जीतू पटवारी ने बताया कि पूर्व पीसीसी चीफ कमलनाथ समेत कांग्रेस के सभी बड़े नेता बैठक में शामिल हुए। कुछ विधायक भोपाल नहीं आ पाए तो वह वर्चुअली जुड़े। राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान किसानों से संवाद करेंगे। इसी बीच कमलनाथ को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, कमलनाथ ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में रहने का वक्तव्य दिया है। इसलिए अब भाजपा और मीडिया के पास कोई मसाला नहीं बचा है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बड़ी रणनीति बनी है। कांग्रेस के एमपी प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा, राहुल गांधी की मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पूरी रूपरेखा तैयार हो गई है। मध्यप्रदेश में किसान, युवा, बेरोजगार, आदिवासियों की आवाज उठाएंगे। इन सभी के साथ राहुल गांधी संवाद करेंगे। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी आगामी चार मार्च को गुना पहुंचेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में काफी उत्साह है। न्याय यात्रा में बहुत बड़ी तादाद में लोग शामिल होंगे। न्याय यात्रा के लिए सभी एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। एमपी के गुना में राहुल गांधी का रोड शो भी आयोजित किया जाएगा।

## अमेरिकी उप-विदेश मंत्री ने की भारतीय नौसेना की सराहना, बोले, समुद्री सुरक्षा को किया मजबूत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत दौरे पर पहुंचे अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास के मुद्दे पर भारत के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर जांच के लिए भारत द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय समिति के नतीजों का इंतजार है। रिचर्ड वर्मा ने कहा कि हमने भारत सरकार के साथ अपनी चिंताओं को जाहिर किया है। मामले की जांच को लेकर हम सरकार के साथ जुड़े हुए हैं।

### भारतीय नौसेना की अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने की तारीफ

भारत में पूर्व अमेरिकी राजदूत ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित एक इंटरैक्टिव सत्र में एक सवाल का जवाब देते हुए अमेरिकी उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कहा कि लाल सागर में कई व्यवसायिक जहाजों पर हुतियों द्वारा किए गए हमलों का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। यहां तक कि कई जहाजों को अपहरणकर्ताओं से छुड़वाया, जिसके लिए हम भारतीय नौसेना की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन खतरों का हम सामना कर रहे हैं वे वास्तविक हैं, लेकिन हमारी सामूहिक क्षमताओं का निर्माण, सूचनाओं के आदान-प्रदान में वृद्धि यह सुनिश्चित करेगा कि भारत पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे सुरक्षा प्रदाता बना रहेगा।

### अमेरिका-भारत के संबंध नई गति से आगे बढ़ रहे: रिचर्ड

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना द्वारा समुद्री सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की हम सराहना करते हैं। मैं अपने सभी अमेरिकी सैन्य भागीदारों या अन्य गठबंधन भागीदारों का आभारी हूं। रिचर्ड वर्मा ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध उस गति और पैमाने पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसके बारे में कभी हमनें कल्पना ही नहीं की थी। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि क्वाड का उद्देश्य चीन को रोकना नहीं है बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षितत बनाना है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका आने वाले दशकों तक एक प्रशांत शक्ति बना रहेगा। लोकतंत्र की रक्षा, संरक्षण और मजबूती पर हमारा काम जारी रहेगा।

## भारत में बने डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर के साथ तेजस की सफल उड़ान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प अब रक्षा क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। रक्षा मंत्रालय भी सेना की जरूरतों में शामिल हथियारों, तकनीकों उपकरणों को लेकर आत्मनिर्भर हो रहा है। इस बीच, एक ओर उपलब्धि रक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई है। स्वदेशी रूप से विकसित डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर के साथ तेजस लड़ाकू विमान ने सफल उड़ान भरी है, जिसकी जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा तकनीक के क्षेत्र में यह अहम कदम हैं। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए स्वदेशी रुप से डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) को विकसित किया गया, जिसे तेजस लड़ाकू विमान के साथ इस्तेमाल किया गया। परीक्षण के दौरान यह सफल रहा। गौरतलब है कि डीएफसीसी को तेजस-एमके1ए के लिए एडीई, बंगलूरू द्वारा विकसित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी जरूरी पैरामीटर, संतोषजनक पाए गए।

### तेजस लड़ाकू विमान की खूबियां

स्वदेश निर्मित तेजस एक एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है, जो आसमान में ज्यादा खतरे की स्थिति में काम करने में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के लिए डिजाइन किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास के तहत डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी7 में एकीकृत किया गया और 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ाया गया।

### सफल उड़ान की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की सराहना

विमान के उन्नत संस्करण तेजस एमके1ए में एक उन्नत मिशन कंप्यूटर, डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए), स्मार्ट मल्टी-फंक्शन डिस्प्ले (एसएमएफडी), उन्नत इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन किए गए ऐरे (एईएसए) रडार, आत्म-सुरक्षा जैमर शामिल हैं।

## पुणे में 1100 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त, तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे




महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने तीन लोगों को 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग (एमडी) के साथ गिरफ्तार किया। बाजार में इसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपये के करीब है। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने दो और गोदामों का पता लगाया, जहां 55 किलोग्राम एमडी और मिली। पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा, तीनों से पूछताछ के बाद और उनसे मिले इनपुट के आधार पर कुरकुंभ महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में एक और ऑपरेशन चलाया गया, जहां एक फैक्ट्री से लगभग 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि अब तक, पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 1,100 करोड़ रुपये है। पुलिस ने कहा कि पुणे जिले में अब तक की सबसे बड़ी नशीली दवाओं की जब्ती है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मेफेड्रोन, जिसे म्याऊ म्याऊ के नाम से भी जाना जाता है, एक सिंथेटिक उत्तेजक ड्रग है, जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है।

### सीसीपीए ने जारी किए हरित दावों रोकथाम और विनियमन पर मसौदा दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने लोगों की रायशुमारी और हितधारकों के सुझाव और आपत्तियों के लिए हरित दावों रोकथाम और विनियमन पर मसौदा दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि कंपनियां, संस्थाएं पर्यावरण से संबंधित सभी दावों को बिना पुख्ता प्रमाणों के प्रयोग में नहीं ला सकेंगी। इसके लिए उनको सभी दावों का विस्तार से खुलासा क्यू आर कोड या वेब लिंक के माध्यम से ऐसा करना होगा। इसके लिए हितधारक 21 मार्च तक अपने सुझाव और आपत्तियां दे सकते हैं। कंपनियों के दावे प्रमाण सहित आसानी से उपभोक्ताओं को लिए उपलब्ध भी होने चाहिए। इसके तहत पर्यावरण के अनुकूल, हरित या स्वच्छ जैसे सामान्य दावे पर्याप्त पुष्टि के बिना नहीं किया जाएगा। इसमें आपसी तुलना भी पुख्ता और तथ्यपरक होनी चाहिए। इन मसौदा दिशा निर्देशों में कहा गया है कि सामान्य शब्द जैसे स्वच्छ हरा, पर्यावरण अनुकूल, पर्यावरण चेतना, क्रूरता मुक्त, कार्बन तटस्थ का प्रयोग, पर्याप्त स्पष्टीकरण और योग्यता के अनुकूल होने पर भी किया जा सकेगा। इसके लिए तर्क सहित इनका विवरण देना अनिवार्य है।

### आंध्र प्रदेश में देवी मंदिर में चढ़ाया गया 1.5 किलो सोने का मुकुट, सीतारमण ने की पूजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंध्र प्रदेश में पश्चिम गोदावरी जिले के पेणुगोंडा में एक स्थानीय मंदिर के अभिषेक समारोह में हिस्सा लिया। मंदिर में देवी को 1500 ग्राम सोने का मुकुट पहनाया गया। एक बयान के अनुसार केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण आंध्रप्रदेश के वित्त मंत्री बी राजेंद्रनाथ रेड्डी के साथ वसावी कन्याका परमेश्वरी मंदिर पहुंचीं। वह देवी को मुकुट पहनाने से जुड़े विधि-विधान में शामिल हुईं।

### खराब मौसम में विमान में लगे झटके, सांसत में अटकी जान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। नई दिल्ली से श्रीनगर के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या (6ई6125) सोमवार को खराब मौसम की चपेट में आ गई। इस दौरान विमान को दो तेज झटके लगे। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। विमान में मौजूद चालक दल के सदस्यों ने परिस्थितियों पर काबू पाकर श्रीनगर में विमान की सफल लैंडिंग कराई। हालांकि, कुछ देर के लिए यात्रियों की जान सांसत में अटकी रही। विमान शाम 5.25 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था। बीच रास्ते में खराब मौसम की वजह से यह झटके खाने लगा। विमान में सवार एक व्यक्ति ने इस स्थिति का वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें सभी यात्री परेशान दिख रहे हैं। कई यात्री डर के कारण मंत्रोच्चार करते दिखे। स्थितियों पर काबू पाने के लिए बच्चों और कई अन्य यात्रियों को पानी पिलाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)